* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

24 अगस्त, 2022
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 07, अंक 304


ब्रह्मांड में बन रहा ग्रहों का चक्रव्यूह:अद्भुत संयोग, 8 ग्रह एक लाइन में आये; एस्ट्रोलॉजर बोले- दुनिया में बड़ा बदलाव होगा

### ब्रिटिश हाइ कमीशन और झारखंड सरकार के बीच हुआ एमओयू

# गरीब प्रतिभाशाली बच्चों की उच्च शिक्षा के प्रति सरकार प्रतिबद्ध: हेमंत सोरेन

- शेवनिंग मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्कालरशिप से विदेश में पढ़ेंगे झारखंड के युवा, खर्च उठायेगी झारखंड सरकार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक समुदाय के पांच प्रतिभाशाली छात्रों को प्रति वर्ष शेवनिंग मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी। इसे लेकर मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन सभागार में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति में राज्य सरकार तथा ब्रिटिश हाई कमीशन के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ। राज्य सरकार की ओर से कल्याण सचिव केके सोन तथा ब्रिटिश हाई कमीशन की ओर से ब्रिटिश हाई कमिश्नर एलेक्स एलिस ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया। यह एमओयू तीन वर्ष के लिए किया गया है।

### ब्रिटेन में एक वर्षीय मास्टर डिग्री करना आसान

शेवनिंग स्कालरशिप विदेश राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ब्रिटिश उच्चायोग द्वारा प्रत्येक वर्ष दी जाती है, लेकिन पहली बार देश की किसी राज्य सरकार के साथ साझा स्कालरशिप की योजना शुरू की जा रही है। इसके तहत पांच छात्र/छात्राओं को ब्रिटेन में एक वर्षीय मास्टर डिग्री के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी। शेविनंग मरांग गोमके छात्रवृत्ति शैक्षणिक वर्ष 2023-24 से शुरू होगी, जिसके लिए इसी माह से आनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। इसके लिए शेवनिंग स्कालरशिप पोर्टल 1 नवंबर तक खुला रहेगा। बता दें कि इससे पहले राज्य सरकार द्वारा मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना शुरू की गयी थी। इसमें चयनित छात्रों से ही पांच छात्रों का चयन शेवनिंग मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्कालरशिप के लिए किया जायेगा।

### अब ट्यूशन फीस झारखंड सरकार वहन करेगी

ब्रिटिश हाई कमीशन के साथ हुए एमओयू के तहत प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष के लिए शेवनिंग मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा छात्रवृत्ति योजना हेतु अधिकतम पांच छात्र/छात्राओं का चयन किया जायेगा। उनकी संपूर्ण ट्यूशन फीस झारखंड सरकार वहन करेगी। वहीं शेष लागतों का वहन एफसीडीओ द्वारा किया जायेगा। एमओयू के तहत सभी भुगतान भारत सरकार द्वारा अनुमोदित दिशा निर्देश के आलोक में होगा। एमओयू के अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार गरीब प्रतिभाशाली बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार आगे भी ब्रिटिश हाई कमीशन के साथ साझा काम करेगी। इस ऐतिहासिक निर्णय से यहां के पांच छात्र छात्राओं को ब्रिटेन के प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी में पढ़ने का मौका मिलेगा। वे उच्च शिक्षा की अपनी ख्वाहिश वहां पूरी कर सकेंगे।

# आपत्तिजनक बयान पर भाजपा विधायक टी राजा गिरफ्तार

### भाजपा ने किया सस्पेंड, 10 दिन में मांगा जवाब

- कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी को निशाना बनाते हुए टिप्पणियां कीं



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हैदराबाद।** हैदराबाद में आपत्तिजनक टिप्पणी करनेवाले भाजपा विधायक टी राजा सिंह को मंगलवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उधर, विवादित बयान मामले में भाजपा ने कड़ी कार्रवाई की है। पार्टी ने तेलंगाना से विधायक टी राजा सिंह को निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही उनको कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है। भाजपा ने विधायक से पूछा है कि क्यों न उन्हें पार्टी से बर्खास्त कर दिया जाये? उनसे 10 दिन में जवाब देने को कहा गया है। इसके अलावा भाजपा विधायक के खिलाफ जांच भी बिठायी गयी है।

### सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था वीडियो

भाजपा विधायक टी राजा सिंह ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड किया था। इस वीडियो में उन्होंने पैगंबर मोहम्मद को लेकर कथित तौर पर टिप्पणी की थी। इसके बाद सोमवार देर रात हैदराबाद में सैंकड़ों की संख्या में लोग सड़क पर उतर आये और भाजपा विधायक को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। विरोध बढ़ता देख पुलिस ने मंगलवार की सुबह धार्मिक भावनाएं भड़काने के आरोप में भाजपा विधायक को गिरफ्तार कर लिया। पूरा विवाद छह मिनट तैंतीस सेकंड के वीडियो से जुड़ा है। उन्होंने विवादों में रहनेवाले कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी को निशाना बनाते हुए टिप्पणियां कीं। आरोप है कि इस वीडियो में उन्होंने अपमानजनक टिप्पणियां भी कीं।

### शिवसेना किसकी? अब पांच जजों की संविधान पीठ करेगी फैसला

**नयी दिल्ली।** शिवसेना पर अधिकार को लेकर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को एक बार फिर से सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान एकनाथ शिंदे गुट और उद्धव ठाकरे खेमा की तरफ से दलीलें दी गयीं। दलील सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को आदेश दिया कि वह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खेमे द्वारा 'असली शिवसेना' पार्टी के रूप में मान्यता देने और उसे 'धनुष और तीर' का चुनाव चिह्न आवंटित करने के लिए दायर आवेदन पर गुरुवार तक कोई कार्रवाई न करे। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को पांच जजों की संविधान पीठ को सौंप दिया। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अब संविधान पीठ तय करेगी कि क्या स्पीकर के खिलाफ प्रस्ताव लंबित हो तो वह अयोग्यता पर सुनवाई कर सकते हैं। पार्टियों के आंतरिक लोकतंत्र और उसमें चुनाव आयोग की भूमिका पर भी संविधान पीठ को विचार करे। न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने कहा कि मामले को 25 अगस्त को संविधान पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करें।

### वकील राजीव कुमार से इडी की पूछताछ

# व्यवसायी अमित अग्रवाल को समन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कोलकाता में 50 लाख रुपये के साथ गिरफ्तार अधिवक्ता राजीव कुमार फिलहाल इडी की रिमांड पर हैं। इडी रांची की टीम उन्हें रविवार को लेकर रांची पहुंची थी। उसी दिन सदर अस्पताल में उनके स्वास्थ्य की जांच करायी गयी थी। रांची आने पर राजीव कुमार ने इडी से आग्रह किया था कि लगातार उन्हें मानसिक यातना दी गयी है, इसलिए वह थके हुए हैं। उन्हें थोड़ा आराम की जरूरत है। इडी ने उन्हें दो घंटे विश्राम दिया था। उसके बाद से उनसे पूछताछ हो रही है। राजीव कुमार से इडी ने उनके रांची से कोलकाता जाने, वहां होटल में रूकने, मॉल से गिरफ्तार होने और फिर पैसे बरामद होने के बादे में पूरी जानकारी ली है। इडी ने उनसे अमित अग्रवाल के बारे में भी पूछताछ की है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, इस मामले को लेकर इडी ने व्यवसायी अमित अग्रवाल को समन भेजा है। इडी उनकी ओर से राजीव कुमार के खिलाफ लगाये गये आरोपों के बारे में तस्दीक करना चाहती है। इस बारे में इडी को उनसे उनकी तमाम कंपनियों, उनके कारोबार, सालाना आमदनी और अन्य जानकारी एकत्र करना है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इडी ने राजीव कुमार से यह भी जाना है कि उन्हें कोलकाता जाने के लिए किसने हवाई टिकट दिया था। उनके वहां पहुंचने के बाद क्या-क्या हुआ।



# चुनावी वादे रोकने पर सुप्रीम कोर्ट में आज फिर सुनवाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** पार्टियों के मुफ्त वादों के खिलाफ लगी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को करीब 45 मिनट तक सुनवाई हुई। इसमें पार्टियों के मुफ्त वादों पर रोक लगाने की मांग की गयी है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान संकेत दिया कि वह इस केस को बड़ी बेंच में भेज सकता है। अगली सुनवाई बुधवार यानी 24 अगस्त को होगी। सुनवाई के दौरान वकील विकास सिंह ने कहा कि मुफ्त वादों के चलते देश दिवालिया होने की स्थिति में है। इस पर चीफ जस्टिस रमना ने कहा कि मान लीजिए कोई वादा कर दे कि चुनाव जीतने पर लोगों को सिंगापुर भेज दूंगा, तो चुनाव आयोग इसको कैसे रोक सकता है। सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार की सुनवाई के दौरान कपिल सिब्बल न्याय मित्र के तौर पर, जबकि अभिषेक मनु सिंघवी आम आदमी पार्टी और विकास सिंह याचिकाकर्ता के वकील के तौर पर पेश हुए। केस की सुनवाई कर रही चीफ जस्टिस एनवी रमना की बेंच में जस्टिस कृष्ण मुरारी और जस्टिस हिमा कोहली शामिल थीं।

### हद है : टीएमसी नेता को जमानत देने के लिए बना रहे दबाव

# सीबीआइ कोर्ट के जज को धमकी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

- परिवार को ड्रग्स केस में फंसाने की रची साजिश

**कोलकाता।** आसनसोल में सीबीआइ कोर्ट के स्पेशल जज ने स्तब्ध कर देनेवाला दावा किया है। उन्होंने कहा है कि पशु तस्करी मामले में आरोपी टीएमसी नेता अनुब्रत मंडल की जमानत को लेकर उन्हें धमकाया जा रहा है। मंडल इस समय सीबीआइ की हिरासत में हैं। जज ने कहा कि उन्हें धमकी दी गयी है कि अगर अनुब्रत पटेल बाहर नहीं आ पाये तो उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ झूठे केस चलाये जायेंगे।

जज राजेश चक्रवर्ती ने कहा है कि पत्र के जरिए बप्पा चटर्जी नाम के शख्स ने उन्हें धमकी दी है। चटर्जी ने कहा है कि अगर मंडल को जमानत नहीं मिली तो जज के परिवार पर नारकोटिक्स ड्रग्स ऐंड साइकोट्रॉपिक सब्सटैंसेज ऐक्ट के तहत केस दर्ज करवाया जायेगा।

जज ने पश्चिम बर्धमान के जिला जज से इस मामले की शिकायत की है। अपनी शिकायत के साथ उस पत्र को भी संलग्न किया है। उन्होंने निवेदन किया है कि इस मुद्दे को कलकत्ता हाइकोर्ट ले जाया जाये। पत्र में धमकी देनेवाले ने दावा किया है कि वह पूर्व बर्धमान के मजिस्ट्रेट कोर्ट में हेड क्लर्क है। वह टीएमसी नेता भी रह चुका है। उसने पत्र में कहा है, आपसे निवेदन किया जा रहा है कि टीएमसी नेता अनुब्रत मंडल को तत्काल जमानत दे दी जाये। बता दें कि सीबीआइ कोर्ट ने अनुब्रत की हिरासत 24 अगस्त तक बढ़ायी है। 11 अगस्त को अदालत ने उसे सीबीआइ कस्टडी में भेजा था।


SURJABASHA

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
Admission OPEN
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING PARAMEDICAL PHARMACY
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

SAERA MAYURI
INDIA'S No.1
मयूरी है जरूरी!
E-RICKSHAW MANUFACTURER
J D TRADERS
Authorised Dealer of SAERA ELECTRIC AUTO PVT. LTD.
Showroom:- 39, Laxmi Tower, H.B. Road, Kokar, Ranchi
Head Office:- Mahilong, Tatisilwai, Ranchi (Jharkhand)
SALES SERVICES SPARE PARTS INSURANCE
Mob.: 7991137856 9931319700
E-mail : jdtradersok@gmail.com

SARALA BIRLA UNIVERSITY
Study Program Collaboration with Berkeley UNIVERSITY OF CALIFORNIA
WORLD CLASS INFRASTRUCTURE
BEST IN CLASS PLACEMENTS
ADMISSION OPEN 2022-23

| POST GRADUATE COURSES | UNDER GRADUATE COURSES | Ph.D. | DIPLOMA COURSES |
|---|---|---|---|
| M.Tech \| MBA \| MCA \| M.Com M.A. \| M.Sc. in Yogic Science \| Performing Arts | B.Tech \| B.Com (Hons.) \| B.A. (Hons.) BBA \| BBA in Capital Market BCA \| B.Sc (Hons.) Mathematics | Ph.D. Engineering \| Commerce & Management \| Humanities | Diploma in CE I CSE I EEE I ECE I ME Diploma in Yoga & Fitness Trainer *Conditions Apply |

B.Tech
CSE
- Computer Science & Information Technology.
- Block Chain Technology & Information Security.
- Artificial Intelligence & Machine Learning.
- Data Science & Cloud Computing.
- Internet of things & Cyber Security
CE
- Urban Planning & Management
- Construction Technology & Management.
ME
- Automotive Technologies.
- Mechatronics
ECE
- Robotics & Drone
- VLSI in IC Design
EEE
- Renewable Energy
- Power Electronics

MBA
- HR
- Digital Media & Marketing
- Banking, Financial Services & Insurance
- Business Analytics
BBA
- HR
- Banking, Financial Services & Insurance
- Digital Media & Marketing
- Retail & E-commerce Management
- Logistics & Supply Chain Management
B.Com
- Accounts
- E-Commerce
- Taxation

Yoga & Naturopathy
- Diploma in Yoga & Fitness Trainer
- Diploma in Yoga Therapy (4 months - Online)
- B.Sc. & M.Sc. in Yogic Sciences (Student from any stream can apply)
Performing Arts
- Music
- Dance
- Theater
- Fine Arts

Training and Placement Supported by
ADITYA BIRLA GROUP, B.K. BIRLA GROUP OF COMPANIES, HDFC MUTUAL FUND, kotak, TATA AIG, TCS iON, BYJU'S, BSE, TCI, CEASE FIRE, Tally

SARALA BIRLA UNIVERSITY RANCHI
Birla Knowledge City, P.O. Mahilong, Purulia Road, Ranchi, Jharkhand-835103 7707006061 / 6064 / 6065 / 7707004286 / 4287 / 7257003457
admission@sburanchi.ac.in Toll Free No. : 1800 890 6077 www.sbu.ac.in

आजाद सिपाही
187200 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 49,000 रु./10 ग्राम |
| सोना (खरीद) | 46,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 59,000 रु./प्रति किलो |



**राजनीति : अपने ही जाल में फंसते जा रहे हैं झारखंड के तीन विधायक**

# कुछ हजम नहीं हो रहीं इरफान, राजेश और नमन की बातें

करीब तीन सप्ताह तक हावड़ा जेल में बंद रहने के बाद झारखंड के तीन विधायक डॉ इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी जमानत पर बाहर आ गये हैं, लेकिन इनकी गिरफ्तारी के कारणों का अब तक पूरा खुलासा नहीं हो सका है। दूसरी तरफ इन तीन विधायकों ने खुद को फंसाये जाने की जो बात कही है, वह भी लोगों के गले नहीं उतर रही है। इतना ही नहीं, इन तीन विधायकों ने अपने पास से बरामद 49 लाख रुपये नगद के बारे में भी कोई तथ्यपरक सफाई नहीं दी है। हकीकत तो यह है कि ये विधायक इस रकम के बारे में जितनी सफाई दे रहे हैं, उतने ही फंसते जा रहे हैं। अपनी सफाई में कही गयी हर बात पर कई सवाल खड़े हो जा रहे हैं, जिनका जवाब इन विधायकों के पास नहीं है। इन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मिलने की बात भी कही है, लेकिन फिलहाल तो इनके कोलकाता से बाहर निकलने पर ही रोक लगी हुई है। इसलिए यह भी अभी संभव नहीं दिखता। इन तीनों विधायकों के चुनाव क्षेत्र, जामताड़ा, खिजरी और कोलेबिरा के लोग अब भी यही जानने के लिए उत्सुक हैं कि उनके विधायकों के पास इतना पैसा कहां से आया और वे किस काम से कोलकाता गये थे। इन तीनों विधायकों के जेल से बाहर निकलने के दौरान उनके कुछ समर्थक जरूर जेल के बाहर मौजूद थे, लेकिन उनके मन का संदेह अब तक पूरी तरह दूर नहीं हुआ है। यह संदेह यदि कोई दूर कर सकता है, तो वह ये विधायक ही हो सकते हैं। आज वह जमाना नहीं रहा कि कोई किसी पर आरोप लगा कर वैसे ही निकल सकता है। इसलिए इन तीन विधायकों ने अपनी सफाई में जितनी बातें कहीं हैं, उनसे पैदा होनेवाले सवाल भी उतने ही महत्वपूर्ण है। उन सवालों को टटोलती आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह** की खास रिपोर्ट।

**आजाद सिपाही विशेष**


राकेश सिंह

पिछली 30 जुलाई को जब झारखंड के तीन विधायक डॉ इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी हावड़ा ग्रामीण क्षेत्र के पांचला में 49 लाख रुपये नगद के साथ पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये थे, तब सियासत में भारी तूफान उठा था। कहा गया कि ये तीनों झारखंड सरकार को गिराने की साजिश में शामिल थे और उसके एवज में रकम लेकर लौट रहे थे। तमाम आरोपों-प्रत्यारोपों के बाद इन तीनों को जेल भेज दिया गया था। कलकत्ता हाइकोर्ट द्वारा जमानत दिये जाने के बाद तीनों विधायक करीब तीन सप्ताह बाद जेल से बाहर निकल आये हैं, लेकिन उनके कोलकाता से बाहर जाने पर रोक है। इसलिए अभी वहीं हैं। इस बीच झारखंड समेत पूरे देश में इस बात को लेकर एक बार फिर चर्चा होने लगी है कि आखिर इन विधायकों के पास इतनी रकम कहां से आयी और वे क्या करने कोलकाता गये थे। क्या यह रकम सही में झारखंड सरकार को गिराने के लिए दी गयी थी या फिर कोई दूसरा मामला था। इन सवालों का सही जवाब तो ये विधायक ही दे सकते हैं, या निष्पक्ष जांच से ही सामने आ सकता है, लेकिन फिलहाल ये अपनी सफाई में जो कुछ कह रहे हैं, उनसे स्थिति स्पष्ट होने की बजाय और उलझती जा रही है। ये विधायक अपनी सफाई में जो कुछ भी कह रहे हैं, उनसे कई सवाल पैदा हो रहे हैं और ये विधायक खुद अपने जाल में उलझते जा रहे हैं। कोई सामान्य व्यक्ति भी समझ सकता है कि ये विधायक जो कुछ कह रहे हैं, उनमें तनिक भी दम नहीं है। आइए, एक-एक कर जानते हैं कि ये विधायक अपनी सफाई में क्या कहते हैं और उनसे कितने सवाल पैदा होते हैं।

**इनकी हर सफाई पर उठते हैं दर्जनों सवाल**



### सफाई नंबर-1 : साड़ी खरीदने के लिए कोलकाता गये थे

इन विधायकों ने पहले कहा कि वे विश्व आदिवासी दिवस पर अपने इलाके में बड़ा कार्यक्रम करनेवाले थे। उस कार्यक्रम में गरीब महिलाएं को साड़ी देने की योजना थी। उसी साड़ी को खरीदने के लिए पैसे लेकर ये तीनों कोलकाता गये थे। यह दलील उसी समय गलत साबित हो गयी, जब उनसे पूछा गया कि आखिर यह रकम उनके पास आयी कहां से। क्या इतनी बड़ी रकम उन्होंने अपने खाते से निकाली थी या किसी से उधार ली थी या फिर चंदा वगैरह से एकत्र की थी। विधायक होने के बावजूद उन्हें पता नहीं था कि इतनी बड़ी मात्रा में नगदी साथ में रखना गैर-कानूनी है। ये विधायक इन सवालों का कोई जवाब नहीं दे पाये। यही नहीं इस बात का भी कोई माकूल जवाब उनके पास नहीं है कि तीनों के पैसे एक बैग में कैसे आ गये।

विश्व आदिवासी दिवस पर बांटने के लिए साड़ी खरीदने की बात उसी समय गलत साबित हो जाती है, जब यह तथ्य सामने आता है कि इससे पहले तो कभी इन विधायकों ने विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर अपने क्षेत्र में साड़ी नहीं बांटी, तो फिर इस बार क्या खास योजना थी। उस योजना की जानकारी विधायकों के क्षेत्र के लोगों तक को नहीं है। इस अवसर पर उन्होंने किसी कार्यक्रम की घोषणा पहले से नहीं की थी। थोड़ी देर के लिए यह मान भी लिया जाये कि वे साड़ी खरीदने ही गये थे, बगैर साड़ी के झारखंड लौटने के समय उनके पास नगदी कहां से आ गयी। क्या उन्होंने कोलकाता में खरीदारी नहीं की या फिर इतनी नगदी बच गयी। इतना ही नहीं, झारखंड से रवाना होने और अपनी गिरफ्तारी होने के बीच के करीब 36 घंटे ये विधायक कहां रहे और क्या करते रहे, इस बारे में तो वे कोई जवाब ही नहीं देते। कोलकाता के जिस होटल का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, उसमें तो ये लोग महज आठ से दस मिनट ही रहे, तो फिर ये लोग बाकी समय कहां रहे, यह बड़ा सवाल है। जाहिर है 36 घंटे कोई विधायक सड़क पर या गाड़ी में तो रह नहीं सकता। फिर ये कहां थे।

### सफाई नंबर-2: हमें साजिश के तहत फंसाया जा रहा है

इन विधायकों ने जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद कहा है कि उन्हें साजिश के तहत फंसाया जा रहा है। वे यह बात कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को बतायेंगे। इतना ही नहीं, उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के गुमराह होने और उनसे मिल कर सारी बातें साफ करने की बात भी कही है। विधायकों की इस सफाई से अब सवाल यह उठता है कि उन्हें फंसाने की साजिश किसने रची और इसका कारण क्या था। बिना कारण के तो कोई किसी को फंसाता नहीं है। दूसरा सवाल यह है कि इन विधायकों को फंसाने के लिए कोई 49 लाख रुपये दांव पर क्यों लगायेगा। इन विधायकों को बताना चाहिए कि उनके खिलाफ साजिश रचनेवाला कौन है और उसका उद्देश्य क्या है।

कुल मिला कर ये विधायक जो कुछ भी कह रहे हैं, उनसे स्थिति सुलझने की बजाय उलझती ही जा रही है। ये अपनी सफाई में कुछ कहते हैं, तो उससे ये खुद फंसते नजर आ रहे हैं। इनका राजनीतिक कैरियर भले ही आज एक तरह से खत्म होने की कगार पर पहुंचता नजर आ रहा है, लेकिन इनके पास एक मौका है। वह है कि वे साफ-साफ और सच बात दुनिया को बता दें, ताकि लोग जान सकें कि वे 49 लाख रुपये किसके थे। अभी तक तो सफाई में वे जो भी बातें कह रहे हैं, वह हजम नहीं हो रही।

---

**वाको नेशनल किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप**

# झारखंड के खिलाड़ियों को मिले तीन पदक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** चेन्नई में आयोजित वाको इंडिया नेशनल सीनियर्स और मास्टर्स किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाडियों ने भी जलवा बिखेरा है। इसमें राज्य के आठ खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इसमें तीन ने पदक हासिल किया।




रामगढ़ के प्रवीण कुमार ने अंडर 86 किग्रा इवेंट में गोल्ड मेडल हासिल किया। अपूर्व मुखर्जी ने पॉइंट फाइट में अंडर 57 किग्रा भार वर्ग में कांस्य, जबकि धनबाद के रणजीत रॉय ने अंडर 63.5 किग्रा भार वर्ग में कांस्य हासिल किया। इन तीनों के अलावा आरती कुमारी पांचवां प्लेस (पॉइंट फाइट), किक लाइट में चंद्र प्रकाश उपाध्याय छठा प्लेस, म्यूजिकल फॉर्म्स इवेंट में काजल कुमारी नवम प्लेस (पॉइंट फाइट) और किक लाइट इवेंट में सत्यम कुमार नवां प्लेस, सोनू कुमार साहू नवां प्लेस (किक लाइट और सत्रहवां प्लेस पॉइंट फाइट इवेंट में) हासिल किया।

टीम कोच के रूप में एमडी इबरार कुरैशी झारखंड के संग थे। झारखंड अमेच्योर स्पोर्ट्स किक बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष बीसी ठाकुर ने खिलाड़ियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। यह भी कहा कि संघ काफी सुचारू रूप से खिलाड़ियों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए काम कर रहा है। झारखंड किक बॉक्सिंग संघ के महासचिव बिपुल मिश्र ने बताया कि इस बार सीनियर नेशनल में जीतनेवाले खिलाड़ियों को रियाध में होनेवाले वर्ल्ड कॉम्बैट गेम्स और एशियन इंडोर गेम्स, थाईलैंड में खेलने का मौका बनेगा। इन टूनार्मेंट के लिए खिलाड़ियों का चयन इस नेशनल में किया गया है। चुने हुए खिलाड़ियों का खर्च वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन द्वारा उठाया जायेगा।

# एकतरफा प्यार में युवती को जिंदा जलाया, हालत गंभीर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**दुमका।** झारखंड के दुमका जिले में एकतरफा प्यार में सनकी आशिक ने 12 वीं में पढ़नेवाली एक छात्रा पर पेट्रोल डाल कर आग लगा दी। पीड़िता अंकिता कुमारी नगर थाना क्षेत्र के जरुआडीह मुहल्ले की रहनेवाली है। घटना के बाद अंकिता को गंभीर हालत में फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही कार्यपालक दंडाधिकारी चंद्रजीत सिंह और एसडीपीओ नूर मुस्तफा हॉस्पिटल पहुंचे और उससे जानकारी ली।

### घर में सोई हुई थी छात्रा

शाहरुख हुसैन ने अंकिता के ऊपर उस वक्त पेट्रोल डालकर आग लगा दी, जब वह अपने घर में सोई हुई थी। मंगलवार की सुबह शाहरुख उसके घर पहुंचा और खिड़की से पहले उस पर पेट्रोल डाला और माचिस जला कर उसे आग के हवाले कर दिया। आरोपी को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की जा रही है।


**दुमका में घर में सो रही थी लड़की, खिड़की से पेट्रोल डाल लगा दी आग, आरोपी गिरफ्तार**

### कुछ दिनों से कर रहा था तंग

वहीं पीड़िता के घरवालों का कहना है कि पिछले कुछ दिन से पड़ोस का ही शाहरुख लगातार अंकिता को परेशान कर रहा था। उसने कहीं से उसका मोबाइल नंबर जुगाड़ कर लिया था और लगातार फोन कर दोस्ती करने की बात कह रहा था। अंकिता ने जब उसे झिड़की लगायी, तो शाहरुख ने कहा कि अगर वह उसका कहना नहीं मानेगी तो वह उसे जान से मार डालेगा। मंगलवार की सुबह शाहरुख ने घटना को अंजाम दिया। इस मामले में जांच करने पहुंचे दुमका एसडीपीओ नूर मुस्तफा ने बताया कि मामला एकतरफा प्यार का है और शाहरुख ने अंकिता को जलाकर मारने का प्रयास किया गया है। इस मामले में जरूरी कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**झारखंड के वायरल ब्वॉय सरफराज की सोनू सूद ने ली सुधि, बोले-**

# बस्ता बांधो, अगली रिपोर्टिंग नये स्कूल से करना





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के गोड्डा जिले के महगामा के भिखियाचक उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में बदइंतजामी का वीडियो वायरल होने के बाद स्कूल के शिक्षकों पर शिक्षा विभाग ने कार्रवाई की थी। अब बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद ने भी वायरल ब्वॉय सरफराज की सुधि ली है। उन्होंने ट्वीट कर कहा है कि सरफराज अगली रिपोर्टिंग नये स्कूल से करना। बस्ता बांध लो। स्कूल और हॉस्टल तेरा इंतजार कर ।आपको बता दें कि पिछले दिनों सरफराज ने रिपोर्टिंग के अंदाज में स्कूल में अव्यवस्था की पोल खोल दी थी। वीडियो वायरल होने के बाद शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने गंभीरता से लिया था और कार्रवाई की थी।

### वायरल वीडियो पर हुआ था एक्शन

वायरल ब्वॉय सरफराज का वीडियो वायरल होने के बाद स्कूल के दो सहायक अध्यापक मो तमीजुद्दीन औरमो रफीक को बर्खास्त कर दिया गया है। इसके साथ ही बीइओ हरि प्रसाद ठाकुर ने विद्यालय प्रबंधन समिति को भंग करने का निर्देश दिया था। आपको बता दें कि स्कूल में बदइंतजामी का खुलासा गांव के ही सरफराज ने रिपोर्टिंग करते हुए किया था। अब बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद ने भी वायरल ब्वॉय सरफराज की सुधि ली है।

### शिक्षा मंत्री ने सरफराज की फोन कर की थी हौसलाआफजाई

वीडियो वायरल होने के बाद सूबे के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने सरफराज को फोन कर उसकी हौसलाअफजाई की थी। सरफराज को फोन कर विद्यालय का हाल जाना था। इसके साथ ही शिक्षा मंत्री ने सहायक अध्यापकों पर हुई कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दोनों शिक्षकों को हटा दिया गया है। उन्होंने उसे मन लगा कर पढ़ाई करने की नसीहत दी। शिक्षा मंत्री के एक्शन के बाद विद्यालय के कमरे में रखे पुआल के ढेर को हटाया गया और शौचालय की सफाई करायी गयी थी।

---

**हमारी सुनो : एमपीडब्ल्यू कर्मचारियों के राज्य स्तरीय सम्मेलन में उठी मांग**

# तेरह साल से सेवा देनेवाले कर्मियों को स्थायी करे राज्य सरकार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आइपीएच सभागार में आयोजित एमपीडब्ल्यू कर्मचारियों के राज्य स्तरीय सम्मेलन में कर्मियों ने कहा है कि हम झारखंड के 243 प्रखंडों में काम करते हैं। 13 सालों से अपनी सेवा देने के बावजूद आज तक हमें स्थायी नहीं किया गया है। सभा को संबोधित करते हुए झारखंड अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के महासचिव सुशील शाह ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करनेवाले कर्मचारियों के प्रति सरकार का रवैया उदासीन है। उन्होंने कहा कि एमपीडब्ल्यू के 2150 स्वीकृत पद हैं, लेकिन 1626 कर्मी चौबीसों घंटे स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी सेवा देते हैं।

### वेक्टर जनित रोग के उन्मूलन में झारखंड तीसरे पायदान पर

वहीं एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन ने कहा कि मलेरिया, फाइलेरिया उन्मूलन में हम सभी कर्मचारी अपना अहम योगदान दे रहे हैं, जिसका नतीजा है कि राज्य में मलेरिया-फाइलेरिया जैसे गंभीर रोग उन्मूलन के कगार पर है। इसी का परिणाम है कि डब्ल्यूएचओ ने झारखंड को तीसरा स्थान दिया है। उन्होंने कहा कि 2016 में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत चलनेवाले सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं राजकीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों से जोड़ते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाये जाने वाले 101 रोगों के नियंत्रण के लिए एमपीडब्ल्यू को जिम्मेवारी दी गयी। इसका कुशलतापूर्वक हम सभी निर्वहन कर रहे हैं, बावजूद इसके हमारे प्रति सरकार का रवैया उदासीन है।

### मैं भी चिकनगुनिया का हुआ था शिकार : बन्ना



झारखंड एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ के राज्य स्तरीय सम्मेलन में शामिल झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बनना गुप्ता ने कहा कि ये हमारे विभाग के स्तंभ हैं। उन्होंने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि एक बार मैं भी चिकनगुनिया का शिकार हो गया था, लेकिन एमपीडब्ल्यू के कर्मचारियों की सेवा और बेहतर इलाज की व्यवस्था से मैं स्वस्थ हुआ। उन्होंने वेक्टर जनित रोग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चिकनगुनिया, मलेरिया और डायरिया जैसी बीमारियां ज्यादातर गरीब लोगों को होती हैं।

### कर्मचारियों के चेहरे पर मुस्कान लाना चाहता हूं

बन्ना गुप्ता ने कहा कि झारखंड सरकार का स्वास्थ्य विभाग ट्यूबरक्लोसिस (टीवी) के इलाज को लेकर भी आगे बढ़ रहा है। मैं स्वास्थ्य विभाग का मंत्री होने के साथ ही आपके विभाग का सहकर्मी भी हूं। उन्होंने कहा कि जब हमारे सहकर्मियों के चेहरे पर मुस्कान आयेगी, तभी मरीजों के चेहरे पर भी मुस्कान आयेगी। उन्होंने कहा कि मैं टेंपो चालक का नेता रहा हूं और मुझे टेंपो चलाना भी आता है। तीन चक्के वाले टेंपो को बैलेंस कर चलाना पड़ता है। ऐसे ही स्वास्थ्य विभाग को भी बैलेंस करते हुए आगे बढ़ाने का काम कर रहा हूं।

# जेएसएससी स्नातक स्तरीय परीक्षा संचालन संशोधन नियमावली 2021 पर हुई सुनवाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग स्नातक स्तरीय परीक्षा संचालन संशोधन नियमावली 2021 को चुनौती देनेवाली याचिका पर सुनवाई अब झारखंड हाइकोर्ट में 31 अगस्त को होगी। मंगलवार को रमेश हांसदा एवं अन्य की ओर से नियमावली को चुनौती देनेवाली याचिका पर सुनवाई जारी रही। हाइकोर्ट के मुख्य न्यायधीश डॉ रवि रंजन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस पर सुनवाई की। प्रार्थी की ओर हाइकोर्ट को जानकारी दी गयी कि वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न जजमेंट का हवाला दिया। याचिका में बताया गया है कि नियमावली में झारखंड की शिक्षण संस्थाओं से मैट्रिक और इंटर की परीक्षा पास करना अनिवार्य है। साथ ही स्थानीय भाषा, रीति रिवाज की भी जानकारी जरूरी है, लेकिन आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के मामले में यह प्रावधान शिथिल रहेगा। हिंदी को क्षेत्रीय भाषा की श्रेणी से निकाल दिया गया है। याचिका में कहा है कि राज्य सरकार की ओर से यह शर्त लगाना असंवैधानिक है कि राज्य के संस्थान से ही 10वीं और 12वीं की परीक्षा पास करनेवाले छात्र ही नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल होंगे।

# झारखण्ड रच रहा कीर्तिमान युवाओं के सपनों को दे रहा उड़ान










## चिवनिंग मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा छात्रवृत्ति योजना

वंचित समुदाय के प्रतिभाशाली युवाओं को उच्च शिक्षा देने हेतु देश में पहली बार साझेदारी

## श्री हेमन्त सोरेन

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

एवं

## श्री एलेक्स एलिस

भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त

की गरिमामयी उपस्थिति में



## यूनाइटेड किंगडम के शीर्ष विश्वविद्यालयों में एक वर्ष के मास्टर्स डिग्री हेतु चिवनिंग मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा छात्रवृत्ति योजना का हुआ शुभारंभ

हम भावी पीढ़ी को शिक्षा के क्षेत्र में नई राह दिखाने जा रहे हैं। ब्रिटिश उच्चायोग, नई दिल्ली और झारखण्ड सरकार के बीच आज ऐतिहासिक MoU हुआ है। इस अवसर पर मैं भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त श्री एलेक्स एलिस और उनकी टीम को बधाई देता हूँ।

**- हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

हम लोगों ने झारखण्ड के प्रतिभाशाली युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के उद्देश्य से चिवनिंग मरङ गोमके छात्रवृत्ति योजना शुरू किया है। एक राज्य के रूप में झारखण्ड और एक देश के रूप में भारत की सफलता यूनाइटेड किंगडम की सफलता है।

**- एलेक्स एलिस**
भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त

अधिक जानकारी के लिए -
https://www.chevening.org/scholarship/india/

P.R. 276265 (Schedule Tribe, Schedule Caste, Minority & Backward Class Welfare Department) 22-23

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार






# अदाणी समूह एनडीटीवी में परोक्ष रूप से 29.18 फीसदी की हिस्सेदारी खरीदेगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** अदाणी ग्रुप एनडीटीवी मीडिया ग्रुप में 29.18% की हिस्सेदारी खरीदेगा। अदाणी ग्रुप की मीडिया कंपनी एएमजी मीडिया नेटवर्क्स लिमिटेड इनडायरेक्ट तरीके से एनडीटीवी में 29.18 फीसदी की हिस्सेदारी खरीदेगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अदाणी ग्रुप ने आगे और हिस्सेदारी लेने के लिए खुला प्रस्ताव भी पेश किया है। तीन कंपनियों विश्वप्रधान कमर्शियल प्राइवेट लि. के साथ एएमजी मीडिया नेटवर्क्स और अडाणी एंटरप्राइजेज लि. ने चार रुपये अंकित मूल्य के एनडीटीवी के 1,67,62,530 पूर्ण चुकता इक्विटी शेयर सार्वजनिक शेयरधारकों से खरीदने के लिए 294 रुपये प्रति शेयर के मूल्य की पेशकश की है। इस बारे में बताया गया है कि वीपीसीएल 26% से अधिक की हिस्सेदारी ले रही है, इसलिए सेबी के नियमों के मुताबिक उसे ओपन ऑफर लाना पड़ेगा। एएमएनएल के सीइओ संजय पुगलिया ने इस मामले में कहा है कि नये दौर की मीडिया प्लेटफॉर्म की राह में यह अधिग्रहण मील का पत्थर साबित होगा।

# रांची विवि में डॉ. रामदयाल मुंडा की जयंती मनायी गयी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग में मंगलवार को डॉ रामदयाल मुंडा की 83वीं जयंती मनायी गयी। नागपुरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ उमेश नंद तिवारी ने कहा कि बहुमुखी प्रतिभा के धनी पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा जैसे महान व्यक्ति का सानिध्य मिलना सौभाग्य की बात है। प्राध्यापक डॉ रामकिशोर भगत ने कहा कि पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा बगैर किसी भेदभाव के हर वर्ग के व्यक्ति से सहज रूप से उपलब्ध होते थे। मुंडारी विभाग के विभागाध्यक्ष नलय राय ने कहा कि डॉ मुंडा सिर्फ एक व्यक्ति ही नहीं बल्कि एक पूरा संस्थान थे। वहीं प्राध्यापक मनय मुंडा ने पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा द्वारा रचित रचनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इनकी रचनाओं ने आदिवासी और मूलवासियों के बीच जागरूकता फैलाया। प्राध्यापक तारकेश्वर सिंह मुंडा ने कहा कि पद्मश्री डॉ रामदयाल मुण्डा महान व्यक्तित्व के धनी थे। इस मौके पर विभाग के शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ बीरेंद्र कुमार महतो, डॉ रीझू नायक, डॉ दमयंती सिंकू, दिनेश कुमार दिनमणी, जयप्रकाश उरांव, रमाकांत बीरेंद्र उरांव, डॉ किरण कुल्लू, अनुराधा मुंडू, प्रेम बास्के, राजकुमार मुर्मू, शकुंतला बेसरा, रवि कुमार, मानिक कुमार, प्रवीण कुमार सिंह, पप्पू बांडों और धरमा मुण्डा उपस्थित रहे।

# मृत बच्चों के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने 14 अगस्त को बोड़ेया में 11 हजार हाइटेंशन तार की चपेट में आने से हुए हादसे में जान गंवानेवाले तीन मासूम नौजवान बच्चों के परिजनों को मुआवजा दिये जाने की मांग को लेकर विद्युत महाप्रबंधक पीके श्रीवास्तव से उनके कुसाई कॉलोनी डोरंडा कार्यालय में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने 48 घंटे के अंदर मुआवजा राशि नहीं मिलने पर कार्रवाई का अल्टीमेटम दिया है। विद्युत महाप्रबंधक पीके श्रीवास्तव ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि किसी भी स्थिति में 48 घंटे के अंदर तीनों बच्चों को 15 लाख रुपये का मुआवजा दे दिया जायेगा। इस मौके पर पीके श्रीवास्तव के अलावा अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने कि झारखंड में करंट लगने से लगातार आम जनों की हो रही मौत और पूरे राज्य में बिजली आपूर्ति व्यवस्था की चरमरायी स्थिति अगर नियंत्रित नहीं की गयी तो आप जैसे अधिकारियों का हुक्का पानी बंद कर दिया जायेगा। प्रतिनिधिमंडल में आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता, कुमुद रंजन, अभिषेक साहू और संजीत यादव शामिल थे।

## सीएम हेमंत और ब्रिटिश उच्चायोग के बीच राउंड टेबल बैठक

# झारखंड में संभावनाओं और निवेश पर मंथन

**निवेशकों को राज्य सरकार पूरा मदद कर रही : हेमंत**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में ब्रिटिश उच्चायोग के प्रतिनिधियों के साथ विभिन्न क्षेत्रों में निवेश और राज्य में संभावनाओं को लेकर राउंड टेबल बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान राज्य में उच्च शिक्षा, स्कूली शिक्षा में अंग्रेजी विषय पर बल, सौर ऊर्जा विकास, क्लीन एनर्जी, जलवायु परिवर्तन, पर्यटन, कला संस्कृति एवं खेलकूद, इलेक्ट्रॉनिक मोटर व्हीकल सहित अन्य क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर बात हुई। सभी सेक्टर पर राज्य सरकार की नीतियों से संबंधित विस्तृत जानकारी पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अधिकारियों ने रखी। इन विभिन्न आयामों को कैसे आगे बढ़ाया जाये, इसे लेकर बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा भी हुई। हेमंत सोरेन ने ब्रिटिश हाई कमिश्नर एलेक्स एलिस एवं उनकी टीम से कहा कि झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की काफी संभावनाएं हैं। निवेशकों को राज्य सरकार पूरा मदद कर रही है। सरकार द्वारा शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, उद्योग, इलेक्ट्रॉनिक मोटर वेक्किल, स्वास्थ्य, खेल एवं सौर ऊर्जा सहित कई सेक्टरों में बेहतर पॉलिसी बनाई गयी है। इन सभी क्षेत्रों में अभी काफी काम किया जाना है, इसमें आप सभी का सहयोग महत्वपूर्ण रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता है। गांव मजबूत होगा, तभी राज्य मजबूत होगा। झारखंड के नौजवान काफी प्रतिभाशाली हैं। सीमित संसाधन के बावजूद यहां के बच्चे ओलंपिक में विनर बन रहे हैं। प्रतिभाशाली नौजवानों के लिए गरीबी उनके सफलता में बाधा न बने, इस निमित्त नीतियों को बनाने का काम किया गया है। संसाधनों एवं संभावनाओं के समन्वय से विकास की गति तेज करने पर बल दिया जा रहा है। सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ आजीविका संवर्धन करने के उद्देश्य से कार्य कर रही है। सभी बिंदुओं पर बारीकी से नजर रखते हुए सतत विकास के रास्ते पर चलने का काम किया जा रहा है। इस अवसर पर एलेक्स एलिस एवं उनकी टीम ने संयुक्त रूप से हेमंत सोरेन के प्रयासों की सराहना की। एलिस ने झारखंड में निवेश की संभावनाओं का जिक्र किया। कहा कि झारखंड में मुख्यमंत्री ने विकास का शानदार माहौल तैयार किया है। राज्य में दिख रहे उद्योगपरक सकारात्मक माहौल और यहां से मिली जानकारी ब्रिटिश उच्चायोग यूनाइटेड किंगडम (यूके ) के उद्यमियों तक पहुंचाई जायेगी। यह जानकारी उन्हें झारखंड में निवेश और विकास में सहभागी बनने के लिए प्रेरित करेगी। इस अवसर पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव एल. खियांग्ते, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, प्रधान सचिव वंदना दादेल, प्रधान सचिव अविनाश कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव अमिताभ कौशल, सचिव केके सोन, सचिव राजेश कुमार शर्मा, सचिव राहुल कुमार पुरवार, निदेशक जितेंद्र सिंह सहित ब्रिटिश उच्चायोग के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

# जमीयत उलेमा-ए-हिंद 28 अगस्त को सद्भावना संसद का आयोजन करेगा



सद्भावना सांसद पर पहाड़ी टोला में वरिष्ठ अधिवक्ता पूर्व अध्यक्ष अंजुमन इस्लामिया गुलाम मुस्तफा से कार्यक्रम पर विचार विमर्श करते मो. नौशाद, मौलाना डॉक्टर असगर मिस्बाही आदि लोग।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

रांची। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के (मौलाना) डॉ मो० असगर मिस्बाही का कहना है कि देश की वर्तमान स्थिति से आप सभी भलीभांति परिचित हैं। इन दिनों सांप्रदायिकता और घृणा अपने चरम पर है, जो कि भारत की साझा संस्कृति और मूल्यों के लिए सीधी चुनौती है।

इससे न केवल अमन-शांति और सुरक्षा स्थापित करने के प्रयासों में बाधा पहुंचती है बल्कि मानवाधिकारों और सतत विकास की राह में भी यह रूकावट है। इन परिस्थितियों में हमारा मानना है कि धार्मिक नेता और समाज सेवी सही जानकारी फैलाने और नफरत एवं कट्टरता को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। अतः जमीयत उलेमा-ए-हिंद का सद्भावना मंच धार्मिक नेताओं और शांति और समाज सेवियों को एक साथ आने के लिए कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है।

संगठन की ओर से साझा मूल्यों के विषय पर विचार-विमर्श करने और चर्चा के लिए 28 अगस्त को सदभावना संसद का आयोजन किया जा रहा है। इस में राज्य के जाने माने चिंतक, समाजसेवी समेत अन्य लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम मेन रोड स्थित हनुमान मंदिर के पीछे एस्ट्रा बैंक्वेट हॉल में शाम तीन बजे से होगा।

# ओबीसी आरक्षण मसला जल्द हल हो : कैप्टन अजय सिंह यादव

**महंगाई के चर्चा में बोले कांग्रेस ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष- भाजपा वालों ने महंगाई को मुद्दा बनाया, अब वादे ही भूल गये**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग द्वारा मंगलवार को अरगोड़ा में महंगाई पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा कि मोदी सरकार जब से सत्ता में आयी है, तब से देश का बेड़ा गर्क हो रहा है। एक तरफ हम आजादी का अमृत उत्सव मना रहे हैं, दूसरी तरफ केंद्र सरकार दूध-दही के साथ भोजन पर भी गब्बर सिंह टैक्स (जीएसटी) उपहार स्वरूप देने का काम किया है। भाजपा वालों ने 8 वर्ष पूर्व महंगाई को मुद्दा बना कर सत्ता तो हासिल कर ली, पर महंगाई दूर करने के वादे को भुला दिया। भाजपा वाले देश के इतिहास को राजनीतिक फायदे के लिए तोड़ मरोड़ कर पेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण मसला जल्द हल हो, इस बात को लेकर यहां बैठे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता पहल करें। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि राज्य के संवेदनशील मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी हमें आश्वस्त किया है। बहुत जल्द ओबीसी आरक्षण मसला हल हो जायेगा। आलमगीर आलम ने कहा कि ओबीसी विभाग एवं ओबीसी वर्ग के लोगों को यह भरोसा दिलाता हूं कि सरकार 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को लेकर संवेदनशील है। इस मौके पर अभिलाष साहू, परवेज आलम, सुबोध कांत सहाय, राजकुमारी देवी, जितेंद्र कुमार, गुंजन सिंह, राजीव रंजन प्रसाद मौजूद थे।

## कार्यक्रम : सरला बिरला पब्लिक स्कूल में वात्सल्यम-4 का भव्य आयोजन

# बच्चों ने कहानियों और दंत कथाओं की आकर्षक प्रस्तुति दी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में ग्रैंडपेरेंट्स डे वात्सल्यम-4 का भव्य आयोजन किया गया। कक्षा केजी 1 और प्री नर्सरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर डॉ केशव राव वराकुला, वाइस चांसलर, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, रांची मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, साथ ही विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। बच्चों ने कल आज और कल और फेयरी टेल्स थीम पर बहुत ही आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। केजी 1 ए के बच्चों ने रेट्रो थीम पर ओल्ड इज गोल्ड नृत्य प्रस्तुत किया। केजी 1 बी के बच्चों ने मनोरम नृत्य फ्यूचरिस्टा प्रस्तुत किया, जो इनोवेशन एंड डिजाइन थिंकिंग थीम पर आधारित था। कार्यक्रम में विद्यालय का नाम रोशन करने वाले बिहार झारखंड में सीबीएसइ



बारहवीं बोर्ड के टॉपर्स अराध्य जैन और दिव्या सुमन तथा दसवीं बोर्ड के टॉपर आर्यन भास्कर को सम्मानित किया गया। प्री नर्सरी के छात्रों ने अपने नृत्य फेयरी विस्टा के माध्यम से बचपन की सदाबहार कहानियों और दंत कथाओं की आकर्षक प्रस्तुति दी और दर्शकों को उनके बचपन की यादों में ले गये। वहीं केजी 1 सी के छोटे-छोटे बच्चों ने मिकी माउस, छोटा भीम, स्कूबी डू जैसे कार्टून चरित्रों की जीवंत प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। इन्होंने पर्यावरण के संरक्षण और पृथ्वी की सुरक्षा के लिए सुंदर अभिनय किया। छात्र-छात्राओं ने एनसेंबल के माध्यम से आकर्षक गुजराती लोकगीत की भी प्रस्तुति दी। उपस्थित ग्रैंड पेरेंट्स आज की इस बेहद सुंदर प्रस्तुति से प्रसन्न हुए और सुनहरी यादों के साथ घर लौटे। मुख्य अतिथि डॉ केशव राव वराकुला ने ग्रैंड पैरेंट्स से आग्रह किया कि बच्चों के साथ बातें करते रहें ताकि उनकी समस्याओं से अवगत होते रहें। विद्यालय के कार्मिक और प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने विद्यालय परिवार के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए ग्रैंड पैरेंट्स डे की सफलता की बधाई दी। प्राचार्या परमजीत कौर ने अभिभावकों के प्रति उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया तथा बच्चों को एक सुदृढ़, सक्षम व जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में उनके सहयोग की सराहना की।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### किशोरों को लगा कोविड टीका



रांची(आजाद सिपाही)। केपी शारदा मेमोरियल ट्रस्ट ने चाइल्ड फंड के सहयोग से शारदा ग्लोबल स्कूल कांके के 12 से 14 वर्ष की उर्म के बच्चों के लिए वैक्सिनेशन कैंप का आयोजन किया। यह कैंप दिन के 9.30 बजे से 12.30 बजे तक चला। इस दौरान सभी स्टूडेंट्स काफी उत्साहित थे, क्योंकि उन्हें पहली बार कोविड 19 से रक्षा के लिए वैक्सीन लगाई गयी। इस मौके पर चाइल्ड फंड के सदस्य देवानंद देवेष और के पी शारदा मेमोरियल ट्रस्ट के सदस्य पंकज बंका, बजरंग गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### बीटेक के छात्रों का औद्योगिक भ्रमण

रांची(आजाद सिपाही)। सिपेट (सेंट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी), रांची में अमिटी विश्वविद्यालय, रांची के बी टेक 2 बी टेक के छात्रों ने औध्योगिक भ्रमण किया। भ्रमण में 50 छात्रों ने हिस्सा लिया। इस दौरान अंमिटी विश्वविद्यालय की ओर से डॉ. प्रवीन सिंह, कार्यक्रम संचालक तथा अन्य अध्यापक मौजूद रहे। भ्रमण कार्यक्रम की शुरूआत में सिपेट रांची के सं. निदेशक और प्रमुख प्रवीन बी बछाव ने शिक्षकों और छात्रों का अभिवादन कर किया। सिपेट रांची की ओर से वरिष्ठ तकनिकी अधिकारी बी श्रीकर तथा अन्य अधिकारीयों ने छात्रों को सिपेट के बारे में जानकारी दी। छात्रों ने भ्रमण के दौरान सिपेट के प्लास्टिक्स प्रोसेसिंग सेंटर जहां पे तरह तरह के प्लास्टिक्स प्रोडक्ट्स का उत्पादन होता है, को देखा। जिसके बाद वे लोग सिपेट रांची के एनएबीएल मान्यता प्राप्त लैब जो की अत्याधुनिक मशीनों से लैस है को देखा ओर सिपेट के कार्यकलापों को समझा।

### झारखंड असिस्टेंट प्रोफेसर अनुबंध संघ का पुनर्गठन

रांची(आजाद सिपाही)। झारखंड असिस्टेंट प्रोफेसर अनुबंध संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ निरंजन महतो की अगुवाई में संघ के रांची विश्वविद्यालय इकाई का पुनर्गठन किया गया। पुनर्गठन का मुख्य उद्देश्य अनुबंधित शिक्षकों की समस्याओं को विश्वविद्यालय प्रशासन और राज्य सरकार के समक्ष प्रमुखता से रखा जा सके। अनुबंधित शिक्षक पिछले पांच वर्ष से निष्ठापूर्वक पूर्वक सभी कार्यों का संपादन कर रहे हैं। रांची विश्वविद्यालय इकाई के नवचयनित पदाधिकारियों की सूची इस प्रकार है। अध्यक्ष डॉ त्रिभुवन कुमार साही, उपाध्यक्ष डॉ अशोक कुमार महतो और नरेंद्र कुमार दास, महासचिव डॉ रामकुमार, कोषाध्यक्ष डॉ. संजु कुमारी, सचिव सुनीता कुमारी उरांव, सह सचिव शशि विनय भगत, प्रवक्ता डॉ रिझु नायक, डॉ संजय सारंगी, डॉ दीपक कुमार, डॉ बुटन महली डॉ दिव्या भारती। चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शिता पूर्ण संपन्न करवाने में डॉ सुभाष साहु, डॉ अजय नाथ साहदेव, डॉ पुनम कुमारी चौहान इत्यादि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा की जयंती आयोजित



रांची(आजाद सिपाही)। श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा की जयंती आयोजित की गयी। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत विभाग के समन्वयक प्रोफेसर रामदास उरांव ने किया और विषय प्रवेश डॉ जुरन सिंह मानकी ने किया। जुरा होरो ने डॉ रामदयाल मुंडा के साथ अपने संस्मरणों को साझा किया। विश्वविद्यालय के हो भाषा की सहायक प्राध्यापिका डॉ सरस्वती गागरई जे कार्यक्रम नाचीं से बांची की प्रसिद्ध उक्ति से शुरू किया। विशिष्ट अतिथि डीएसडब्ल्यू डॉक्टर अनिल कुमार ने डॉ रामदयाल मुंडा के संपूर्ण व्यक्तित्व और कृतित्व के विषय में विस्तार से चर्चा की। मंच संचालन डॉक्टर डूमिनी माय मुर्मू एवं धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापिका अलबीना जोजो ने किया । इस अवसर पर डॉ जय किशोर मंगल, डॉ निताई चंद्र महतो, डॉ मालती वागीशा लाकड़ा, जुगेश कुमार महतो, लक्ष्मीकांत प्रमाणिक, मनोज कच्छप, सीता कुमारी, दिलदार पुर्ति, सुशीला कुमारी और विभाग के सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### आदिवासी समाज नशा से दूर रहे: बादल सिंह मुंडा



रांची(आजाद सिपाही)। 75वें आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर मंगलवार को कांके बिरसा यूथ क्लब सुकुरहुट्टू के बैनर तले कर्मा अखाड़ा में खेल-कूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बिरसा यूथ क्लब के संस्थापक पूर्व मुखिया सह भाजपा नेता बादल सिंह मुंडा ने आदिवासी समाज को नशा से दूर रहकर शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए नयी पीढ़ियों को आजादी के अमृत महोत्सव पर संकल्प लेने के लिए प्रेरित किये। साथ ही सभी खेल प्रतिभागी विजेता टीम को बिरसा स्मृति चिन्ह, पारितोषिक व पुष्प गुच्छ देकर खेल एवं झारखंडी संस्कृति व सभ्यता को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांके प्रखंड के उप प्रमुख अजय बैठा, कांके पश्चिमी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य सुषमा देवी, भाजपा रांची जिला ग्रामीण मंत्री हरिनाथ साहू, सुकुरहुट्टू के मुखिया राम लखन मुंडा, अनीता मुंडा, पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी, उप मुखिया गौरी शंकर प्रजापति, भाजपा नेता प्रदीप ठाकुर, तुलसी महतो, सुरेंद्र महतो, पूर्व मुखिया वीना देवी, कांग्रेस नेता गौरी शंकर महतो, समाजसेवी वनिता मेहता सावित्री देवी, अनीता देवी, अशोक मुंडा, मनोज महतो, सुमंत कुमार, प्रशांत बैठा, कलाकार मजबूल खान, परनेश कुमार महतो, बबलू मुंडा, संजय बैठा, दिलीप बैठा, महावीर मुंडा के अलावे दर्जनों जनप्रतिनिधि समाजसेवी एवं खेल प्रतिभागी शामिल रहे।

### केंद्रीय सरना समिति ने श्रद्धांजलि अर्पित की



रांची(आजाद सिपाही)। केंद्रीय सरना समिति के द्वारा पदम श्री डॉ रामदयाल मुंडा की जयंती पर मोराबादी स्थित रामदयाल मुंडा पार्क में डॉ राम दयाल मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धाजंलि अर्पित की गयी। मौके पर केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि पदम श्री डॉ रामदयाल मुंडा बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे। वे शिक्षाविद, कुशल प्रशासक, भाषाविद, सांस्कृतिक प्रेमी, गीतकार, बांसुरी वादक और एक महान दूरदर्शिता थे। उन्होंने आदिवासी समाज की कला संस्कृति को देश विदेश में पहचान दिलाई। नौकरी में रहते हुए आदिवासी परंपरा संस्कृति को बचाकर रखने का प्रयास किया। मौके पर केंद्रीय सरना समिति के महासचिव संजय तिर्की, अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष सत्य नारायण लकड़ा, उपाध्यक्ष प्रोमोद एक्का, रांची महानगर सरना समिति के अध्यक्ष कुलदीप सांगा, सोनू मुंडा, सोनी तिर्की, विनय उरांव, बाना मुंडा, दीपक जायसवाल, विमल कच्छप, धर्म कुमार और अन्य शामिल थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.5 °c | 22.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.14 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.28 बजे | |

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 24 अगस्त, 2022
www.azadsipahi.com


## कांग्रेस की नवगठित प्रदेश अनुशासन समिति की प्रथम बैठक संपन्न

# कैश कांड में फंसे विधायकों को अपनी बात रखने का एक और मौका : प्रदेश अनुशासन समिति

**निलंबित विधायकों को पूर्व में कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिनों के अंदर जवाब देने का निर्देश दिया**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मंगलवार को कांग्रेस भवन, रांची में नवगठित प्रदेश अनुशासन समिति की प्रथम बैठक संपन्न हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पूर्व में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर द्वारा विधायक डॉ इरफान अंसारी, राजेश कच्छप, विक्सल कोंगाड़ी को पार्टी से निलंबित करने का जो निर्णय लिया गया, इस पर अनुशासन समिति ने अपनी सहमति जतायी है। उसने कहा कि निलंबित विधायकों को पूर्व में कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिनों के अंदर जवाब देने का निर्देश दिया गया था, परंतु विधायकों ने अभी तक स्पष्टीकरण नहीं दिया है। इसलिए वे अविलंब अपना स्पष्टीकरण ईमेल, व्हाट्सएप्प, कूरियर के भेज सकते हैं। उनका स्पष्टीकरण आने के उपरांत आगे की कार्रवाई पर विचार किया जायेगा। वहीं बैठक में निर्णय लिया गया कि अनुशासन समिति के गठन की सूचना आधिकारिक रूप से सभी जिलाध्यक्ष, विधायक, सांसद को भी दे दी जाये। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि अनुशासन समिति पूरी तरह से कांग्रेस संविधानों के प्रावधानों के अनुरूप निष्पक्ष रूप से अनुशासनहीनता के मामले का मापदंड सभी स्तर के कार्यकर्ताओं के लिए एक समान तय करेगी। बैठक में अनुशासन समिति के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, अनादि ब्रह्म, केशव महतो कमलेश, काली चरण मुंडा, शमशेर आलम, अमूल्य नीरज खलखो मौजूद थे।

## ब्रिटिश उच्चायुक्त एलेक्स एलिस से मिल बोले तनुज खत्री

# ब्रिटेन के साथ संबंधों को मिलेगी मजबूती

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारत के ब्रिटिश उच्चायुक्त एलेक्स एलिस से जेएमएम नेता डॉ तनुज खत्री ने सोमवार देर रात मुलाकात की। डॉ तनुज को ब्रिटिश उप उच्चायुक्त, कोलकाता की तरफ से एलेक्स एलिस के साथ डिनर मीट के लिए आमंत्रित किया गया था। मुलाकात के बाद जेएमएम नेता ने कहा कि उनके दौरे से झारखंड सहित भारत के रिश्ते में और मजबूती आयेगी। ब्रिटिश उच्चायुक्त शेवनिंग स्कॉलरशिप प्रोग्राम के लिए झारखंड के साथ एमओयू करने राज्य दौरे पर आये थे।

डॉ तनुज ने बताया कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से ये संदेश दिया गया कि ब्रिटेन एक बार स्थापित संबंध को भूलता नहीं है, बल्कि उसे और मजबूत करने की दिशा में पहल करता है। ब्रिटिश उच्चायुक्त एलेक्स एलिस ने डॉ तनुज से पूर्व के लंदन दौरे और वर्तमान सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की। यहां बता दें कि तनुज खत्री का वर्ष 2017 में चयन ब्रिटिश उच्चायुक्त के द्वारा हुआ था, जिसमें तनुज ने भारत का प्रतिनिधित्व लंदन में किया था। इसमें तनुज ने बीबीसी, ब्रिटिश संसद, कैंब्रिज विश्वविद्यालय, यूनाइटेड किंगडम चुनाव आयोग समेत ब्रिटेन के कई स्थानों में आयोजित कार्यशालाओं में भाग लिया था। डॉ तनुज खत्री ने बताया कि पांच वर्षों के बाद ब्रिटिश उच्चायुक्त का निमंत्रण मिलना गर्व की बात है।

**पूर्व मध्य रेल**

**विद्युत (परिचालन) विभाग, धनबाद से सम्बंधित कार्य हेतु जेम बोली (बिड) की सूचना प्रति**

मंडल रेल प्रबंधक विद्युत/परिचालन), पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु सक्षम संविदाकारी से जेम के माध्यम से बोली (बिड) आमंत्रित की जाती है।

**जेम (GeM) बोली संख्या** : GEM/2022/B/2451804, दिनांक – 19–08–2022, **क्रम सं० : 1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन की अवधि :** धनबाद मंडल के महादेईया रनिंग रूम ('सी' एरिया में 'सी' श्रेणी का रनिंग रूम) की विभिन्न गतिविधियों (जिसमें हाउस कीपिंग, मेसिंग, कपड़ा धुलाई, बागवानी एवं रहने वाले इच्छुक क्रू को सब्सीडाईज्ड भोजन उपलब्ध करना शामिल है) को 640 दिनों के लिए आउटसोर्सिंग। **2. कार्य के लिए अनुमानित राशि :** रु. 51,02,381.00, **3. बयाना राशि :** रु. 1,02,048.00, **4. ई–निविदा बंद होने और खुलने की तिथि एवं समय :** ई–निविदा का बंद होना : 09–09–2022 को 15:00 बजे। ई–निविदा का खुलना : 09–09–2022 को 15:30 बजे। **5. वेबसाईट का विवरण :** वेबसाईट : **https://gem.gov.in** **विशेष :** जेम बोली के तहत किसी भी प्रकार के मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

**मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/परि)**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**
**पीआर/00896/डीएचएन/ईओपीएन/एन/22–23/36**

**IN THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL-JHARKHAND AT RANCHI**
5th Floor, Pragati Sadan, RRDA Building, Kutchery Chowk
**Ranchi-834001 (Jharkhand)**

**RECOVERY PROCEEDING No. 120 of 2015**
**In case O.A. No. 11 of 2009 (Central Bank of India, Main Road, Ranchi Vs. M/s Arun Industries & Others)**

**NOTICE TO SHOW CAUSE WHY WARRANT OF ARREST SHOULD NOT ISSUED**

(See Rule 73 of Second Schedule of Income Tax Act 1961, read with Secs. 28 and 29 of the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993)

To,
**Sri Arun Kedia,** S/o Sri C. L. Kedia, R/o Kokar Industrial Area, Plot No. 61, Kokar, Ranchi 834001

Whereas you have failed to pay the amount of arrears specified in the **OA/11/2009** drawn up by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI for recovery of **Rs. 30,64,095.00 (Rupees Thirty Lakhs Sixty Four Thousand Ninety Five Only)** along with interest plus cost payable by you as per certificate and it is proposed to execute the above Certificate by Arrest and Imprisonment of your persons.

You are hereby required to appear before the undersigned on the **02.11.2022** and to show cause why you should not be committed to the CIVIL PRISON in execution of the said Certificate


Given under my HAND and SEAL of the Tribunal, on this date **22.07.2022**

**(GAURAV KR. KASERA)**
**RECOVERY OFFICER**

## कैशकांड में फंसे इरफान अंसारी का पलटवार

# साजिश के तहत एफआइआर की गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची कैशकांड में फंसे झारखंड कांग्रेस के विधायक इरफान अंसारी ने अपनी पार्टी के नेताओं पर ही साजिश कर फंसाने का आरोप लगाया है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता ही उनके ऊपर एफआइआर कर फंसाने में लगे थे।

उन्होंने कहा कि पूछताछ के बाद संतुष्ट होकर कोलकाता पुलिस ने उन्हें छोड़ दिया था, लेकिन अचानक उन लोगों के खिलाफ रांची में मामला दर्ज होने की वजह से उनके साथ और दो अन्य विधायकों नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप को अचानक गिरफ्तार कर लिया गया। अंसारी ने कहा कि इस घटना की वजह से उनकी मां को हार्ट अटैक आया। वहीं कच्छप के पिता को ब्रेन स्ट्रोक झेलना पड़ा।


बता दें अंसारी समेत तीन कांग्रेस विधायकों को कोलकाता पुलिस ने 30 जुलाई की शाम को 48 लाख रुपये कैश के साथ गिरफ्तार किया था। तीनों जिस गाड़ी में सवार थे, उसमें से कैश की बरामदगी की गयी थी। उसके अगले दिन ही कांग्रेस के विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह ने रांची के अरगोड़ा थाना में एक एफआइआर दर्ज कराया था। इसमें इस बात का उल्लेख किया गया था कि ये पैसे झारखंड सरकार को गिराने के लिए दिये गये थे। एफआइआर में इन तीनों विधायकों को भी आरोपी बनाया गया था।

### प्रदेश के नेताओं की भूमिका है पूरे मामले में

अंसारी ने कहा, 'उन लोगों के साथ हुई इस घटना का परिवार पर काफी असर पड़ा है। इस पूरी घटना के लिए उन्होंने पार्टी के नेताओं पर उंगली उठाते हुए कहा कि एक विधायक दूसरे विधायक के खिलाफ इस तरह की शिकायत थोड़ी करता है। जिन लोगों ने उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करायी है, वही लोग इस पूरे प्रकरण में शामिल हैं।' अंसारी ने कहा कि उनका पूरा परिवार कांग्रेस से जुड़ा रहा है। यह किसी से छिपा नहीं है। इस पूरे मामले को लेकर वह आलाकमान से जल्द मिलेंगे और अपना पक्ष रखेंगे।

# राहुल गांधी से बंधु और शिल्पी नेहा ने दिल्ली में की मुलाकात

**जनजाति सम्मेलन में आने के लिए राजीव गांधी ने दी सहमति**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की रांची में जनजाति मुद्दों को लेकर एक सम्मेलन करेंगे। यह सम्मेलन कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के बाद जनवरी-फरवरी माह में होगा। सम्मेलन में कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को भी राजधानी आने का निमंत्रण दिया जायेगा। इस बाबत मंगलवार को कार्यकारी अध्यक्ष और उनकी बेटी सह मांडर की नवनिर्वाचित विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने राहुल गांधी से उनके आवास पर मुलाकात की।

मुलाकात के बाद बंधु तिर्की ने बताया कि राहुल गांधी से उनकी यह एक औपचारिक मुलाकात थी। इस दौरान उन्होंने राजधानी में जनजाति मुद्दे पर करने वाले सम्मेलन को लेकर राहुल गांधी को निमंत्रण दिया। इस पर उन्होंने रांची आने पर सहमति जता दी। बंधु ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा खत्म होने के बाद यह सम्मेलन रांची में आयोजित होगा।

बंधु तिर्की ने कहा कि राहुल गांधी से मुलाकात के दौरान संगठन की मजबूती, महंगाई पर बातचीत हुई। साथ ही 4 सितंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित महारैली सहित सरना धर्म कोड और जनजाति से जुड़े कई अन्य मुद्दों पर भी बातचीत हुई है। बता दें कि पिछले चार दिनों से बंधु तिर्की शिल्पी नेहा तिर्की के साथ दिल्ली में हैं और इस दौरान उन्होंने कई कांग्रेसी नेताओं से मुलाकात की है।

**पूर्व तट रेलवे**

**64 SLRs एवं 7 VPs को लीज पर देने हेतु ई-नीलामी**

**(क) VPs का विवरण : (राउंड ट्रिप के आधार पर)**

| क्र. | ट्रेन नं. एवं टन में वहन क्षमता | से-तक | सामने/पिछला | लॉट समाप्ति होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12898/12897, 24 टन | भुवनेश्वर-पुडुच्चेरी | VP | 03.09.22, 1040 बजे |
| 2 | 12815/12816, 24 टन | पुरी-आनन्द विहार टर्मिनल | VP | 03.09.22, 1050 बजे |
| 3 | 18477/18478, 23 टन | पुरी-योग नगरी ऋषिकेश | VP | 03.09.22, 1100 बजे |
| 4 | 12819/12820, 24 टन | भुवनेश्वर-आनन्द विहार टर्मिनल | VP | 03.09.22, 1110 बजे |
| 5 | 12875/12876, 24 टन | पुरी-आनन्द विहार टर्मिनल | VP | 03.09.22, 1120 बजे |
| 6 | 12830/12829, 24 टन | भुवनेश्वर-चेन्नई सेन्ट्रल | VP | 03.09.22, 1130 बजे |
| 7 | 18463/18464, 24 टन | भुवनेश्वर-बेंगलुरू | VP | 03.09.22, 1140 बजे |

लॉट प्रारंभ होने की तिथि व समय : 03.09.2022, 1000 बजे (क्रम सं. 1 से 7 हेतु), न्यूनतम वृद्धि: 0.2% (क्रम सं. 1 से 7 हेतु), लॉट स्थिति : ड्राफ्ट कैटलॉग में नया (क्रम सं. 1 से 7 हेतु)।

**(ख) SLRs का विवरण :**

| क्र. | ट्रेन नं. एवं टन में वहन क्षमता | से-तक | सामने/पिछला | लॉट समाप्ति होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 22866, 4 टन | पुरी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस | R-1 | 01.09.22, 1030 बजे |
| 2 | 22866, 4 टन | पुरी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस | F-1 | 01.09.22, 1040 बजे |
| 3 | 22882, 3.9 टन | भुवनेश्वर-पुणे | R-1 | 01.09.22, 1050 बजे |
| 4 | 20861, 3.9 टन | पुरी-अहमदाबाद | R-1 | 01.09.22, 1100 बजे |
| 5 | 22974, 3.9 टन | पुरी-गांधीधाम | F-1 | 01.09.22, 1110 बजे |
| 6 | 22910, 3.9 टन | पुरी-वलसाड | R-1 | 01.09.22, 1120 बजे |
| 7 | 12898, 3.9 टन | भुवनेश्वर-पुडुच्चेरी | F-1 | 01.09.22, 1130 बजे |
| 8 | 18419, 3.9 टन | पुरी-जयनगर | R-1 | 01.09.22, 1140 बजे |
| 9 | 17015, 4 टन | भुवनेश्वर-सिकंदराबाद | F-1 | 01.09.22, 1150 बजे |
| 10 | 12281, 3.9 टन | भुवनेश्वर-नई दिल्ली | R-1 | 01.09.22, 1200 बजे |
| 11 | 18449, 3.9 टन | पुरी-पटना | R-1 | 01.09.22, 1210 बजे |
| 12 | 22827, 3.9 टन | पुरी-सूरत | R-1 | 01.09.22, 1220 बजे |
| 13 | 12146, 3.9 टन | पुरी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस | R-1 | 01.09.22, 1230 बजे |
| 14 | 12845, 3.9 टन | भुवनेश्वर-बेंगलुरू कैंट | F-1 | 01.09.22, 1240 बजे |
| 15 | 20817, 3.9 टन | भुवनेश्वर-नई दिल्ली | F-1 | 01.09.22, 1250 बजे |
| 16 | 17479, 4 टन | पुरी-तिरुपति | F-1 | 01.09.22, 1300 बजे |
| 17 | 17479, 4 टन | पुरी-तिरुपति | R-1 | 01.09.22, 1310 बजे |
| 18 | 20472, 3.9 टन | पुरी-तिरुपति | R-1 | 01.09.22, 1320 बजे |
| 19 | 22833, 3.9 टन | भुवनेश्वर-कृष्णराजपुरम | F-1 | 01.09.22, 1330 बजे |
| 20 | 12994, 3.9 टन | पुरी-गांधीधाम | F-1 | 01.09.22, 1340 बजे |
| 21 | 22871, 3.9 टन | भुवनेश्वर-तिरुपति | F-1 | 01.09.22, 1350 बजे |
| 22 | 20819, 3.9 टन | पुरी-ओखा | R-1 | 01.09.22, 1400 बजे |
| 23 | 22836, 3.9 टन | पुरी-शालीमार | F-1 | 01.09.22, 1410 बजे |
| 24 | 17015, 4 टन | भुवनेश्वर-सिकंदराबाद | R-1 | 01.09.22, 1420 बजे |
| 25 | 22879, 3.9 टन | भुवनेश्वर-तिरुपति | F-1 | 01.09.22, 1430 बजे |
| 26 | 12888, 3.9 टन | पुरी-शालीमार | F-1 | 01.09.22, 1440 बजे |
| 27 | 20918, 3.9 टन | पुरी-इन्दौर | F-1 | 01.09.22, 1450 बजे |
| 28 | 20896, 3.9 टन | भुवनेश्वर-रामेश्वरम | R-1 | 01.09.22, 1500 बजे |
| 29 | 18447, 3.9 टन | भुवनेश्वर-जगदलपुर | F-1 | 01.09.22, 1510 बजे |
| 30 | 12822, 3.9 टन | पुरी-शालीमार | F-1 | 01.09.22, 1520 बजे |
| 31 | 22840, 3.9 टन | भुवनेश्वर-राउरकेला | F-1 | 01.09.22, 1530 बजे |
| 32 | 18417, 4 टन | पुरी-गुणुपुर | F-1 | 01.09.22, 1540 बजे |
| 33 | 18417, 4 टन | पुरी-गुणुपुर | R-1 | 01.09.22, 1550 बजे |
| 34 | 12880, 3.9 टन | भुवनेश्वर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस | R-1 | 01.09.22, 1600 बजे |
| 35 | 22811, 3.9 टन | भुवनेश्वर-नई दिल्ली | F-1 | 01.09.22, 1610 बजे |
| 36 | 22202, 3.9 टन | पुरी-सियालदह | F-1 | 01.09.22, 1620 बजे |
| 37 | 22805, 3.9 टन | भुवनेश्वर-आनन्द विहार टर्मिनल | F-1 | 02.09.22, 1030 बजे |
| 38 | 22823, 3.9 टन | भुवनेश्वर-नई दिल्ली | F-1 | 02.09.22, 1040 बजे |
| 39 | 20837, 4 टन | भुवनेश्वर-जूनागढ़ रोड | F-1 | 02.09.22, 1050 बजे |
| 40 | 20837, 4 टन | भुवनेश्वर-जूनागढ़ रोड | R-1 | 02.09.22, 1100 बजे |
| 41 | 12819, 3.9 टन | भुवनेश्वर-आनन्द विहार टर्मिनल | F-1 | 02.09.22, 1110 बजे |
| 42 | 12815, 3.9 टन | पुरी-आनन्द विहार टर्मिनल | F-1 | 02.09.22, 1120 बजे |
| 43 | 18452, 3.9 टन | पुरी-हटिया | R-1 | 02.09.22, 1130 बजे |
| 44 | 22819, 4 टन | भुवनेश्वर-विशाखापट्टनम | F-1 | 02.09.22, 1140 बजे |
| 45 | 22819, 4 टन | भुवनेश्वर-विशाखापट्टनम | R-1 | 02.09.22, 1150 बजे |
| 46 | 22819, 4 टन | भुवनेश्वर-विशाखापट्टनम | F-2 | 02.09.22, 1200 बजे |
| 47 | 18126, 4 टन | पुरी-राउरकेला | R-1 | 02.09.22, 1210 बजे |
| 48 | 18126, 4 टन | पुरी-राउरकेला | F-1 | 02.09.22, 1220 बजे |
| 49 | 18410, 4 टन | पुरी-शालीमार | F-1 | 02.09.22, 1230 बजे |
| 50 | 18410, 4 टन | पुरी-शालीमार | R-1 | 02.09.22, 1240 बजे |
| 51 | 18463, 3.9 टन | भुवनेश्वर-बेंगलुरू | F-1 | 02.09.22, 1250 बजे |
| 52 | 12875, 3.9 टन | पुरी-आनन्द विहार टर्मिनल | F-1 | 02.09.22, 1300 बजे |
| 53 | 18425, 3.9 टन | पुरी-दुर्ग | R-1 | 02.09.22, 1310 बजे |
| 54 | 12843, 3.9 टन | पुरी-अहमदाबाद | R-1 | 02.09.22, 1320 बजे |
| 55 | 12801, 3.9 टन | पुरी-नई दिल्ली | F-1 | 02.09.22, 1330 बजे |
| 56 | 20813, 4 टन | पुरी-जोधपुर | F-1 | 02.09.22, 1340 बजे |
| 57 | 20813, 4 टन | पुरी-जोधपुर | R-1 | 02.09.22, 1350 बजे |
| 58 | 12896, 3.9 टन | पुरी-शालीमार | F-1 | 02.09.22, 1400 बजे |
| 59 | 18477, 4 टन | पुरी-योग नगरी ऋषिकेश | F-1 | 02.09.22, 1410 बजे |
| 60 | 18477, 4 टन | पुरी-योग नगरी ऋषिकेश | R-1 | 02.09.22, 1420 बजे |
| 61 | 20823, 3.9 टन | पुरी-अजमेर | R-1 | 02.09.22, 1430 बजे |
| 62 | 11020, 3.9 टन | भुवनेश्वर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | F-1 | 02.09.22, 1440 बजे |
| 63 | 12838, 3.9 टन | पुरी-हावड़ा | F-1 | 02.09.22, 1450 बजे |
| 64 | 15643, 3.9 टन | पुरी-कामाख्या | F-1 | 03.09.22, 1030 बजे |

लॉट प्रारंभ होने की तिथि व समय : 01.09.2022, 1000 बजे (क्रम सं. 1 से 36 हेतु), 02.09.2022, 1000 बजे (क्रम सं. 37 से 63 हेतु) एवं 03.09.2022, 1000 बजे (क्रम सं. 64 हेतु), न्यूनतम वृद्धि: 0.2% (क्रम सं. 1 से 64 हेतु), लॉट स्थिति : ड्राफ्ट कैटलॉग में नया (क्रम सं. 1 से 64 हेतु)।

निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विवरण वेबसाइट : http://www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।

PR-407/N/22-23 वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक / खोरधा रोड

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** — आवश्यक कार्य में सफलता मिलेगी,बकाये रकम की प्राप्ति होगी, सुखद वातावरण

**वृष** — सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी, किसी समारोह में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

**मिथुन** — कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण, यशस्वी कार्य करने का अवसर।

**कर्क** — महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति, सुखद दाम्पत्य जीवन,गृह-भूमि-भवन का सुख मिलेगा।

**सिंह** — रुका हुआ काम पूरा होगा, राजनीतिक लाभ, गुप्त शत्रुओं पर विजय, धनलाभ होगा।

**कन्या** — वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा, रोजी-रोजगार में सफलता, नियमित आमदनी की वृद्धि होगी।

**तुला** — रोग-ऋण-शत्रुबाधा का शमन, मांगलिक कार्य का संपादन, स्वजन-कुटुंबियों का आगमन।

**वृश्चिक** — आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, कठिनाइयों पर विजय, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति।

**धनु** — नौकरी-व्यवसाय में सफलता, विशिष्टजनों से सम्पर्क बढ़ेगा, सामाजिक स्थिति मजबूत होगी।

**मकर** — पारिवारिक उलझनें दूर होंगी, मकान-वाहन आदि की समस्या का समाधान, आर्थिक लाभ होगा।

**कुंभ** — सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों की स्थिति लाभप्रद रहेगी, व्यापार-व्यवसाय से जुड़े लोग खुशहाल रहेंगे।

**मीन** — आमदनी के नये स्रोत तैयार होंगे, चल-अचल सम्पत्ति के लाभ के साथ ही आपकी श्रीवृद्धि होगी।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

# खयाली पुलाव पका रहे हैं भाजपा के लोग : बन्ना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में कई दिनों से सरकार गिराने के मामले को लेकर सियासी हलचल है। पक्ष और विपक्ष लगातार एक दूसरे पर वार-पलटवार कर रहे हैं। इसी बीच राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने मंगलवार को कहा कि सरकार गिरने और गिराने की बात तो कितने दिनों से चल रही है। राज्य में हुए पहले उप चुनाव के दौरान ही भाजपा के नेताओं ने यहां तक कह दिया था कि उप चुनाव जीतने के एक महीना के अंदर यह सरकार गिर जायेगी। भाजपा के लोग ख्याली पुलाव पका रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मुंगेरीलाल का सपना देखनेवाले लोगों को मुबारक है कि वह दिन में सपने देख सकते हैं। झारखंड में चार-चार उप चुनाव हुए और सभी में महागठबंधन की जीत हुई। भाजपा को नसीहत देते हुए उन्होंने कहा कि वह घुमा फिरा के बात करना बंद करे। सीधे अनुच्छेद 356 लगाकर सरकार को बेदखल कर दे। बन्ना ने कहा कि हम अपने बाप दादा की जमीन भले ही बेच सकते हैं, लेकिन अपना जमीर नहीं बेचेंगे।

# सीए सुमन कुमार की जमानत याचिका पर सुनवाई, इडी ने फिर मांगा समय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग केस में सजा काट रहे निलंबित आइएएस पूजा सिंघल और उनके पति अभिषेक झा के सीए सुमन कुमार सिंह की जमानत याचिका पर इडी की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई। सीए सुमन कुमार सिंह की ओर से रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता शंभू अग्रवाल और प्राची अग्रवाल ने प्रवर्तन निदेशालय के विशेष कोर्ट में पक्ष रखा। मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान इडी की ओर से एक बार फिर समय मांगा गया, जिस पर सुमन के अधिवक्ता ने आपत्ति दर्ज करायी। इसके बाद कोर्ट ने इडी को अगली सुनवाई तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 31 अगस्त को होनी है। तब तक अगर इडी जवाब दाखिल नहीं करता है, तो उसे मौखिक रूप से ही बहस करनी होगी। इडी ने 5 मई को पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी, जिसके बाद इडी ने पूजा सिंघल और सीए सुमन सिंह को गिरफ्तार किया था। दोनों से 14 दिनों की पुलिस हिरासत में पूछताछ की गयी, जिसमें इडी को बेहिसाब पैसे और आय के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। इसके अलावा कई जिलों के डीएमओ के खिलाफ मिले सबूतों की जांच चल रही है।

## डॉ मुंडा झारखंड की समृद्ध संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए अपनी अंतिम सांस तक लड़ते रहे

# दलित, आदिवासी समाज के स्वाभिमान थे डॉ रामदयाल मुंडा: सुदेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि डॉ रामदयाल मुंडा दलित, आदिवासी और दबे-कुचले समाज के स्वाभिमान थे। झारखंडी समाज एवं संस्कृति के विकास के लिए हमेशा संघर्षरत रहनेवाले धरतीपुत्र डॉ रामदयाल मुंडा अपने आपमें एक संस्था थे, उनके जीवन दर्शन से हमें हर पल सीखते रहने की जरूरत है। पद्मश्री डॉ मुंडा झारखंड की समृद्ध संस्कृति को आगे बढ़ाने और आदिवासियों की पहचान बनाये रखने के लिए अपनी अंतिम सांस तक लड़ते रहे। सुदेश महतो मंगलवार को रांची के मोरहाबादी स्थित डॉ रामदयाल मुंडा पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि डॉ रामदयाल मुंडा का व्यक्तित्व विराट था। उन्होंने अपनी मेहनत, समर्पण, त्याग और काबिलियत से अपनी अंतरराष्ट्रीय पहचान बनायी। डॉ मुंडा भारत सरकार द्वारा बनायी गयी कमेटी ऑन झारखंड मैटर के प्रमुख सदस्य थे। उन्हीं के प्रयास से रांची विश्वविद्यालय में आदिवासी और क्षेत्रीय भाषा विभाग की स्थापना हुई। डॉ मुंडा के प्रयास से ही यूएनओ में लंबी बहस के बाद हर साल 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाने का प्रस्ताव पारित हुआ।

इस दौरान पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा के पुत्र एवं सेंट्रल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर गुंजल इकीर मुंडा भी मौजूद रहे। डॉ मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर, उन्हें नमन करते हुए गुंजल ने कहा कि डॉ रामदयाल मुंडा अपने आपमें एक किताब थे और उस किताब का हर पन्ना झारखंड की माटी की सौंधी खुशबू बिखेरता है।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 24 अगस्त, 2022
www.azadsipahi.com
06

# आतंक के ठिकाने

रूस और यूक्रेन के बीच लंबा खिंचता युद्ध तो चिंता पैदा कर ही रहा है, उससे भी बड़ा खतरा अब यह लग रहा है कि कहीं ये देश आतंकी गतिविधियों का भी केंद्र न बन जाएं। मास्को में हाल में हुई दो घटनाएं चौंकाने वाली रहीं। ताजा घटना यह कि रूस की शीर्ष खुफिया एजेंसी फेडरल सिक्यूरिटी सर्विस (एफएसबी) ने इस्लामिक स्टेट यानी आइएस के एक आत्मघाती हमलावर को गिरफ्तार किया। इसके बारे में एफएसबी का दावा है कि यह आतंकी भारत में बड़े नेताओं पर हमले करने की तैयारी में था और मास्को के रास्ते भारत पहुंचने वाला था। बताया जा रहा है कि यह किसी मध्य एशियाई देश का ही नागरिक है। यह भी पता चला है कि इसे इसी साल तुर्की में आइएस में शामिल किया गया और भारतीय नेताओं पर आत्मघाती हमले का प्रशिक्षण दिया गया। इस आतंकी की गिरफ्तारी से यह तो साफ हो गया कि आतंकी अब रूस को अपना नया ठिकाना बनाने की तैयारी में हैं। वैसे भी मध्य एशिया के कई देशों में आइएस का जाल फैल चुका है। अगर रूस आतंकियों के लिए नया रास्ता बन गया तो यह खतरा उसके लिए भी कम बड़ा नहीं होगा। दूसरी घटना भी कम गंभीर नहीं है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बेहद करीबी सहयोगी एलेक्जेंडर दुगीन की बेटी दारया दुगीना की हत्या कर दी गई। गौरतलब है कि दुगीन रूस में ऐसे कट्टर राष्ट्रवादी नेता के रूप में जाने जाते हैं जो पड़ोसी देशों को रूस में मिलाने के प्रबल पक्षधर रहे हैं। कहा यह भी जा रहा है कि यूक्रेन पर हमला उन्हीं के दिमाग की उपज है और उनकी योजना पर ही पुतिन ने इतना बड़ा कदम उठा लिया। दावा तो यहां तक किया जाता है कि वे ही पुतिन के दिमाग हैं। अगर वाकई यह सब है, जैसा कि कहा और दावा किया जा रहा है, तो निश्चित ही वे हत्यारों के निशाने पर रहे होंगे। इसके अलावा दुगीना भी अमेरिका की कट्टर विरोधी थीं और यूक्रेन के मुद्दे पर अमेरिका व पश्चिमी देशों का कड़ा विरोध कर रही थीं। मामला ने तब और गंभीर मोड़ ले लिया जब दुगीना की हत्या के कुछ ही घंटों बाद यूक्रेन के एक बड़े खुफिया अधिकारी की हत्या कर दी गई। रूस का कहना है कि दुगीना की हत्या यूक्रेन ने करवायी है। आरोप तो ये भी हैं कि इसमें अमेरिका का हाथ है। लेकिन जो भी हो, यह तो अब साफ हो चला है कि रूस-यूक्रेन जंग की दिशा बदलती जा रही है और एक दूसरे को सबक सिखाने के दूसरे तरीके भी आजमाए जा रहे हैं। हालांकि ये दोनों घटनाएं प्रकृति में अलग हैं, लेकिन युद्धरत देशों में आतंकी संगठनों की भूमिका किसी से छिपी नहीं है। यूक्रेन रूस पर ये आरोप तो पहले से लगा ही रहा है कि वह लड़ाई में आतंकी संगठनों के लड़ाकों का इस्तेमाल कर रहा है। ऐसे ही आरोप रूस के भी हैं। सीरिया, इराक, अफगानिस्तान, लेबनान, फिलस्तीन जैसे देशों में आतंकी संगठन कहर ढाहते ही रहे हैं। अफ्रीकी देशों में आइएस की जड़ें गहरी हैं। इसी कड़ी में अब एशिया में भारत, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे देशों में भी आइएस अपना जाल बिछाने में लगा है। भारत में आतंकी संगठनों के लिए काम करने वाले लोगों की हाल के दिनों हुई गिरफ्तारियों से इसकी पुष्टि होती है। वैसे भी भारत के लिए आतंकवाद बड़ी चुनौती बना हुआ है। ऐसे में इस मोर्चे पर जरा भी ढिलाई महंगी पड़ सकती है।

**रूस-यूक्रेन जंग की दिशा बदलती जा रही है और एक दूसरे को सबक सिखाने के दूसरे तरीके भी आजमाए जा रहे हैं।**

**नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार ने 2015 में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की शुरुआत की। इसके तहत कुल चार राउंड की प्रतियोगिता के जरिए 100 शहरों का चयन किया गया है जिनके विकास के लिए केंद्र सरकार आर्थिक सहायता देती है। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत शहरों में बिजली, पानी और सड़क की सुविधाओं को बेहतर करने और शिक्षा, डिजिटलाइजेशन, बेहतर ट्रांसपोर्ट सिस्टम और अच्छे पर्यावरण पर ध्यान दिया जाता है। अपने देश में लगभग 4,000 शहर और नगर हैं।**

# भारत के समग्र विकास को बढ़ावा देती स्मार्ट सिटी परियोजना



सुखदेव वशिष्ठ

भारत की वर्तमान जनसंख्या का लगभग 31% शहरों में बसता है और इनका सकल घरेलू उत्पाद में 63% (जनगणना 2011) का योगदान है। आशा है वर्ष 2030 तक शहरी क्षेत्रों में भारत की आबादी का 40% रहेगा और भारत के सकल घरेलू उत्पाद में इसका योगदान 75% का होगा। इसके लिए भौतिक, संस्थागत, सामाजिक और आर्थिक बुनियादी ढांचे के व्यापक विकास की आवश्यकता है। यह सभी जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने एवं लोगों और निवेश को आकर्षित करने, विकास एवं प्रगति के एक गुणी चक्र की स्थापना करने में महत्वपूर्ण हैं। इसी को ध्यान में रख कर नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार ने 2015 में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की शुरुआत की। इसके तहत कुल चार राउंड की प्रतियोगिता के जरिए 100 शहरों का चयन किया गया है जिनके विकास के लिए केंद्र सरकार आर्थिक सहायता देती है। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत शहरों में बिजली, पानी और सड़क की सुविधाओं को बेहतर करने और शिक्षा, डिजिटलाइजेशन, बेहतर ट्रांसपोर्ट सिस्टम और अच्छे पर्यावरण पर ध्यान दिया जाता है। अपने देश में लगभग 4,000 शहर और नगर हैं।

**सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि स्मार्ट सिटी मिशन के लिए जारी होने वाले पैसों का इस्तेमाल करने के मामले में तमिलनाडु सबसे आगे है।**

**स्मार्ट सिटी फंडऔर परियोजनाओ की स्थिति :** 8 जुलाई 2022 तक, केंद्र ने 100 स्मार्ट शहरों के लिए 30,751.41 करोड़ रुपये जारी किए हैं, जिसमें से 27,610.34 करोड़ रुपये (90 प्रतिशत) खर्च भी किये जा चुके हैं।

सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि स्मार्ट सिटी मिशन के लिए जारी होने वाले पैसों का इस्तेमाल करने के मामले में तमिलनाडु सबसे आगे है। तमिलनाडु ने केंद्र सरकार की ओर से जारी 4333 करोड़ रुपये में से 3932 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

वहीं, उत्तर प्रदेश 3142 करोड़ रुपये के केंद्रीय शेयर में से 2699 करोड़ रुपये के उपयोग के साथ दूसरे स्थान पर है। कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान सहित राज्यों ने भी स्मार्ट सिटी मिशन के तहत परियोजनाओं पर बड़ी रकम खर्च की है। कर्नाटक ने 2618 करोड़ रुपये में से 2420 करोड़ खर्च किए हैं। वहीं, महाराष्ट्र ने केंद्र की ओर से जारी कुल 2454 करोड़ रुपये में से 2453 करोड़ रुपये का उपयोग कर लिया है।

8 जुलाई 2022 तक, इन स्मार्ट शहरों ने 1,90,660 करोड़ रुपये की 7,822 परियोजनाओं को निविदा दी है। 1,80,996 करोड़ रुपये की 7,649 परियोजनाओं में कार्य आदेश जारी किए गए हैं। 66,912 करोड़ रुपये की 4,085 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। एससीएम के कार्यान्वयन की अवधि जून 2023 तक है और सभी स्मार्ट शहरों से निर्धारित समय के भीतर अपनी परियोजनाओं को पूरा करने की उम्मीद है।

**स्मार्ट सिटी परियोजना की चुनौतियां :** यह पहली बार है जब एक एमओयूडी कार्यक्रम के वित्त पोषण के लिए शहरों का चयन करने के लिए 'चैलेंज' या प्रतियोगिता विधि का उपयोग और क्षेत्र के आधार पर विकास की एक रणनीति का प्रयोग किया गया है। यह 'प्रतिस्पर्धी और सहकारी संघवाद' की भावना को दर्शाता है। राज्य और शहरी स्थानीय निकायों को स्मार्ट सिटी के विकास में एक महत्वपूर्ण सहायक भूमिका निभानी होगी। इस स्तर पर स्मार्ट नेतृत्व और दृष्टि एवं निर्णायक कार्रवाई करने की क्षमता मिशन की सफलता का निर्धारण करने में महत्वपूर्ण कारक होगी।

नीति निर्माताओं, कार्यान्वयन करने वालों एवं अन्य हितधारकों द्वारा विभिन्न स्तरों पर रेट्रोफिटिंग की अवधारणाओं को समझना, पुनर्विकास और ग्रीनफील्ड विकास हेतु क्षमता सहायता की जरूरत होगी। चैलेंज में भाग लेने से पूर्व योजना बनाने के दौर में ही समय और संसाधनों में प्रमुख निवेश करना होगा। यह पारंपरिक डीपीआर संचालित दृष्टिकोण से अलग है। स्थानीय निकायों का भ्रष्टाचार भी स्मार्ट सिटी परियोजना के लिए सबसे बड़ा खतरा है।

स्मार्ट शहरों में पर्याप्त जल और बिजली आपूर्ति, सफाई, सार्वजनिक यातायात, ठोस कचरा प्रबंधन, सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, आधुनिक यातायात प्रबंधन व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी और ई-प्रशासन के जरिये जीवन स्तर को बेहतर बनाया जाना है। किसी भी देश में स्मार्ट सिटी की अवधारणा वहां विकास के स्तर, परिवर्तन और सुधार की इच्छा, शहर के निवासियों के संसाधनों और उनकी आकांक्षाओं पर निर्भर करती है। आज शहरीकरण और इससे उत्पन्न समस्याएं देश के लिये एक बड़ा संकट बनकर सामने आयी हैं और इसके लिये सभी संभावित उपाय किये जा रहे हैं।

प्रधान मन्त्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स को लॉन्च करते हुए कहे शब्दों में, 'अर्बनाइजेशन को बड़ा संकट माना गया है, लेकिन मेरा सोचना अलग है। शहरों में गरीबी को पचाने की ताकत होती है। हमें इसमें अवसर की तलाश करनी चाहिए।' स्मार्ट सिटी जैसी पहल निश्चित ही अत्यंत उपयोगी और सार्थक है।



**8 जुलाई 2022 तक, इन स्मार्ट शहरों ने 1,90,660 करोड़ रुपये की 7,822 परियोजनाओं को निविदा दी है। 1,80,996 करोड़ रुपये की 7,649 परियोजनाओं में कार्य आदेश जारी किए गए हैं। 66,912 करोड़ रुपये की 4,085 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। एससीएम के कार्यान्वयन की अवधि जून 2023 तक है और सभी स्मार्ट शहरों से निर्धारित समय के भीतर अपनी परियोजनाओं को पूरा करने की उम्मीद है।**

## जमशेदपुर की खबरें

# मानगो भाजपा मंडल ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में मच्छर रोधी दवाओं का कराया छिड़काव

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बीते शहर में बाढ़ के बाद अब राहत और बचाव कार्य युद्ध स्तर पर शुरू हो चुके हैं। हालांकि इस को लेकर राजनीति भी जोर पकड़ने लगी है। जमशेदपुर में बाढ़ से लगभग 4000 लोग प्रभावित हुए हैं। रविवार को खुद आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का आकलन किया था। हालांकि उन्होंने दावा किया था बाढ़ का पानी कम होने के बाद महामारी फैलने से रोकने के उपाय किये जाएंगे। मंगलवार को जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के मानगो भाजपा मंडल की ओर से बाढ़ प्रभावित इलाकों में मच्छर रोधी दवाओं का छिड़काव कराया गया। दो फागिंग मशीन के जरिए पूरे क्षेत्र में फागिंग करायी जा रही है। इस कार्य में मानगो मंडल भाजपा के सभी कार्यकर्ता जुटे रहे। मानगो मंडल अध्यक्ष विनोद राय ने कहा यह अभियान लगातार जारी रहेगा। इस दौरान उन्होंने मंत्री बन्ना गुप्ता पर कटाक्ष भी किया। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेश आनंद गोस्वामी ने मानगो मंडल के प्रयासों की सराहना करते हुए कार्यकर्ताओं की हौसला अफजाई की।



# कीताडीह श्रीश्री शिव मंदिर में श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान कथा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** कीताडीह श्री श्री शिव मंदिर में श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान के तीसरे दिन बनारस के व्यास पंडित श्याम सुंदर शास्त्री के द्वारा विस्तार पूर्वक कथा सुनायी। मंगलवार को आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान कथा में ध्रुव चरित्र, ध्रुव को भगवान की ओर से ज्ञान की प्राप्ति, महाराज पृथु का बिरभाव, हिरणकश्यप का उद्धार, ग्राह गजेंद्र की कथा, समुद्र मंथन और वामन पर कथा सुनायी गई। इस बीच भक्तगण मंत्र-मुग्ध होकर कथा का वाचन सुने। मौके पर पोटका की पूर्व विधायक मेनका सरदार और पूर्व जिप सदस्य सुदीप्तो डे राणा शामिल होकर आशीर्वाद लिया। मौके पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष शंकर अग्रवाल, संदीप शर्मा बॉबी, अशोक मिश्रा, शशि यादव, वीरेंद्र यादव, सुशील सिंह, विशाल तिवारी, महावीर शर्मा,रमेश प्रसाद, राजेंद्र सिंह, शिवा गुप्ता, दिनेश अग्रवाल, संतोष प्रसाद, सुरेश यादव,पंकज प्रसाद, बाबूलाल प्रजापति, बबलू यादव के आलावे सैकड़ों भक्तगण शामिल रहे।



### चाकुलिया की नया बाजार सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी की बैठक

# कमेटी गठित, धूमधाम से पूजा करने का लिया निर्णय



आजाद सिपाही संवाददाता

**चाकुलिया।** चाकुलिया के नयाबाजार काली मंदिर परिसर में मंगलवार की साम नयाबजार सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी की एक बैठक राम भक्त दत्त की अध्यक्षता में हुई। इसमें इस वर्ष धूमधाम से दुर्गा पूजा करने का निर्णय लिया गया। विदित हो कि नयाबाजार दुर्गा पूजा वर्ष 1990 से होती आ रही है और यहां की पूजा कमेटी द्वारा भव्य पंडाल और विद्युत सज्जा मुख्य आकर्षण का केंद्र है। पूजा को लेकर मार्गदर्शन कमेटी और पूजा आयोजन कमेटी का गठन किया गया है। मार्गदर्शन कमेटी के अध्यक्ष आलोक लोधा, उपाध्यक्ष अमित भारतीय, सुमित लोधा, सचिव राज मिश्रा,सह सचिव बसंत अग्रवाल और टिल्लू अग्रवाल, सक्रिय सदस्य के रूप में विकास मिश्रा,गिड्डुवा शर्मा, महेश्वर मल्लिक और आयोजन कमेटी के अध्यक्ष राम भक्त दत्त, उपाध्यक्ष सुमित शर्मा, सचिव बिल्टू मल्लिक, सह सचिव संजय सिंह और टिंकु राय, कोषाध्यक्ष असीम राय और राहुल दे, सदस्य राजा मल्लिक, परमानंद सिंह,हीरा मल्लिक, प्रशांत महतो, अनिल सिंह समेत अन्य बने है।


# टाटा जू में तेंदुआ मिथुन की मौत

## वन विभाग ने 2 दिन में मांगा स्पष्टीकरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बीते दिन लगातार तेज हवा के साथ बारिस में बाढ़ के दौरान टाटा जू में रहने वाले नर तेंदुआ मिथुन की मौत हो गई है। इसको लेकर वन विभाग ने जांच शुरू कर दी। वैसे टाटा जू प्रबंधन ने इसकी पुष्टि कर दी है। बताया जा रहा है बाढ़ के कारण जू में काफी पानी भर गया था। सुरक्षा के दृष्टिकोण से नर तेंदुआ मिथुन और मादा तेंदुआ हेमा को डिस्प्ले एरिया में छोड़ दिया गया था। ताकि वे स्वतंत्र विचरण कर सके।

साथ ही भोजन में उन्हें कोई परेशानी ना हो। बाढ़ के पानी बढ़ने के बाद मादा तेंदुआ ने पेड़ पर चढ़कर अपनी जान बचा ली। लेकिन वृद्धावस्था होने के कारण मिथुन पेड़ तक पहुंच कर अपनी सुरक्षा नहीं कर सका। उस दौरान उसकी मौत हो गई। बाढ़ का पानी कम होने के बाद जू प्रबंधन जे द्वारा मिथुन की खोज शुरू की गई। जांच के दौरान वह मृत पाया गया। इसकी सूचना जू प्रबंधन के द्वारा वन विभाग को दी गई। मंगलवार को वन विभाग ने जांच शुरू कर दी। जू प्रबंधन के अनुसार साल 2005 में जन्मे मिथुन को नवंबर 2007 में पश्चिम बंगाल के जलदापारा बचाव केंद्र से टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क जमशेदपुर लाया गया था। फिलहाल मिथुन की मौत हो गई है। मादा तेंदुआ हेमा सुरक्षित है। उसे अगले 24 घंटों की निगरानी में रखा गया है। इस संबंध में जमशेदपुर प्रमंडल डीएफओ ममता प्रियदर्शी ने बताया तेंदुए की मौत की जांच शुरू कर दी गई है।



### दो दिनों के भीतर स्पष्टीकरण तलब किया

टाटा जू प्रबंधन को पत्र लिखकर दो दिनों के भीतर स्पष्टीकरण तलब किया गया है। उन्होंने बताया शनिवार को बाढ़ के पानी में डूबने से मिथुन की मौत हुई है। लेकिन मिथुन वृद्ध अवस्था में था। उसके लिए टाटा जियोलॉजिकल पार्क की ओर से सुरक्षा के दृष्टिकोण से क्या व्यवस्था की गई थी। उस पर 2 दिनों के अंदर स्पष्टीकरण मांगा गया है। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## पोटका में 27 और बोड़ाम में 29 अगस्त को लगेगा जनता दरबार

# जनता दरबार में शामिल हों ग्रामीण, समस्याओं के त्वरित निष्पादन का रहेगा प्रयासः उपायुक्त

**समस्या का समाधान के लिए उपस्थित होने की अपील**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार के पहल पर सरकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीण क्षेत्र तक पहुंचाने एवं ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं को जनता दरबार के माध्यम से निपटारा करने का प्रयास किया जा रहा है। उपायुक्त के निर्देश पर पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका और बोड़ाम क्षेत्र में ग्रामीणों की जनसमस्याओं का समाधान के लिये शनिवार 27 अगस्त को पोटका प्रखंड एवं सोमवार 29 अगस्त बोड़ाम प्रखंड में जनता दरबार का आयोजन किया जायेगा। जनता दरवार में आम नागरिकों के समस्याओं का त्वरित निष्पादन करने एवं सरकार द्वारा संचालित सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक सुयोग्य लाभुकों तक लाभ पहुंचाने एवं स्वास्थ्य, शिक्षा, आंगनबाड़ी मतदाता सूची का अद्यतन, राशन विभिन्न पेंशन, आवास, बैंक ऋण केसीसी, पीएम किसान योजना, भूमि संबंधी वाद, म्यूटेशन वाद, मनरेगा, जाति, आवासीय एवं आय प्रमाण पत्र, बैंक संबंधी, बिजली, पेयजल, मुकदमा सबंधी यूआइडी, श्रम, कौशल विकास, नियोजनालय, कल्याण, कृषि संबंधी जेएसएलपीएस से संबंधित मत्स्य आदि योजनाओं से संबंधित आवेदनों का निष्पादन किया जायेगा। उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर आयोजित जनता दरबार में प्रखंड स्तरीय विभागीय कर्मचारी को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 04 बजे तक उपस्थित रह कर प्राप्त जन शिकायतों का ससमय निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। जनता दरबार में जिले के वरीय पदाधिकारी के साथ-साथ विभागीय पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया ने ग्रामीणों के बीच किया मेडिकेटेड मच्छरदानी का वितरण



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत मुकुन्दपुर पंचायत के मुखिया मूंगा साह ने अपने आवास पर चुनाव के समय किए गए वादा को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करते हुए मेडिकेटेड मच्छरदानी का वितरण किया। वितरण समारोह की अध्यक्षता मूंगा साह एवं संचालन मानिलाल गुप्ता ने किया। मेडिकेटेड मच्छरदानी वितरण से पूर्व उपस्थित सभी स्वास्थ्य कर्मियों एवं पत्रकारों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। बीटीटी वीरेंद्र मिश्रा ने मेडिकेटेड मच्छरदानी का उपयोग एवं रखरखाव के बारे मे बताया। इस अवसर पर मुखिया ने कहा कि मेरी पहला प्राथमिकता गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधा है। मेरा लक्ष्य अपने पंचायत को विकास के रूप में जिला में पहला स्थान पर लाना है। मौके पर बीटीटी वीरेंद्र मिश्रा, एमपीडब्लू विकास कुमार चंदेल, अशोक राम, विद्यानंद प्रजापति, एएनएम सुलेखा कुमारी, स्वास्थ्य सहिया उषा देवी, शिलवंती देवी, उर्मिला देवी सहित काफी संख्या मे लोग उपस्थित थे।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुकुंदपुर में अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी का आयोजन



**केतार (आजाद सिपाही)।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुकुंदपुर में मंगलवार को विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में अभिभावक शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया। अभिभावक शिक्षक गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य शत प्रतिशत नामांकन एवं अभिभावक को विद्यालय से जोड़ना है। ताकि अभिभावक अपने बच्चे की क्रियाकलापों की जानकारी शिक्षकों से साझा कर सकें। अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बच्चे घर से ही शिक्षा प्राप्त करना शुरू कर देते हैं। घर ही बच्चे का प्राथमिक पाठशाला होता है। बच्चों की नैतिक शिक्षा माता-पिता पर निर्भर है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि अपने घर में बच्चों के अनुकूल माहौल बनाकर रहें। ताकि बच्चे पर बुरा प्रभाव पड़ने से बचाया जा सके। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक सुरेंद्र ठाकुर, देव कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह, उदयशंकर वैद्य, संयोजिका प्रियंका चौबे, अभिभावक शिवकुमार गुप्ता, रविकांत चंद्रवंशी, कमला देवी, शम्भू ठाकुर, प्रेमण सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### भगवान श्रीकृष्ण की छठी के भंडारा के लिए मंत्री मिथिलेश ने किया सहयोग



**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल मुख्यालय के थाना मोड़ दुर्गा पूजा समिति के द्वारा मनाये जा रहे श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के उपलक्ष्य में भगवान श्री कृष्ण की छठी के दिन भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें दुर्गा पूजा समिति को भगवान के भंडारे में मंत्री सह गढ़वा विधायक के द्वारा 2500 रुपए नगद सहयोग प्रदान किया गया तथा सुनार मोहल्ला समुदायिक भवन में मनाये जा रहे श्री कृष्ण जन्माष्टमी पूजा समिति को भी 4500 रुपए का एक क्विंटल अरवा चावल भी मंत्री के द्वारा सहयोग रंका झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी के हाथों पूजा समिति को प्रदान किया गया। इस तरह का सहयोग करने के लिए श्री कृष्ण जन्माष्टमी पूजा समिति के सदस्यों ने मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर का आभार व्यक्त किया है। इस मौके पर युवा अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, मोबीन खान, लवली उरांव, धीरज कुमार सहित पूजा समिति के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### झामुमो रंका प्रखंड कार्यालय में अध्यक्ष ने ग्रामीणों की समस्याओं का किया समाधान



**रंका (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के रंका प्रखंड कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता के द्वारा मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं का समाधान किया गया। बताते चलें कि अध्यक्ष के पास प्रतिदिन विभिन्न प्रकार की जन समस्याएं आती रहती हैं और उनके द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए यथाशीघ्र निदान किया जाता है। मंगलवार को सिरोईकला, विश्रामपुर एवं खपरो पंचायत क्षेत्र के लोगों की जनसमस्याओं की सुनवाई की गयी। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह खरवार, संतोष प्रसाद सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

### मिलिनियम पब्लिक स्कूल में तीनों संकाय साइंस, कॉमर्स एवं आट्‌र्स की कक्षाएं शुरू



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** बिशनपुर स्थित मिलिनियम पब्लिक स्कूल में सोमवार से तीनों संकाय साइंस कॉमर्स एवं आट्‌र्स की कक्षाएं प्रारंभ हो चुकी हैं। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक मोहम्मद मुमताज राही, सचिव नूरजहां बेगम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर स्वागत गान के साथ शुभारंभ किया। मौके पर विद्यालय के संस्थापक के द्वारा नये छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। विद्यालय के संस्थापक मुमताज राही ने बताया कि विद्यालय में बाहर से कुशल एवं अनुभवी शिक्षकों की नियुक्ति की जा चुकी है, जो सिलेबस के साथ-साथ आईआईटी एवं नीट की तैयारी कराएंगे। उन्होंने कहा कि पूरी आशा है कि विद्यालय के छात्र-छात्राएं मेडिकल इंजीनियरिंग के साथ अन्य शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। विद्यालय शिक्षा क्षेत्र में साइंस लैब, कंप्यूटर लैब, लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लासरूम आदि से सुसज्जित है, जो ना सिर्फ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बल्कि बड़े शहरों की तरह सभी सुविधाओं को प्रदान करते हैं। उन्हें नये अवसर प्रदान करेंगे। इस अवसर पर

**कार्यक्रम :** कांडी प्रखंड कार्यालय परिसर में 'प्रशासन आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन

# 103 सखी मंडलों को 15.45 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया

**उपायुक्त ने प्रखंड क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के शीघ्र समाधान का संबंधित अधिकारियों को दिये निर्देश**

आजाद सिपाही संवादाता




**उपायुक्त ने प्रखंड कार्यालय में जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक**

प्रशासन आपके द्वारा शिविर के बाद उपायुक्त ने जनप्रतिनिधियों के साथ प्रखंड कार्यालय के सभागार में बैठक की। जहां प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष चंद्रशेखर उपाध्याय ने कहा कि कांडी प्रखंड मुख्यालय स्थित अस्पताल केवल छह घंटे ही खुला रहता है। उन्होंने उक्त अस्पताल को 24 घंटे खुला रखने का आग्रह किया। जबकि खुटहेरिया मुखिया अनिता देवी ने कहा कि मेरे पंचायत के कोदवड़िया गांव में अभी तक भी बिजलीकरण नहीं हुई। इस प्रकार कई जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने पंचायत की समस्या रख समाधान की मांग की। उपायुक्त से भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामलला दुबे ने भी किसानों की सुखाड़ की समस्या से निबटने हेतु ठोस कदम उठाने का आग्रह किया।

**गढ़वा/कांडी।** प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता गढ़वा उपायुक्त रमेश घोलप ने की। वहीं सभी विभागों के लिए अलग-अलग स्टॉल लगाये गये थे। श्रम नियोजन प्रशिक्षण विभाग, कृषि पशुपालन व सहकारिता विभाग, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण विकास विभाग, जिला सामाजिक सुरक्षा व कोषांग विभाग, मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना, राजस्व भूमि सुधार विभाग, बाल विकास परियोजना, स्वास्थ्य विभाग सहित दर्जनों विभाग के स्टॉल लगे हुए थे। 77 सखी मंडल कैश क्रेडिट लिंक के रूप में प्रदत राशि एक करोड़ 32 लाख का चेक प्रदान किया गया। 103 सखी मंडलों को चक्रीय निधि प्रदत राशि 15 लाख 45 हजार रुपए चेक के माध्यम से प्रदान किया गया। 132 सखी मंडल को सामुदायिक निवेश कोष प्रदत राशि 66 लाख रुपए चेक के माध्यम से परिसम्पत्ति प्रदान किया गया। इससे पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी मनोज कुमार तिवारी ने पुष्पगुच्छ देकर उपायुक्त का स्वागत किया। वहीं उपायुक्त ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद कांडी मुखिया विजय राम ने लिखित आवेदन देकर कांडी नदी पर किए गए अतिक्रमण को मुक्त करने व फैली गंदगी की साफ-सफाई कराने की मांग की। कांडी हल्का कर्मचारी बेलाशिष केरकेट्टा, सीआई जगरनाथ मांझी, सीओ मनोज कुमार तिवारी से इस विषय के संदर्भ में पूछताछ की गई। वहीं एक सप्ताह के भीतर उक्त नदी को अतिक्रमण मुक्त व साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया गया। कांडी इस्लामिया कमेटी के लोगों द्वारा कब्रिस्तान के पास स्थित सरकारी शराब दुकान को स्थानांतरण कराने की मांग की गयी। मझिगावां गांव से मुखिया रीता देवी के द्वारा 30 माह से बंद आंगनबाड़ी केंद्र को खुलवाने की गुहार लगाई गयी। उसके साथ पंचायत के पुराने तालाब का जीर्णोद्धार, गांव के बबुराहा टोले से महुदड़ तक रोड के साथ गांव के अन्य तीन सड़कों की मरम्मतीकरण हेतु आवेदन दिये गये। इसके साथ मझिगावां निवासी बिरेन्द्र चौबे द्वारा गांव के बीच पुरानी तालाब की मरम्मती कराने की मांग की गई। जिस पर उपायुक्त ने कहा कि अमृत सरोवर योजना के तहत उक्त तालाब की मरम्मती की जाएगी।

बलियारी गांव निवासी प्रदीप कुमार दुबे द्वारा लिखित आवेदन देते हुए शिकायत की गई कि पांच वर्ष पूर्व बनाए गयी गाय शेड योजना पूर्ण होने के बाद भी प्रखंड विकास पदाधिकारी व प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा जान बूझकर राशि का भुगतान अभिकर्ता को नहीं कराया गया। इस पर उपायुक्त ने कड़ा निर्देश देते हुए पांच दिनों के भीतर राशि का भुगतान नहीं हुआ तो प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी कमलेश कुमार पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बहेरवा गांव निवासी कामेश्वर सिंह की पत्नी कमला देवी के नाम पर केवाला का मोटेशन नहीं करने को लेकर सीआई व कर्मचारी पर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। कर्पूरी चौक से धोबी मुहल्ला तक नली नहीं बनने के कारण सड़क पर जल जमाव को लेकर ग्रामीणों की मांग पर उपायुक्त ने विभागीय पदाधिकारी से बात कर एक माह के भीतर नाली निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं दर्जनों ग्रामीणों ने राशन कार्ड बनवाने का आग्रह किया। जिस पर उपायुक्त ने कहा कि इसके लिए एक लक्ष्य होता है। किसी का नाम कटेगा तो दूसरे का नाम जुड़ेगा। राजकीय कृत मध्य विद्यालय सुंडिपुर की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने झोलाछाप डॉक्टरों पर कड़ी तंज कसते हुए कहा कि इस प्रखंड में जितने भी अवैध व निजी क्लिनिक चल रहे हैं वैसे झोला छाप डॉक्टरों पर कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेजने की बात कही।

वहीं मत्स्य विभाग द्वारा अजय चौधरी व जमींदारी चौधरी को जाल देते हुए मछलियों का आहार भी वितरण किया गया।

# महिला को वन क्षेत्र पदाधिकारी से बदसलूकी करना पड़ा महंगा



**वन भूमि पर अतिक्रमण करने के आरोप में आदिम जनजाति विधवा महिला प्रमिला कुंअर गिरफ्तार कर भेजी गयी जेल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर उत्तरी वन क्षेत्र के वन क्षेत्र पदाधिकारी प्रमोद कुमार ठाकुर के साथ कैलान सुरक्षित वन क्षेत्र की आदिम जनजाति विधवा महिला प्रमिला कुंअर को बदसलूकी करना महंगा पड़ गया। सोमवार की देर शाम वनरक्षी एवं भवनाथपुर थाना के सहयोग से वन भूमि अतिक्रमण के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

**क्या है मामला :** वन क्षेत्र पदाधिकारी प्रमोद कुमार ठाकुर वन क्षेत्र के कांडी क्षेत्र से चार दिन पूर्व लौट रहे थे। इसी बीच सूचना मिली कि कैलान सुरक्षित वन क्षेत्र के रकशा टोला पर प्रमिला कुअंर नाम की आदिम जनजाति महिला वन भूमि पर अतिक्रमण कर रही है। इसी पर वहां पहुंचे रेंजर ने महिला को समझाने का प्रयास किया, लेकिन महिला नहीं मानी। वनरक्षी व वन क्षेत्र पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि उक्त महिला आक्रोशित होकर वन क्षेत्र पदाधिकारी पर पत्थर उठाकर मारने की धमकी दी। साथ ही गाड़ी तोड़ने की भी धमकी देने के साथ गाली गलौज कर रही थी। स्थिति को अपने पक्ष में नहीं पाते हुए वन क्षेत्र पदाधिकारी वहां से लौट गए एवं सोमवार की देर शाम वन क्षेत्र पदाधिकारी के निर्देश पर महिला एवं पुरुष वनरक्षियों द्वारा भवनाथपुर थाना के सहयोग से प्रमिला कुंअर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, हजारीबाग**

पत्रांकः– 950 हजारीबाग / दिनांकः– 22 / 08 / 2022

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक 910 दिनांक 08.08.2022 के द्वारा निर्गत ई – निविदा आमंत्रण सूचना संख्या WRD/MID/ HAZARIBAG/F2-12/2022-23 पी0आर0न0–275420 ( Minor Irrigation)22-23 (D) द्वारा प्रकाशित निविदा अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, हजारीबाग।

PR.NO.276256 Minor Irrigation(22-23):D


# सूखे का सामना कर रहे किसानों को राहत देने की मांग को लेकर प्रखंड आजसू पार्टी का धरना-प्रदर्शन 29 को

**धरना-प्रदर्शन कर सरकार से प्रखंड में व्याप्त समस्याओं के तत्काल समाधान की मांग की जाएगी : गोरखनाथ चौधरी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खरौंधी।** वर्षा के अभाव में सूखे का सामना कर रहे खरौंधी प्रखंड को अविलंब सुखाड़ से निबटने और किसानों को राहत प्रदान करने की मांग को लेकर आजसू पार्टी की प्रखंड इकाई खरौंधी द्वारा 29 अगस्त सोमवार को प्रखंड कार्यालय खरौंधी के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया गया जाएगा।

आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता गोरखनाथ चौधरी के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। गोरखनाथ चौधरी ने बताया कि खरौंधी प्रखंड में कई समस्या व्याप्त है। जिससे आमजनों को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। जिसको देखते हुए आजसू पार्टी के तत्वावधान में सात सूत्री मांग को लेकर प्रखंड कार्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित कर सरकार से प्रखंड में व्याप्त समस्याओं के समाधान की तत्काल मांग की जाएगी। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना में जॉब कार्ड मिस मैच के कारण लंबित आवास को तत्काल जॉब कार्ड सुधार करते हुए लाभुकों को आवास उपलब्ध कराने, मनरेगा योजना में लंबित मजदूरी एवं सामग्री मद की राशि तत्काल भुगतान कराने एवं अकाल एवं सुखाड़ के मद्देनजर तत्काल नयी योजना शुरू कराने सहित विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में आजसू पार्टी के राज्य एवं जिला के वरीय पदाधिकारी भी भाग लेंगे।


**कार्यालय**
**जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–**
**मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गुमला जिला अन्तर्गत विशुनपुर प्रखण्ड में अवस्थित शिवालय तालाब की अल्पकालीन बन्दोबस्ती वर्ष 2022–23 से 2024–25 तक तीन वर्षो के लिए दिनांक :– 10-09-2022 को जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला के कार्यालय कक्ष में 11.00 AM बजे खुले डाक द्वारा बन्दोबस्ती की जाएगी। तालाब की विवरणी निम्न प्रकार है:–

| क्र0 | अंचल का नाम | तालाब का नाम | ग्राम | पंचायत | खाता संख्या | प्लॉट संख्या | रकबा (ए0 में ) | सुरक्षित जमा राशि (रू में) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विशुनपुर | शिवालय तालाब | सेरका | विशुनपुर | 110 | 249, 550 | 4.88 | 16500.00 | |

अल्पकालीन खुले डाक की शर्ते:–

1. डाक में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को डाक बोली के पूर्व सुरक्षित जमा राशि का 20 प्रतिशत प्रतिभूति राशि के रूप में जमा करना होगा। डाक समाप्त होने पर उच्चतम डाक वक्ता की प्रतिभूति राशि को डाक वक्ता की प्रतिभूति राशि को डाक को डाक की बोली में समायोजित किया जायेगा एवं शेष डाक वक्ताओं की प्रतिभूति राशि डाक समाप्ति के बाद वापस कर दिया जाएगा।
2. डाक का स्वीकृति के पश्चात् डाक वक्ता को संबंधित एकरारनामा यथोचित स्टैंप के साथ करना होगा। जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला से परवाना प्राप्त किये बिना उक्त तालाब में उच्चतम डाक वक्ता कोई भी कार्य नहीं करेंगे।
3. किसी भी समय किसी भी डाक की बोली को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
4. उच्चतम डाक वक्ता का डाक समाप्ति के पश्चात् पूरी राशि एक मुश्त जमा करना होगा।
5. डाक में भाग लेने वाले व्यक्ति को अपने पहचान पत्र (आधार कार्ड / वोटर कार्ड) की छायाप्रति कार्यालय में जाम करनी होगी।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
गुमला

PR276239 (Fish)22-23*D


# जयबजरंगबली दुर्गा पूजा कमेटी की बैठक में धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय

**पूजा के संचालन के लिए कमेटी का गठन कर पदाधिकारी एवं सदस्यों का किया गया चयन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सगमा।** दुर्गा पूजा मनाने को लेकर दिन मंगलवार को जयबजरंग बली दुर्गा पूजा कमेटी की बैठक पुतुर गांव में स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में आयोजित की गई।

बैठक में शिक्षक के अलावा स्थानीय लोग व जयबजरंगबली दुर्गा पूजा कमेटी के लोग शामिल थे। बैठक में हर्षोल्लास के साथ दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। पूजा समिति की बैठक में वर्तमान समिति में उपाध्यक्ष व सचिव का पद बदलाव किया गया है।

सर्वसम्मति से इस वर्ष भी जयबजरंगबली दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष राहुल कुमार यादव व उपाध्यक्ष अमित कुमार रजक को बनाया गया। जबकि कोषाध्यक्ष श्यामबच्चन यादव व मनोरंजन यादव को बनाया गया। वहीं सचिव सुमंत यादव व राकेश बैठा को बनाया गया। महासचिव पवन कुमार यादव, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, अजित बैठा को मनोनीत किया गया। जबकि संरक्षक शिक्षक शशि कुमार यादव, बुल्लू प्रसाद यादव, शिक्षक मनोज कुमार यादव, दिनेश यादव, मनोज बैठा, चंद्रदेव बैठा, अखिलेश चन्द्रवंशी, मनोज प्रजापति, विमलेश प्रजापति को बनाया गया। इधर सदस्य में अमन कुमार यादव, मिथलेश गुप्ता, पवन यादव, सनी यादव, अंकेश यादव, अनिल प्रजापति, सूर्यकांत गुप्ता, सिवनेनंद गुप्ता, वशिष्ठ यादव, सुरेंद्र गुप्ता, मुन्ना लाल यादव, जितेंद्र यादव, संजय यादव, शशि यादव सहित काफी संख्या में सदस्य के रूप में चयनित किया गया है। जयबजरंगबली दुर्गा पूजा के संरक्षक शशि यादव व बुल्लू यादव ने बताया कि ग्रामीणों एवं सदस्यों के सहमति से इस वर्ष पूजा भव्य तरीके से मनाया जाएगा। इस मौके पर जगन बैठा, राजेन्द्र यादव, विजय यादव, मनोज यादव मुकेश, मेवा यादव, विश्वनाथ यादव, बिंदु प्रजापति, सहित कई लोग शामिल थे।


**Office of Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division, Simdega**

**Very Short Tender e-Procurement Notice**
**(3rd Call)**
**Tender Reference:- DWSD/JJM/SVS/SIM-15/2021-22Date:- 23.08.2022**

1. **Name of Work :-** Construction of Cluster wise Single Village Water Supply Schemes based on Solar Energy Based Mini Rural Pipe Water Supply Schemes in different blocks of Simdega District which are not included in MVS/Other Schemes to supply water and house connection with 05 Years Operation and Maintenance works on "Turn Key Basis" Under D.W. & S. Division, Simdega for the Financial Year 2021 -22 (JJM- Head)

| Sl. No. | Sub Cluster No. | Block | No. of Scheme | No. of FHTC | Estimated Cost (in Lakh) | Earnest Money (in Lakh) | Cost of BOQ (in Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11A | Thethaitangar | 129 | 1718 | 749.80 | 7.50 | 10,000.00 | 09 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | Date of Tender Uploading in Website | Date – 27.08.2022 up to 04:00 PM |
| 3 | Date of Pre-bid Meeting | Date – 29.08.2022 up to 3:30 P.M. in the office of Engineer in Chief, D.W.& S. Department Jharkhand, Ranchi. |
| 4 | Last Date Receipt of Bid | Date – 07.09.2022 up to 04:00 PM |
| 5 | Last Date Submission cost of BOQ and EMD (in Hard Copy) | Date – 08.09.2022 up to 4:00 PM in the office of 1- Executive Engineer, DW&S Div. Simdega. 2- Superintending Engineer, DW&S Circle, Gumla. 3- Regional Chief Engineer, D.W.& Dept. Ranchi Region, Ranchi |
| 6 | Date of Opening Tender (Technical Bid) | Date – 09.09.2022 up to 11:00 AM |
| 7 | Name and Address of office Inviting Tender | Executive Engineer, D.W.& S. Division, Simdega |
| 8 | Name and Address of Tender Opening Officer | Executive Engineer, D.W.& S. Division, Simdega |
| 9 | Contact No. of e-Procurement office | 9973461837 |
| 10 | Helpline No. of e-Procurement cell | 06525-350233 |

Note :- i) Tender is liable to be canceled at any time without assigning any reason.
ii) Estimated Cost & EMD Cost may be changed.
iii) Only Registered contractor in this department participate in said tender.
iv) Further detail can be seen on website http://www.jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
D.W.& S. Division, Simdega.

PR 276233 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 24 अगस्त, 2022
www.azadsipahi.com
08

## चांडीडीह पहुंचे भाजपा नेता, मृतकों के स्वजनों का बंधाया ढाढ़स

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष संजय साहू, ग्रामीण युवा मोर्चा अध्यक्ष सुकेंदर महतो और अन्य कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को भंडरा पंचायत के चांडीडीह गांव जाकर तीन लोगों की हत्या से मर्माहत परिवार वालों से मुलाकात की और मृतकों के स्वजनों को ढाढ़स बंधाया। मृतक के बड़े भाई सोमा मुण्डा, गेन्दा मुण्डा और चुन्नू मुंडा को भाजपा नेताओं ने आश्वस्त किया कि भाजपा परिवार दुःख की इस घड़ी में आपके साथ है। जिलाध्यक्ष ने मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी और प्रखण्ड अंचल अधिकारी खूंटी से दूरभाष से बात कर पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता यथा शीघ्र देने की मांग की। ज्ञात हो कि दो दिन पहले एक ही परिवार के दो सदस्यों सहित तीन लोगों की एक साथ हत्या कर दी गयी थी। मृतकों में बिनता मुण्डा, सुडा मुण्डा और विकास अहीर शामिल हैं।

## एसपी ने पुलिस अधिकारियों-कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** कुछ माह पहले संपन्न हुए त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान प्रक्रिया पूरी कराने तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने, सौहार्द को कायम रखने और जनमानस में पुलिस की छवि को बेहतर बनाने के लिए खूंटी पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने जिले के पुलिस अअधिकारियों और कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एसपी ने एसपी अभियान रमेश कुमार, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय जयदीप लकड़ा, एसडीपीओ तोरपा ओम प्रकाश तिवारी, एसडीपीओ खूंटी अमित कुमार, सीआरपीएफ 94 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी पीआर मिश्रा, मृत्युंजय कुमार, उप कमांडेंट अंजन कुमार मंडल, राणा प्रताप यादव, सुधांशु कुमार, गोपाल सिंह, जितेंद सिंह गुज्जर, के जेम्स रंगमोई, राजेन्द्र सिंह, अजित उपाध्याया, सिद्धर्थ आर सहित कई पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित दिया गया। इस मौके पर एसपी अमन कुमार ने कहा कि चुनाव के दौरान किसी भी तरह की हिंसा नहीं हुई, कहीं भी चुनाव बहिष्कार की स्थिति नहीं बनी, यह सब पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का परिणाम था। इसमें जिले के पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 94 वाहिनी के अधिकारियों और जवानों का सराहनीय योगदान रहा।

## 15 सूत्री मांगो को लेकर रैयत विस्थापित मोर्चा और सीएचपी प्रबंधन के बीच हुई एंजेडा मीटिंग

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सीएचपी-सीपीपी परियोजना कार्यालय मे रैयत विस्थापित मोर्चा और प्रबंधन के बीच 15 सुत्री मांगों को लेकर एजेंडा मिटिंग हुई। बैठक की अध्यक्षता परियोजना पदाधिकारी गोविंदम सरकार एवं संचालन कार्मिक प्रबंधक आरएस चिवंडे ने किया। बैठक में रैयत विस्थापित मोर्चा के प्रतिनिधियों द्वारा विस्थापित रैयतों के लिए पुनर्वास के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधायें,रोजगार, स्ट्रीट लाइट,कोयला आवंटन में बढ़ोतरी, प्रदूषण रोकथाम जैसे मुद्दे को गंभीरता से उठाया गया। मोर्चा द्वारा प्रबंधन के समक्ष रखे गये 15 सूत्री मांगों पर 3 घंटे तक चली बैठक में कई अहम फैसले लिये गये। प्रबंधन ने सभी मांगों पर विचार करने का सकारात्मक आश्वासन देते हुए यथा संभव सभी कार्य कराने का भरोसा मोर्चा को दिया। मांगों में मुख्य रूप से किचटो में जलापूर्ति करने, बहेरा,कल्याणपुर,कारो, बिलारी,किचटो में स्ट्रीट लाइट लगाने एवं जर्जर पोल तार बदलने, अधिक क्षमता वाले ट्रांसफार्मर देने,लोडिंग मजदूरों के लिए शुद्ध पेयजल, शेड, शौचालय निर्माण करने,बहेरा कब्रिस्तान में बिजली की व्यवस्था देने, आसपास के स्कूलों में सीएसआर से बेंच डेस्क, खेल सामग्री, मेडिकल कैंप लगाने,दामोदर और सपही नदी पुल की नियमित सफाई कराने, ट्रांसपोर्टिंग कार्य में विस्थापित बेरोजगारों को रोजगार देने, सीएचपी के निकट अंडर पास पुल की सफाई कर जलजमाव से निजात दिलाने के साथ आस-पास के गांव में डीप बोरिंग कराने का निर्णय लिया गया। परियोजना पदाधिकारी ने संबधित विभाग को कार्य करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया। इस बैठक में प्रबंधन की ओर से मैनेजर पीके सिंह, रवि रंजन, संदीप कुमार एवं मोर्चा की ओर से क्षेत्रीय अध्यक्ष इकबाल हुसैन, क्षेत्रीय सचिव रामचंद्र उरांव, सीएचपी शाखा अध्यक्ष विजय कुमार महतो, बिरु मुंडा, मोहम्मद असलम, राजेश महतो, देवनाथ महतो, महेश साव, इदरीस अंसारा, शिवशंकर साव, जावेद अली, इंद्रजीत उरांव, अनिल ठाकुर, तेतरी देवी, झमनी देवी, मुन्नी देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## एक्सआइएसएस के सभी चार पीजीडीएम कार्यक्रम अब एनबीए से मान्यता प्राप्त

**रांची (आजाद सिपाही)।** जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआइएसएस), रांची पूर्वी भारत का एक प्रमुख बी-स्कूल है, जिसे राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) से अपने सभी स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रबंधन कार्यक्रमों (पीजीडीएम) यानी मानव संसाधन प्रबंधन, ग्रामीण प्रबंधन, विपणन प्रबंधन, और वित्तीय प्रबंधन के लिए मान्यता प्राप्त हुई है। संस्थान ने जनवरी 2022 में अप्लाई किया था और मई 2022 में किए गए फिजिकल ऑडिट के आधार पर प्रतिष्ठित एनबीए प्रत्यायन प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि के बारे में बोलते हुए, निदेशक एक्सआइएसएस, डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे ने संस्थान को आगे ले जाने में लगातार समर्थन के लिए संस्थान के गवर्निंग बॉडी के सदस्यों को धन्यवाद दिया। उन्होंने संस्थान के आदर्शों में विश्वास करने के लिए संस्थान के सभी हितधारकों बोर्ड ऑफ गवर्नर्स (बीओजी) सहित फैकल्टी, स्टाफ, पूर्ववर्ती छात्रों, संस्थान के छात्रों और सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। श्एक्सआईएसएस 'मैजिस' यानि जेसुइट दर्शन के मूल विचार पर खरा उतरा है, जो है: सभी प्रयासों में उत्कृष्टता का उद्देश्य। हमने हमेशा छात्रों को सामाजिक रूप से एक जागरूक पेशेवर बनाने के साथ-साथ उनमें गुणवत्ता और उद्योग की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार की गयी शिक्षा प्रदान करने में विश्वास किया है। एनबीए प्रत्यायन हमारे समर्पण, प्रतिबद्धता और समग्र दृष्टिकोण का प्रमाण है और हम आने वाले दिनों में ऐसे ही और अधिक मील के पत्थर हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं,ह्व डॉ कुजूर ने कहा। डॉ अमर ई तिग्गा, डीन एकेडमिक्स, एक्सआईएसएस ने साझा किया, संस्थान ने शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और कॉरपोरेट्स और उनके बदलते रुझानों को समझने के क्षेत्र में वास्तव में उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है, जिसके लिए हम जाने जाते हैं।

## सीसीएल ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार प्रबंधन के द्वारा मंगलवार को बेंती पंचायत में सीएसआर योजना के तहत पीसीसी पथ का शिलान्यास किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पिपरवार क्षेत्र के स्टाफ ऑफिसर सिविल पीके साहू,स्टाफ ऑफिसर पर्सनल आलोक मनीष सोय, सीएसआर ऑफिसर रवि बाड़ा और बेंती पंचायत की मुखिया सरिता देवी ने संयुक्त रुप से नारियल फोड़कर और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ पीसीसी पथ का शिलान्यास किया। इस संबंध मे मुखिया सरिता देवी ने कहा कि बेंती गांव का मुख्य सड़क पिछले कई वर्षो से जर्जर की स्थिति मे था,जिसके कारण आवागमण करने वाले लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। स्थानीय लोगो के द्वारा इस समस्या से सीसीएल पिपरवार प्रबधंन को अवगत कराया गया, जिसके बाद पिपरवार प्रबधंन ने स्थानीय लोगो की भावना को समझते हुए सीएसआर मद से पीसीसी पथ निर्माण कराने की स्वीकृति दी गई और अब विधिवत पूजा अर्चना के साथ सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है।

### चुपके से दो दिन पहले जयनाथ ने सरेंडर कर दिया

# जयनाथ को रांची के सिपाही राधे ने बनाया था नामी गुंडा

### खूंटी में भी कई नामी लोगों की कर दी थी हत्या

अपने लंबे आपराधिक इतिहास में जयनाथ साहू ने खूंटी में तेली समाज के युवा नेता जयप्रकाश कश्यप, बस संचालक वीरेन जायसवाल, तेली समाज के नेता श्रवण कश्यप, बिरहू गांव के युवक पवन साहू सहित अन्य कई लोगों की सरेआम हत्या कराकर खूंटी में आतंक का माहौल स्थापित कर दिया था। बताया जाता है कि लंबे अरसे तक पुलिस से बचने का बड़ा कारण यह रहा कि पुलिस के पास उसकी कोई ऐसी तस्वीर नहीं थी, जिससे उसकी पहचान हो सके। पुलिस के पास उसकी एक पुरानी तस्वीर थी, जिससे उसको पहचानना मुश्किल था। बताया जाता है कि अक्सर वह जिला मुख्यालय सहित जिला के अन्य क्षेत्रों में आता जाता रहता था लेकिन पहचान ना होने के कारण वह क्षेत्र से घूम कर सुरक्षित अपने ठिकाने पर लौट जाता था। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार अपराध हुआ रंगदारी से उसने करोड़ों की प्रॉपर्टी अर्जित कर रखी है। जिला मुख्यालय खूंटी के प्रमुख नेताजी चौक के समीप करोड़ों की तीन प्रॉपर्टी उसने अर्जित की है। उसके द्वारा अर्जित की गई खूंटी के इन प्रॉपर्टी में उसकी बेटी, दामाद और बेटा रहता है। सूत्रों का कहना है कि नेताजी चौक में अर्जित एक प्रोपर्टी पर उसका बेटा वर्तमान में एक मॉल का निर्माण करा रहा है।

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** एक से बढ़कर एक अपराध की गाथा लिखने वाला सम्राट गिरोह का सरगना जयनाथ साहू ने दो दिना पूर्व चुपके से रांची के सिविल कोर्ट में सरेंडर कर दिया। इसकी भनक किसी को नहीं लगी, ना पुलिस को और ना ही मीडिया को। एक दिन बाद तब पता चला जब जयनाथ साहू ने खुद चाहा। उसने मीडिया से कहा सीधा-साधा जीवन जीने की चाह में उसने अपराध जगत से नाता तोड़ लिया। रांची, खूंटी, सिमडेगा और गुमला के कई थानों में उसके आतंक के कई गाथे अंकित है। बीते कुछ सालों से वह रांची छोड़ कोलकाता में जाकर बस गया। सुप्रीमो जयनाथ आज की तारीख में वह कई फ्लैट, जेसीबी और लग्जरी गाड़ियों का मालिक है। उसके नाम का आतंक ऐसा है कि उसके खिलाफ गवाही देने तक की हिम्मत किसी में नहीं। कुछ इलाकों में आज भी लोग उसके नाम सुन कांप उठते हैं। कई जाबांज आइपीएस अधिकारी उसके पीछे पड़े, पर कोई उसका बाल बांका तक नहीं कर सके। कहते हैं कि परिवार के सदस्यों के कहने पर उसने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। वह अपने घूटने के दर्द से भी परेशान था। कभी गांव में बकरी भैंस चराने वाले सीधासादा जयनाथ साहू को नामी गुंडा बनाने और चमकाने में रांची जिला बल का एक बर्खास्त सिपाही राधे सिंह का बड़ा योगदान है। जेल में बंद सिपाही राधे ने ही उसके कान में ऐसी फूंक मारी कि जेल के अंदर पंजाब भंसा यानी कैंटिन चलाने वाला जयनाथ देखते ही देखते सम्राट गिरोह का सुप्रीमो बन गया। यह बात करीब ढाई साल दशक पुरानी है। तब कद काठी से तगड़ा और मजबूत जयनाथ साहू किसी मामले में रांची सेंट्रल जेल में बंद था। तब वह दबंग बलीराम उर्फ बली साहू का सबसे वफादार और राइट हैंड माना जाता था। जंगली जीवन जीने वाले जयनाथ को तब किसी का कोई डर भय नहीं था। उसके नाम का रांची और खूंटी में आतंक था। उसकी हुकूमत चलती थी। जेल आने के बाद उसकी माली हालत खराब हो गई। खर्चा-पानी तक का पैसा नहीं था। तब जेल में ही बंद रांची जिला बल के सिपाही राधे सिंह को उसने अपना गुरु बनाया। सिपाही राधे ने ही उसे गुरूमंत्र दिया। जेल से बाहर आते ही जयनाथ ने अपना अलग गैंग तैयार कर लिया। तब दागी सिपाही राधे सिंह ने उसका खूब साथ दिया। उसे एक से बढ़कर एक हथियार और शूटर दिये। जहानाबाद से आये शूटरों में नेपाली सिंह और अनिल मल्लाह के हथियारों के नाल से कई खून बहे। ताबड़तोड़ कई वारदातों को अंजाम देने में जयनाथ साहू का नाम उछला। रांची के लापुंग, बेड़ो और कर्रा के छोटे बड़े शकरकंद और बीड़ी पत्ता के ठेकेदारों से बतौर रंगदारी मोटी रकम वसूलने लगा। मालदार हो जाने के बाद जयनाथ साहू का गैंग भी बड़ा होता चला गया। इसी बीच वर्ष 2000 में खूंटी का आतंक सुरेश गोप मारा गया। उसे तत्कालीन डीएसपी मधुसूदन बारी की टीम ने ढेर किया था। सुरेश के अंत होने के बाद उसका छोटा भाई दिनेश गोप ने जेएलटी नाम का आपराधिक संगठन बनाया। जेएलटी संगठन ने भी कई उम्दा हथियार जयनाथ साहू से खरीदे। बाद में पैसा और वर्चस्व के खेल में दिनेश गोप और जयनाथ साहू एक दूसरे के जानी दुश्मन बन गये। वहीं जयनाथ अपने पुराने आका बली साहू से बदला लेने के लिए तिलमिला रहा था। उसने रांची से दो पेशेवर शूटर वरूण सिंह और मुन्ना विश्वकर्मा को हायर किया। यह बात बली साहू के लोगों तक पहुंच गई। दोनों शूटर मारे गये। वरूण कोकर में जिमखाना के पास रहता था, वहीं मुन्ना मधुकम में। वहीं जेएलटी का नाम बदल पीएलएफआइ हो गया। इसके बाद दौर शुरू हुआ गैंगवार का। पीएलएफआइ और सम्राट गिरोह के बीच हुए गैंगवार में करीब 39 लोग केवल रांची में मारे गये। हालत इतनी बिगड़ गई थी कि एक दफा सम्राट गिरोह ने दो लोगों की हत्या कर उसके डेड बॉडी को कर्रा थाना के बाहर फेंक दिया। हिमाकत ऐसी थी कि थानेदार को फोन कर कहा गया, डेड बॉडी फेंकी हुई है, उठा लो। खौफनाक माहौल था। लॉ एंड ऑडर दुरूस्त करने की मांग को लेकर आम जनता को राजभवन के बाहर धरना देना पड़ा। रांची पुलिस कप्तान के पद पर जब साकेत कुमार सिंह और ग्रामीण एसपी असीम विक्रांत मिंज आये, तो सम्राट गिरोह के खिलाफ जोरदार अभियान शुरू किया। इससे पहले एमएस भाटिया दोनों गिरोह की कई रीढ़ को तोड़ चुके थे। छोटे भाई जेठू साहू के मारे जाने के बाद से जयनाथ साहू अंडर ग्राउंड हो गया। उसके गिरोह के कई विकेट गिर चुके थे। बाद में पत्नी और साली की बात मान रांची छोड़ दिया और कोलकाता में जाकर बस गया।

## जमस ने पदोन्नत्ति मामले में की गई अनियमितता की जांच की

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** कार्यालय अधीक्षक के पदोन्नत्ति मामले में एनके एरिया कार्मिक विभाग द्वारा की गई अनियमितता को लेकर जनता मजदूर संघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष सह क्षेत्रीय खान सुरक्षा सलाहकार समिति सदस्य गोलटेंन प्रसाद यादव ने एनके महाप्रबंधक को एक पत्र देकर शिकायत की है। पत्र के माध्यम से बताया गया कि कार्यालय अधीक्षक की पदोन्नति पत्र निर्गत होने के साथ ही संगठन द्वारा कार्मिक विभागाध्यक्ष ० सम्बंधित लोगों की पदोन्नति में हुये अनिमियतत्ता के कारण सहित मौखिक जानकारी दी गई थी। वहीं पदोन्नत किये गये तीन कर्मचारी पर सीएमपीएफ ० अन्य बिंदु पर गम्भीर आर्थिक अनिमियतत्ता के आरोप के आलोक में पेनाल्टी इम्पोस्ड किया गया था। पत्र में कहा गया सीएमपीएफ क्लेम के कथित अनियमितता के मामले में हो रही जाँच के जद में कई कार्मिक अधिकारी भी चर्चा में आये थे। इसके बावजूद इतने गम्भीर आर्थिक अनिमियतत्ता की जाँच की जद में आये कर्मचारियों का पदोन्नति अनुचित तरीके से क्यों कर दिया गया था और इसके पीछे किसी का कोई निहित स्वार्थ तो नहीं काम कर रहा था। इसकी गंभीरता पूर्वक जांच होनी चाहिए थी। लेकिन पखवाड़ा गुजर जाने के बाद भी कार्मिक विभाग्यध्यक्ष द्वारा पत्र निरस्त नहीं किया गया था। जब संगठन ने अनियमितता की महाप्रबंधक से मौखिक शिकायत की तब जाकर कर्मचारियों की पदोन्नति को आनन फानन में बैक डेट से कार्मिक विभाग द्वारा पत्र जारी कर निरस्त कर दिया गया। संगठन ने हमेशा की भांति सकारात्मक रुख पर कायम रहते हुए इतनी बड़ी अनियमितता/लापरवाही को आपके समक्ष रखा है। संगठन महाप्रबंधक से उम्मीद रखता है कि इस पुरे मामले की गंभीरता को देखते हुए शीघ्र ही विभागीय जांच कराने का निर्देश देंगे। ताकि अनियमितता/लापरवाही का वास्तविक कारण सामने आ सके।

## मुखिया संघ की अध्यक्ष बनीं मंजुला उरांव

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** कर्रा प्रखंड मुखिया संघ का चुनाव मंगलवार को कर्रा पंचायत सचिवालय में हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से लोधमा पंचायत मुखिया मंजुला उरांव अध्यक्ष और बमरजा पंचायत मुखिया अनूप कुजूर को सचिव चुना गया। इस अवसर पर मंजुला उरांव ने कहा कि हम सभी मुखिया को एकजुट होकर रहना होगा। किसी भी मुखिया के सुख-दुख की घड़ी में सभी कोई मिलकर सहयोग करेंगे। कोई भी समस्या उत्पन्न होने पर सभी मिलकर समस्या का निराकरण करेंगे। मौके पर प्रखंड के सभी 19 पंचायतों के मुखिया उपस्थित थे।

## डीएमएस ने केडीएच वीटीसी में गैस चैंबर का किया उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** सीसीएल एनके के एरिया के केडीएच ग्रुप वीटीसी सेंटर में मंगलवार को गैस चैंबर और ट्रेनिंग क्लास रूम का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित डायरेक्टर ऑफ माइंस सेफ्टी आफताब आलम ने फीता काटकर गैस चैंबर और ट्रेनिंग क्लास रूम का उद्घाटन किया। इससे पूर्व डीएमएस का महाप्रबंधक संजय कुमार वीटीसी मैनेजर आर गांधी ने बुके देकर स्वागत किया। उद्घाटन के बाद डीएमएस ने ग्रुप वीटीसी सेंटर का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा। मौके पर एजीएम केके झा, एरिया खान सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र प्रसाद, रोहिणी परियोजना पदाधिकारी डीके सिंह, केडीएच परियोजना पदाधिकारी जे अब्राहाम, पुरनाडीह परियोजना पदाधिकारी नरेश सिंह, एमआरएस सुपरिटेंडेंट एलबी महोबिया सहित वीटीसी और एमआरएस के कई कर्मी उपस्थित थे।

### गैस चेंबर टेसटिंग सेंटर में 7 दिनों की विशेष ट्रेनिंग होगी उपलब्धः आफताब आलम

केडीएच वीटीसी सेंटर में गैस चैंबर का उद्घाटन के बाद डीएमएस आफताब आलम ने कहा कि माइनिंग करने वाले लोगों के लिए गैस सर्टिफिकेट के लिए पहले लिखित परीक्षा ली जाती थी, जिसका सर्कुलर बदल गया है। अब केवल 7 दिनों की ट्रेनिंग में ही उन्हें सर्टिफिकेट मिल जायेगी। वैसे छात्रों को इस गैस चेंबर टेस्टिंग सेंटर में 7 दिनों की विशेष ट्रेनिंग उपलब्ध करायी जायेगी, जो इस क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

### डीएमएस के कुशल मार्गदर्शन में एनके एरिया बढ़ रहा आगेः संजय कुमार

डीएमएस आफताब आलम के कुशल मार्गदर्शन के कारण एनके एरिया कई क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। उनका अनुभव क्षेत्र में स्थापित कोयला उद्योग के लिए वरदान साबित हो रहा है। उक्त बातें महाप्रबंधक संजय कुमार ने केडीएच में गैस चैंबर उद्घाटन के मौके पर कही। महाप्रबंधक ने कहा कि चूरी खदान रिओपनिंग से लेकर, केडीएच में गैस चैंबर का उद्घाटन होना डीएमएस के सकारात्मक सोच को दशार्ता है। इनका सहयोग मिलता रहा तो एनके एरिया में कई अन्य सुरक्षा संबंधित विभागों के केंद्र स्थापित हो सकते हैं।

### गैस प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्राप्त करना अब होगा संभवः वरिष्ठ प्रबंधक

सामूहिक व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र में गैस परीक्षण में सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम लगातार चलता रहेगा। यह बात सामूहिक व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र केडीएच के वरिष्ठ प्रबंधक राघवेंद्र गांधी ने कही। उन्होने ने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रारंभ होने से सी सी एल के कर्मचारी एवं आस पास के बच्चों को गैस प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्राप्त करना अब संभव हो गया है।

## खूंटी जिला को कुपोषण मुक्त बनाने को लेकर कार्यशाला

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में खूंटी जिला को कुपोषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को विशेष कार्यशाला का आयोजन समाहरणालय में किया गया। कार्यशाला के दौरान प्रशासन एवं विभिन्न संस्थाओं की भूमिका पर विस्तृत चर्चा करते हुए पीपीटी के माध्यम से जिले में किये जा रहे कार्यों और किये जाने वाले कार्यों से अवगत कराया गया। साथ हीं विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए गर्भवती महिलाओं, माताओं, किशोरियों और बच्चों के पोषण की आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्यों की चर्चा की गयी। मौके पर फिया फाउंडेशन के प्रतिनिधि दीपक कुमार ने अपने प्रेजेंटेशन के माध्यम से कुपोषण को लेकर किये गए कार्य एवं आवश्यक सुझाव और इस दिशा में बेहतर कार्य करने के उपयोगी तरीकों से सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान प्रदान, वर्ल्ड विजन व एकजुट संस्था के प्रतिनिधियों ने भी पीपीटी के माध्यम से कुपोषण से सम्बन्धित विषयों की जानकारी दी। कार्यशाला में वीसी के माध्यम से सीएफएनएस, फिया फाउंडेशन के प्रतिनिधि एवं अन्य समाज सेवी उपस्थित थे। साथ ही जिले के विभिन्न प्रखंडों से आयी आंगनबाड़ी सेविकाओं ने भी कार्यक्रम के दौरान अपनी जिज्ञासाओं को प्रस्तुत किया। कार्यशाला के दौरान उपायुक्त द्वारा बताया गया कि कुपोषण के प्रति गंभीर दृष्टिकोण अपनाते हुए संबंधित कार्यों के उचित संचालन एवं क्रियांवयन को लेकर जनभागीदारी और आपसी समंवय की आवश्यकता है, ताकि अपने समाज और जिले से कुपोषण की समस्या को जड़ से खत्म किया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि जनभागीदारी और समाज के हर तबके के लोगों, स्वयंसेवी संस्थाओं, अधिकारियों, कर्मचारियों की भागीदारी को शत प्रतिशत सुनिश्चित करते हुए ही समाज से व्याप्त कुपोषण को दूर किया जा सकता है। कार्यशाला के दौरान उपस्थित जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों ने कुपोषण के संबंध में अपने विचार व्यक्त किये। इस अभियान के तहत बच्चों को स्तनपान कराने के लिए माताओं को जागरूक करना है। छोटे बच्चों के पूरक पोषाहार के सबंध में बताना है और उनके परिजनों को इससे जुड़ी जानकारी से अवगत कराना है, ताकि सही मायनों में कुपोषण मुक्त समाज व जिला की परिकल्पना को साकार किया जा सके।

## 20 सूत्री की बैठक मे शामिल हुए राजेंद्र गुप्ता ने उठाया कोयलांचल की समस्या

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** चतरा जिले के समाहरणालय में आयोजित 20 सूत्री की समीक्षात्मक बैठक में पिपरवार के विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र गुप्ता भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पिपरवार कोयलांचल की समस्या को प्रमुखता के साथ उठाया। जानकारी के अनुसार झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मंत्री सह अध्यक्ष 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति मिथिलेश ठाकुर की अध्यक्षता मे बैठक हुई, जिसमे बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद की गैर मौजुदगी मे पिपरवार के विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र गुप्ता शामिल हुए। इस दौरान राजेन्द्र गुप्ता ने पिपरवार क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से रखा,जिसमें मुख्य रुप से विद्यालयों की जर्जर स्थिति, समुचित ढंग से पढ़ाई एवं रख-रखाव के साथ पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर बचरा में बन रहे जलमीनार जिसका निर्माण कार्य 8 महीनों से बंद है का मुद्दा उठाया। इस पर मंत्री की ओर से आश्वस्त किया गया की विद्यालय की मरम्मती, रख-रखाव के साथ जलमीनार का काम जल्द शुरू कराने का भरोसा दिया।बैठक में मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने सभी विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए लचर व्यवस्था को जल्द से जल्द दुरुस्त करने का आदेश दिया। बैठक में राजेन्द्र गुप्ता को स्मृति चिन्ह और शाल देकर सम्मानित किया गया। पिपरवार क्षेत्र से बैठक में शामिल होने वाले लोगों में राजेन्द्र गुप्ता के साथ हीराराम,तेजनाथ महतो, मुकेश महतो,अमन कुमार का नाम शामिल है।

## प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा ने लंबे समय से बंद पाहन टोली आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी प्रखंड के बमने पंचायत स्थित पाहन टोली स्थित आंगनबाड़ी केंद्र (कोड संख्या 20364040418) लगातार 4 वर्षों से अधिक समय से बंद पड़ा है। जिससे लेकर पाहन टोली के ग्रामीणों ने प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा को सूचित किया। सूचना मिलने पर खलारी प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा ने बमने पंचायत के पाहन टोली स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने पाया कि आंगनबाड़ी केंद्र बन्द पड़ा है। वहीं स्थानीय ग्रामीणों से बंद रहने का कारण पूछें जाने पर उन्होंने बताया कि उक्त आंगनबाड़ी केंद्र कई वर्षों से बंद पड़ा है। प्रमुख ने निरीक्षण के दौरान यह भी पाया कि आंगनबाड़ी केंद्र का कुछ दिन पूर्व सुंदरीकरण भी किया गया है। लेकिन आंगनबाड़ी सेविका अनिता देवी द्वारा पिछले कई वर्षों से आंगनबाड़ी केंद्र को बंद रखा गया है। प्रमुख सोनी तिग्गा ने उक्त आंगनबाड़ी केंद्र के इतने लंबे समय से बंद रहने की जांच कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र के बंद रहने से ग्रामीण बच्चों का भविष्य खराब हो हो रहा है। सरकार के द्वारा दी जा रही सुविधाओं से भी बच्चे वंचित हो रहे है। उन्होने कहा जल्द ही वो संबंधित विभाग के वरीय अधिकारियों से मिल कर उक्त समस्या को रखेंगी। इधर सीडीपीओ से उक्त आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन संबंधित जानकारी मांगने पर उन्होंने कहा कि वस्तु स्थिति की जानकारी लेने के बाद ही वो पुरे मामले पर आगे की कार्रवाई करेगी।

## मजदूर नेता ने दी आर्थिक सहायता



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी कोयलांचल के मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने रीता देवी के परिजन को आर्थिक मदद किया। खलारी के चुरी पश्चमी पंचायत के भूतनगर निवासी रीता देवी की मौत बीमारी के कारण हो गई थी। रीता देवी बहुत गरीब परिवार से थे। जानकारी मिलने पर अब्दुल्ला अंसारी घर गये संवेदना व्यक्त करते हुए उनके स्वजनों को खाद सामग्री एवं आर्थिक मदद दिया।

## कीम्स डॉक्टरों ने मॉनसून के दौरान मच्छरों से होने वाली बीमारियों के खिलाफ बेहतर सुरक्षा की अपील

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओडिशा के कई जिलों में लगातार बारिश और बाढ़ के को देखते हुए कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (कीम्स) के डॉक्टरों ने मच्छर जनित बीमारी से निपटने के लिए सुरक्षा उपायों को बढ़ाने की अपील की है। निवारक उपायों में खड़े पानी में मिट्टी का तेल या मिनरल तेल लगाना और आसपास के वातावरण को सूखा रखना है। इसके अलावा बाहर निकलते समय या मच्छर भगाने वाली क्रीम का प्रयोग करते समय मच्छर रोधी क्रीम (नारियल का तेल) लगाना धार्मिक रूप से पालन किया जाना चाहिए। सामुदायिक चिकित्सा विभाग (किम्स) के सहायक प्रोफेसर डॉ कृष्ण मिश्रा ने सुझाव दिया। मलेरिया और डेंगू जैसी मच्छर जनित बीमारी ओडिशा में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के लिए चिंता का प्रमुख विषय रही है। 20 अगस्त को विश्व ने नोबल पुरस्कार से सम्मानित सर रोनाल्ड रॉस की याद में मच्छर दिवस मनाया, जिन्होंने मच्छरों और मलेरिया के बीच की कड़ी की खोज की थी। मलेरिया विरोधी कार्यक्रमों को बढ़ावा देने और जन जागरूकता बढ़ाने के लिए यह दिन मनाया गया।

## दीवार गिरने से दो की मौत

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** दीवार गिरने से भाई-बहन की मौत। ऐसी घटना देखानेको मिला मयूरभंज जिले के उदला थाना के राइडाही गांव में हालांकि एक 3 साल का शिशु पुत्र की जान बच गई। जानकारी के अनुसार राईडाही गांव के निवासी तुलसी सिंह के एक बेटी और दो बेटा के साथ घर में सो रहा था। आधी रात को तेज बारिश के कारण घर की दीवार अचानक गिर गई। हालांकि, तुलसी के छोटे बेटे को दीवार के नीचे से बाहर निकालने में सफल रही, जबकि बड़े बेटे और बेटी को दीवार के नीचे दबे हुए थे। तुलसी के चीखने-चिल्लाने के बाद स्थानीय लोगों ने आकर दोनों बच्चों को बचाया और उदला अस्पताल ले गये, लेकिन डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

0

## आमया ने राजभवन के समक्ष दिया धरना, मांगें पूरी न होने पर आंदोलन करने का किया ऐलान

**रांची (आजाद सिपाही)।** ऑल मुस्लिम यूथ एसोसिएशन (आमया) व झारखंड छात्र संघ ने मुस्लिम से जुड़ी समस्याओं को लेकर राजभवन के समक्ष मंगलवार को अध्यक्ष एस अली की अध्यक्षता में धरना दिया गया। इस दौरान राज्य सरकार पर मुस्लिम विरोधी नीति अपनाने का आरोप लगाया गया। वक्ताओं ने कहा कि यूपीए सरकार ने उर्दू स्कूलों की मान्यता खत्म कर दी है। इस दौरान प्लस टू विद्यालयों में उर्दू शिक्षकों के पद सृजित कर बहाल करने, उर्दू प्राथमिक शिक्षक के 3712 के रिक्त पदों को स्नातक टेट उत्तीर्ण से भरने, उर्दू विद्यालय में उर्दू लिपि की किताबें उपलब्ध कराने, मॉबलिचिंग पर कानून बनाने, पीड़ितों को मुआवजा देने, वक्फ बोर्ड, अल्पसंख्यक आयोग का गठन करने की मांग की। कहा गया कि एक माह में मांगें पूरी नहीं हुई तो तो चौपाल लगाकर आगे की रणनीति बनाई जाएगी। सभा को आदिवासी संयुक्त मोर्चा के बलकू उरांव, अंतु तिर्की, डॉ अब्दुल्लाह कासमी, शमीम अखतर, हमीद गाजी, फजलूल कदीर, मो सलाउद्दीन उर्फ. संजू, डॉ इकबाल, अब्दुल रहमान, अंजुम खान, नेहाल अहमद, नाजिया तब्बसुम, डॉ असलम परवेज, मो फुरकान, जियाउद्दीन अंसारी ने भी संबोधित किया।

## बुंडू में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू के महावीर मंदिर चौक में श्री हनुमान चालीसा मंच के द्वारा हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों महिला पुरुष शामिल हुए जहां लोगों ने भक्ति भाव से हनुमान चालीसा की तथा इस संगठन में हिंदू मंच की ओर से हिनदुवादी नेता भैरव सिंह आए उनके आगमन पर सैकड़ों कार्यकर्ता आपने गाड़ियों से उन्हें लाने के लिए धुर्वा मोड़ से सैकड़ों गाड़ियों की काफिला भैरव सिंह के साथ चल रहे थे भैरव जी के आगमन को लेकर पूरे बुंडू में भगवा झंडा चारों और लगाया गया था इस संगठन में आकर भैरो सिंह ने कहा कि हमें मां भारती की रक्षा के लिए और हिंदू एकता के लिए एक होना जरूरी है उनकी बातों को सुनकर सैकड़ों कार्यकर्ता अपने हाथ उठाकर शपथ लिए और जय श्री राम के नारों की उद्घोष से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा सबसे पहले श्री महावीर मंदिर लाठी संघ के द्वारा भैरो सिंह को पगड़ी और तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

## ओबर गांव में गुरुकुल संचालन को लेकर कमेटी का किया गया गठन



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** प्रस्तावित आदिवासी आदर्श पंचायत नवागढ़ के ओबर गांव में गुरुकुल का संचालन रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी रांची के मार्गदर्शन में किया जाना है। इसके लिए आज ओबर विवेकानन्द सेवा संघ सामुदायिक भवन प्रांगण में जिला परिषद पूर्वी अनगड़ा राजेन्द्र प्रसाद शाही मुण्डा, मुखिया नवागढ़ भुवनेशवर बेदिया, रामकृष्ण मिशन आश्रम के ब्रह्मचारी देवात्मचैतन्य महराज की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक में गुरुकुल संचालित करने हेतु कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में संरक्षक स्वामी जी रामकृष्ण मिशन आश्रम, अध्यक्ष राधेश्याम बेदिया, उपाध्यक्ष सुधेश्वर बेदिया, सचिव युगल किशोर बेदिया, सह सचिव भक्तु बेदिया, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र बेदिया, सदस्य संतोष बेदिया, गायत्री देवी, करमी देवी आदि शामिल हैं। मौके पर चिरंजीवी मंडल, सोमरा बेदिया, बालकराम बेदिया, देवान बेदिया, प्रभु बेदिया, भादवा बेदिया के अलावा अन्य उपस्थित थे।

## डालसा की ओर से स्कूली बच्चों को दी गयी कानून की जानकारी



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** भास्कर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बुंडू में स्कूली बच्चों को कानून से संबंधी शिक्षा दी गयी। मानव अधिकार के प्रखंड अध्यक्ष नंदा नायक ने बच्चों के बीच गुड टच बैड टच के बारे विस्तार से बताया। महिला थाना प्रभारी बुंडू ने बच्चियों के बीच समाज में हो रही कुरीतियों से कैसे अपने को बचाते हुए मंजिल को प्राप्त करें और कोई भी मुसीबत हो तो पुलिस का सहयोग लें बताया। डालसा पीएलभी अनिमा मल्लिक ने बाल विवाह और डायन प्रथा के बारे जानकारी दी। साथ में शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह होने से कैसे रोका जा सकता है, माता-पिता यदि बाल विवाह पर जोर देते हैं तो आंगनबाडी सेविका, गांव के मुखिया, नजदीकी पुलिस थाना या 100 पर कॉल कर बाल विवाह को रोका जा सकता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर महिला विकास मंच के अध्यक्ष सनहा दास ने बच्चियों और विद्यालय के शिक्षक गण को धन्यवाद दिया।

## तमाड़ कांग्रेस ने किया चौपाल का आयोजन



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस पार्टी प्रदेश कमेटी के निर्देशानुसार तमाड़ प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान सारजमडीह गांव में मंहगाई चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष संजय सेठ ने कहा कि रोजमर्रा के वस्तुओं की मंहगाई चरम पर है। हर वस्तु में जीएसटी लगा दिया गया है। मंहगाई की मार से आम आदमी त्रस्त है। केंद्र सरकार की नीतियों से आम किसान, मजदूर सब परेशान हैं। चौपाल में वक्ताओं ने केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों की आलोचना करते हुए एक स्वर में कहा कि आने वाले समय में इसका जवाब आम जनता जरूर देगी। चौपाल में मुख्य रूप में सरवन सेठ, बिमल पाण्डेय, अजय सेठ, दुर्योधन सेठ, अकाला सेठ, प्रदुम सेठ, शिवेश्वर सेठ, संजय सेठ, गोवर्धन सेठ, गोरचंद सेठ आदि के साथ ग्रामीण शामिल हुए।

### प्रदर्शन : आदिवासी जमीन पर अवैध कब्जा के खिलाफ रैयतों ने प्रखंड मुख्यालय के समक्ष दिया धरना, कहा

# जमीन को मुक्त करने की कार्रवाई शीघ्र नहीं हुई तो रैयत करेंगे सामूहिक आत्मदाह

**धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व ग्रामप्रधान कामेश्वर बेदिया एवं पूर्व मुखिया राजेश पाहन ने किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** हेसातू पंचायत के मैलघोसा गांव में एसटी भूमि, वन भूमि एवं सरकारी गैरमजरूआ भूमि पर अवैध कब्जे के खिलाफ ग्रामीणों ने मंगलवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष धरना दिया व प्रदर्शन किया। धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व ग्रामप्रधान कामेश्वर बेदिया एवं पूर्व मुखिया राजेश पाहन ने किया। बाद में अंचल पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर उक्त भूखंडों को अवैध कब्जे से मुक्त कराने तथा वास्तविक रैयतों को जमीन पर कब्जा दिलाने की मांग की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि राजस्व ग्राम मैलघोसा के खाता नंबर 179, प्लॉट नं 63, 35, 36, 32, 21, 29, खाता नं 23, प्लॉट नं 37, खाता नं 122, प्लॉट नं 78 तथा खाता नं 03 के प्लॉट नं 27, 28, 33, 20, 22, 24, 26 सभी को मिलाकर कुल रकबा लगभग 8 एकड़ सरकारी एवं रैयती जमीन पर सतीश कुमार तुलस्यान, मनोज कुमार तुलस्यान एवं प्रदीप कुमार तुलस्यान ने अवैध तरीके से कब्जा कर रखा है। जबकि खतियान एवं अन्य भू-दस्तावेज में जमीन के वास्तविक हकदार आदिवासी रैयत एवं राज्य सरकार है।

ग्रामीणों ने अचंल पदाधिकारी से यथाशीघ्र उक्त खाता-प्लॉट की जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि एक पखवारे के अंदर इस पर कारवाई नहीं हुई तो आदिवासी रैयत सामूहिक रूप से प्रखंड मुख्यालय के समक्ष आत्मदाह करेंगे। धरना कार्यक्रम में दर्जनों की संख्या में आदिवासी महिला-पुरूष शामिल हुए।

## महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने अनगड़ा चौक पर लगायी जन चौपाल

**महंगाई की मार से गरीबों का जीना मुहाल हो गया है : सतीश पॉल मुंजनी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** महंगाई के खिलाफ हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत प्रखंड कांग्रेस द्वारा मंगलवार को अनगड़ा चौक पर जन चौपाल का आयोजन किया गया। प्रखंड अध्यक्ष एतवा उरांव की अध्यक्षता में आयोजित इस चौपाल के माध्यम से लोगों को केन्द्र सरकार की गलत नीतियों के कारण देश में बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी की ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया।

चौपाल सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजनी ने कहा कि केन्द्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण देश में महंगाई से आमजन त्राहिमाम कर रहे हैं। देश में महंगाई व बेरोजगारी चरम पर है। केन्द्र सरकार संविधान के रास्ते पर नहीं चलकर धार्मिक उन्माद या अराजकता के रास्ते पर चल रही है। आज पूंजीपतियों की पूंजी करोड़ों-अरबों गुणा बढ़ गई है उपर से उनके ऋण माफ किये जा रहे हैं जबकि गरीब और गरीब होते जा रहे हैं। सतीश पॉल ने कहा कि आज देश की युवा पीढ़ी अपने को ठगा महसूस कर रही है। वहीं जीएसटी के नाम पर खाने की चीजों पर टैक्स लगाकर गरीबों का मजाक उड़ाया जा रहा है। कहा कि कांग्रेस पार्टी सरकार की नीतियों का विरोध करती है तो उनको ईडी और सीबीआई का भय दिखाया जाता है, पर इससे पार्टी डरने वाली नहीं है।

सभा को रामदेव सिंह, शिवदास गोस्वामी, फारूक खान, शहनाज खातुन, सरिता देवी, गणेश भोगता आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में शफीक अंसारी, कुलेश्वर मुण्डा, तिवारी भोगता, संजय तिर्की, विजय टोप्पो, दशरथ मुण्डा, नईम अंसारी आदि मौजूद थे।

## सांसद के प्रयास से सिलवे बस्ती में लगा 100 केवीए का ट्रांसफॉर्मर

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम प्रखंड अंतर्गत टाटीसिलवे के सिल्वे बस्ती में 100 केवीए का टांसफॉर्मर रांची सांसद संजय सेठ के प्रयास से विद्युत विभाग की ओर से मंगलवार को उपलब्ध करा दिया गया। जिसका उद्घाटन टाटीसिलवे मंडल महामंत्री अमित कुमार मिश्र ने किया। इस बस्ती का टांसफार्मर पिछले एक सप्ताह से जला हुआ था। इस बीच लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। अमित कुमार मिश्र ने रांची सांसद को ट्रांसफार्मर जलने की जानकारी दी थी। इसके बाद सांसद ने विद्युत विभाग से बात करके ट्रांसफार्मर बदलने का निर्देश दिया था। जिसे विद्युत विभाग द्वारा मंगलवार को 100 केवीए का ट्रांसफार्मर दिया गया। वहीं बस्ती में बिजली आते ही बस्ती के लोगों के चेहरे खिल गये और उनलोगों ने रांची सांसद, मंडल महामंत्री और विद्युत विभाग के पदाधिकारियों का आभार जताया है।

## कैंब्रियन स्कूल कांके रोड में मनाया जा रहा है संस्कृत सप्ताह

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कैंब्रियन पब्लिक स्कूल कांके रोड में 19 से 25 अगस्त तक मनाए जा रहे संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत मंगलवार को कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रीमद् भगवद् गीता के चतुर्थ अध्याय का नाट्य मंचन किया गया। जिसमें छात्र मोक्ष शर्मा ने कृष्ण और प्रणमय कुमार ने अर्जुन की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। वहीं अक्षरा,सौम्या, मीनाक्षी, शैलजा और आस्था ने अभिनंदन नृत्य प्रस्तुत किया। दसवीं कक्षा के छात्रों ने सुंदरसुरभाषा शीर्षक संस्कृत गीत गाया। आयुषी कुमारी सुविचार, श्वेतांजलि श्रीवास्तव ने संस्कृत में संभाषण और सोहा अशरफ में संस्कृत के महत्व पर प्रकाश डाला। कुछ छात्रों ने ब्राह्मी लिपि, माहेश्वर सूत्र, चतुर्वेद और नीति श्लोकों को चित्रांकन के माध्यम से दशार्या। मौके पर प्राचार्या डॉ नीता पांडेय ने कहा कि युवा पीढ़ी में नैतिक मूल्यों का क्षरण हो रहा है तथा वे दिग्भ्रमित हो रहे हैं। संस्कृत भाषा के माध्यम से उन्हें नैतिक मूल्यों का ज्ञान देकर सुसंस्कृत बनाया जा सकता है । उन्होंने कहा कि संस्कृत के पाठ्यक्रमों में नैतिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा रहती है जिससे राष्ट्रीय चेतना,देश भक्ति एवं अपनी संस्कृति की रक्षा की प्रेरणा मिलती है। इसके लिए विद्यालय योग्य शिक्षकों के माध्यम से लगातार प्रयासरत है। एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर श्रीमती आशा राज ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों का मार्गदर्शन होता है तथा वे देश एवं अपनी भाषा के प्रति कर्तव्यों को समझ कर जीवन की दिशा तय करते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक अभय नाथ मिश्र, इभा रानी, सुचित्रा सिन्हा, सुषमा तिवारी ,संगीता ओझा, शर्मिला पैतेंडी, पूजा कुमारी एवं पूनम कुमारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। कार्यक्रम का संचालन छात्र शौर्य प्रखर ने किया।

### कार्यक्रम : तमाड़ में पद्मश्री डा. रामदयाल मुण्डा की 83वीं जयंती मनायी गयी, वक्ताओं ने कहा

# डॉ रामदयाल ने झारखंडी भाषा, कला और संस्कृति को विदेश तक पहचान दिलायी

**डा. रामदयाल मुण्डा की जन्म स्थली दिउड़ी स्थित समाधि स्थल एवं उनके चित्र पर लोगों ने किया श्रद्धा सुमन अर्पित**

आजाद सिपाही संवाददाता




**तमाड़।** तमाड़ के दिउड़ी में पद्मश्री डा. रामदयाल मुण्डा की 83वीं जयंती मनायी गयी। डा. रामदयाल मुण्डा की जन्म स्थली दिउड़ी स्थित समाधि स्थल एवं उनके चित्र के समक्ष उपस्थित लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। साथ ही जयंती के अवसर पर कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उनके जीवन वृत्त पर आधारित नृत्य एवं संगीत भी पेश किया गया तथा कई अतिथियों द्वारा उनके जीवन पर बौद्धिक दिया। 23 अगस्त 1939 को जन्मे डा. रामदयाल मुण्डा की मृत्यु 30 सितम्बर 2011 को हुई। 72 वर्ष के जीवन के कालखंड में डा. रामदयाल मुण्डा ने कई महत्वपूर्ण कार्यों को किया। रांची यूनिवर्सिटी जो आज डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय है, के कुलपति के रूप में एक पहचान बनायी। भाषा, कला और संस्कृति को विदेश तक में पहचान दिलायी। महान चिंतक और संस्कृति प्रेमी डा. रामदयाल मुण्डा सरहुल के साथ ही कई क्षेत्रीय त्योहारों को आगे बढ़ाया। आज डा. रामदयाल मुण्डा किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उनके नाम पर फुटबॉल स्टेडियम, संस्कृति कला भवन, पार्क, डा. रामदयाल मुण्डा ट्राइबल रिसर्च इंस्टीट्यूट आदि हैं जो सहज ही अपनी और आकर्षित करता है। उपरोक्त बातें उपस्थित अतिथियों द्वारा कही गयी।

कार्यक्रम में तमाड़ प्रखंड विकास पदाधिकारी गिरिजा शंकर महतो, अंचलाधिकारी विमल सोरेन, सामाजिक कार्यकर्ता व आजसू के पूर्व केन्द्रीय अध्यक्ष ललित महतो, अड़की सांसद प्रतिनिधि अनुप साहू, तमाड़ सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुण्डा, मानकी विजय सिंह, मानकी जगन्नाथ सिंह मुण्डा, राधाकृष्ण सिंह मुण्डा सहित कई लोगों ने अपना वक्तव्य दिया। कार्यक्रम में पूर्ण चंद मुण्डा, हरि सिंह मुण्डा, डाक्टर रामदयाल मुण्डा की धर्म पत्नी अमिता मुण्डा, उनके पुत्र गुंजल इकिर मुण्डा, शिशुपाल पातर, संतोष कुमार मुण्डा, मेघलाल मुण्डा, मुखिया सुशीला मुण्डा, दमयन्ती देवी, लोहरा, जगदीश साहु, लक्ष्मी नारायण उरांव, देव कुमार उरांव, नरेश चंद मुण्डा, अर्जुन सिंह मुण्डा, सुकरा सिंह मुण्डा, रामधन मुण्डा, दुबराज महतो सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन ग्राम प्रधान यदुगोपाल मुण्डा ने किया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### देश में बढ़ती महंगाई के खिलाफ प्रखंड कांग्रेस ने लगायी जन चौपाल



**कांके (आजाद सिपाही)।** देश में बढ़ती मंहगाई के खिलाफ, कांके प्रखंड कांग्रेस कमिटी के बैनर तले कांके क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर जन चौपाल लगा कर केंद्र सरकार का विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि घरेलू गैस पेट्रोल डीजल, खाद्यान्न सामग्री, शिक्षा व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था सहित सभी वस्तुओं पर महंगाई काफी बढ़ गई है। जिससे आम जनता त्रस्त है। जनता को बढ़ती महंगाई से अवगत कराने और केंद्र सरकार का विरोध करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए कांके क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों सहित गली मोहल्लों में जन चौपाल के माध्यम से इन्हें बताया जा रहा है कि केंद्र सरकार के कार्यकाल में किस कदर महंगाई बढ़ी है। शिक्षा व्यवस्था से लेकर चिकित्सा व्यवस्था और घरेलू सामग्रियों पर भी महंगाई किस कदर हावी है। कार्यक्रम में संजर खान, गौरी शंकर महतो, गुलजार अहमद, विनोद साहू सहित कई अन्य शामिल थे।

### गणेश पूजा पंडाल निर्माण का हुआ भूमि पूजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** 10 दिवसीय गणेश पूजा की तैयारी को लेकर मंगलवार को श्री कृष्णा क्लब गणेश पूजा समिति के द्वारा नामकुम तेतरी टोली हंसराज वाधवा मैदान में पूजा पंडाल का भूमि पूजन किया गया। पूजन में मुख्य रुप से भाजपा ग्रामीण जिला रांची के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार उपस्थित हुये। इस दौरान पंडित दीपक पाठक द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-पाठ कराया गया। इसके बाद पंडाल निर्माण का कार्य प्रारंभ हुआ। इस संबंध में जानकारी देते हुये समिति के अध्यक्ष कृष्ण कन्हैया सिंह ने बताया कि इस वर्ष भव्य रुप से गणेश महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। इसको लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। कहा कि पिछले दो वर्ष कोरोना वायरस के कारण सामान्य रुप से पूजा की गयी थी। मेले का आयोजन नही हुआ था। लेकिन इस वर्ष भव्य मेला का आयोजन किया जायेगा। इससे लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। भूमि पूजन कार्य में अध्यक्ष कृष्णा कन्हैया सिंह, सचिव विनोद गुरुंग, कोषाध्यक्ष विजय गुरुंग, सांसद प्रतिनिधि पिंटू सिंह, भाजपा युवा मोर्चा चुटिया मंडल उपाध्यक्ष अशोक गोप, मोनू, अम्बिका, आशीष, पियूष, कुणाल, अभिषेक सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

### टाटीसिलवे में महंगाई के खिलाफ नामकुम प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने लगायी चौपाल



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** महंगाई के खिलाफ नामकुम प्रखंड कांग्रेस कमिटी ने टाटीसिलवे बाजार में मंगलवार को चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया। चौपाल कार्यक्रम नामकुम प्रखंड अध्यक्ष विजय टोप्पो की अध्यक्षता में संपन्न हुयी। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष श्री टोप्पो ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीति के कारण आज महंगाई आसमान छू रही है। कहा कि बरोजगारी, पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, खाद्य पदार्थ में बेहताशा वृद्धि हुई है। इसका सबसे ज्यादा गरीबों पर प्रभाव पड़ रहा है। इस अवसर पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के वरीय उपाध्यक्ष अशोक मिश्रा, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजनी, प्रखंड अध्यक्ष विजय टोप्पो, रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता अर्चना मिश्रा, रांची जिला ग्रामीण मनरेगा संयोजक मदन मोहन मिश्रा, विशाल टोप्पो, बाबूलाल महली, विनोद कच्छप, राजू सांगा, रंजीत लकड़ा, रंजय टोप्पो, अल्बर्ट बिहां, जितेंद्र सिंह, सुरेश सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

### एक महीने से ढिबरी व मोमबत्ती से पढ़ाई करने को मजबूर हैं हरातु पंचायत के बच्चे

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** हरातु पंचायत के गाजरकहा काशी टोली गांव के ग्रामीण पिछले एक महीने से डिबरी युग में रह रहे हैं। जानकारी के अनुसार गाजरकहा काशी टोली का ट्रांसफॉर्मर 25 जुलाई को जल गया था। 28 जुलाई को ग्रामीणों ने जला हुआ ट्रांसफार्मर को बिजली विभाग में पहुंचा दिया। तब से ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। सबसे ज्यादा परेशानी इस गांव के स्कूली बच्चों को हो रही है, ये ढिबरी और मोमबत्ती के सहारे पढ़ाई कर रहे हैं।

### बेड़ो में गणेश महोत्सव की तैयारी जोरों पर, काल्पनिक पंडाल में विराजेंगे गणपति बप्पा



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** श्री श्री राधेकृष्ण यूथ संगम गणेश पूजा महासमिति बेड़ो के तत्वावधान में पांच दिवसीय गणेश महोत्सव की तैयारी जोरों पर है। इस वर्ष भव्य काल्पनिक पंडाल में गणपति बप्पा विराजेंगे। इस वर्ष पंडाल का निर्माण बंगाल के तुलिन के प्रभात डेकोरेटर के द्वारा किया जा रहा है। पंडाल निर्माण में 20 कारीगर दिन-रात जुटे हुए हैं। पंडाल में सात फेरों के दृश्यों को दिखाया जाएगा, जो आकर्षण का केंद्र होगा। जिसकी भव्यता रात्रि में देखते ही बनेगी। साथ ही रांची-गुमला मुख्य मार्ग में भव्य विद्युत तोरणद्वार बनायी जायेगी। वहीं पंकज पाल व दीपक पाल के द्वारा 12 फिट की भव्य गणेश जी की प्रतीमा का निर्माण कार्य किया जा रहा है। वहीं पंडाल के अंदर लोगों को भगवान श्री रामचंद्र जी के अश्वमेध यज्ञ के घोड़े को लव कुश के द्वारा पकड़ने का दृश्य देखने को मिलेगा। पूजा का शुभारंभ 31 अगस्त को कलश स्थापना के साथ होगा।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक संपन्न

# किसानों को केसीसी का लाभ देने का निर्देश

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति जून 2022 तिमाही की बैठक हुई। समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में उपायुक्त ने किसान क्रेडिट कार्ड,प्रधानमंत्री जनधन योजना,प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना,सुरक्षा बीमा योजना जीवन ज्योति योजना,डेयरी लोन,पोल्ट्री फार्मिंग सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की।इस दौरान जिले के सभी बैंक प्रबंधकों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंक की भूमिका काफी महत्वपूर्ण। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को मिले इसके लिए प्रशासन के साथ-साथ बैंक को भी सक्रिय होकर कार्य करने की आवश्यकता है।



**केसीसी के लंबित आवेदनों को यथाशीघ्र निपटाने व बैंक में बच्चों खाता खोलने के निर्देश**

उपायुक्त ने विभिन्न बैंकों द्वारा केसीसी से संबंधित आवेदन पर हुई कार्रवाई की समीक्षा की इस दौरान उन्होंने सभी बैंकों को केसीसी से संबंधित लंबित आवेदनों को यथाशीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया।इस दौरन एलडीएम ने बताया कि आगामी 25 अगस्त को जिले के सभी बैंक के ब्रांच में केसीसी के निष्पादन हेतु स्पेशल कैंप का आयोजन किया जाएगा। वहीं विभिन्न बैंकों में बच्चों का बैंक एकाउंट खोलने की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने सभी बैंक प्रतिनिधियों से विद्यार्थियों का अकाउंट प्राथमिकता के आधार पर खोलने की बात कही।उन्होंने कहा कि जो बैंक बच्चों के अकाउंट खोलने में रुचि नहीं ले रहे हैं उन्हें चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।वहीं उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज ने जेएसएलपीएस के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को उपलब्ध कराए जाने वाले बैंक लिंकेज के तहत हो रहे कार्यों की सुरक्षा करते हुए सभी बैंक प्रतिनिधियों को इस पर विशेष ध्यान देने की बात कही साथ ही प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत बैंकवार दिये गये लक्ष्य के तहत लाभुकों को उपलब्ध कराए गए ऋण की समीक्षा करते हुए बैंक प्रतिनिधियों को प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध शत प्रतिशत कार्य संपन्न कराने का निर्देश दियाबैठक में उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे के अलावा उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज, जिला कृषि पदाधिकारी, डीडीएम नाबार्ड शालीन लकड़ा, एलडीएम,सांसद प्रतिनिधि, विश्रामपुर विधायक प्रतिनिधि, समेत विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## लूट की योजना बना रहे दो लुटेरों को किया गिरफ्तार



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** सतबरवा थाना पुलिस ने मलय डैम के पास से लूट की योजना बना रहे दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में जेलहाता निवासी विवेक कुमार चन्द्रवंशी पिता सुनील राम व चैनपुर थाना क्षेत्र के धावाटांड़ निवासी विरेन्द्र भुईया पिता मनी भुईयां शामिल है। इस संबंध में आयोजित प्रेस वार्ता में पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि सोमवार की शाम सूचना मिलने के बाद सतबरवा थाना पुलिस छापामारी के लिए निकली। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर दो लोग आते दिखे। रूकने का इशारा करने पर दोनों मोटरसाइकिल छोड़कर भागने लगे। इसी बीच पुलिस ने दोनों को दौड़ाकर पकड़ लिया। एसपी श्री सिन्हा ने बताया कि जांच के दौरान विवेक कुमार चन्द्रवंशी के कमर की बाईं ओर से एक लोडेड देशी कट्टा तथा बिरेन्द्र भुईयां के कमर से एक स्टील एक चाकू व पॉकेट से एक जिंदा गोली मिला। साथ ही उनके पास मिले बैग में विभिन्न कंपनी का सात मोबाईल, काले रंग के एक पर्स में 4720 रूपया व चोरी का मोटरसाईकिल बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार इन अभियुक्तों का इतिहास आपराधिक रहा है। इन पर चैनपुर थाना में दो, सदर थाना में पांच, शहर थाना में एक व पाटन थाना में एक मामला दर्ज है। छापामारी दल में थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार राय, एएसआई कौशल किशोर दूबे, हवलदार महादेव टूटी, पुलिस जवान विकास कुमार, रामदास, शिवनाथ राम व गौतम कुमार शामिल थे।

## मुसिखाप में किया गया धोती साड़ी का वितरण



**पलामू।** प्रखंड अंतर्गत मुसिखाप में विकास महिला स्वयं सहायता समूह के द्वारा मुखिया प्रतिनिधि सुनील पांडेय एंव पंचायत समिति सदस्य प्रवेश साव की उपस्थिति में किया गया धोती साड़ी का वितरण. ज्ञात हो कि यह सोना सोबरन धोती, साड़ी, लूंगी योजना के अंतर्गत राशन कार्ड धारियों के बीच धोती साड़ी लूंगी का वितरण किया गया. इस योजना के अंतर्गत गरीब एवं असहाए के बीच 10 में धोती, लूंगी, साड़ी का वितरण करना है. मौके पर उपस्थित मुखिया प्रतिनिधि सुनील पांडे एवं पंचायत समिति सदस्य प्रवेश उर्फ ढेघु भाई ने कहा 10 लेकर लोगों को धोती साड़ी उपलब्ध कराना है. किसी भी प्रकार के धांधली बर्दाशत नहीं की जाएगी. कोई भी डीलर धोती, साड़ी, लूंगी के लिए 10 रुपय से अधिक ना लें. धोती साड़ी दोनों के लिए मात्र 10 देने हैं. एक राशन कार्ड पर साड़ी, लूंगी या धोती दीया जाना है. श्री पांडे ने राशन कार्ड धारियों से आग्रह करते हुए कहा कि जुलाई माह के फ्री मिलने वाला रासन भी सभी लोग लेते जाए. मौके पर वार्ड सदस्य राजू शर्मा,सदिन अंसारी, भंदु चंद्रवंशी, सर्जुन शर्मा, कोशीला देवी के साथ-साथ कई लोग उपस्थित रहे.

## पलामू के बाल कराटेकारों ने भूटान में मचाया धमाल, जीते 06 मेडल




**मेदिनीनगर।** भूटान में आयोजित साउथ एशियन चैम्पियनशिप ऑल मार्शल- आर्ट्स गेम्स के कराटे इभेंट में पलामू जिला के चार कराटेकारों ने चुस्ती-फुर्ती के साथ अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए 06 मेडलो जीत कर अपने नाम किया। जिसमें संत मरियम विधालय के सात वर्षीय बाल कराटेकार रौनक कुमार फाईट में गोल्ड मेडल एवं काता में सिल्वर मेडल वही श्रीकांत सिंह ने फाईट में सिल्वर मेडल एवं काता में ब्राउज मेडल। पलामू मिक्ड्स मार्शल- आर्ट्स टाईगर्स एकेडमी के गुनगुन प्रिया को सिल्वर मेडल, वही कस्तुबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय विश्रामपुर के डोली कुमारी को सिल्वर मेडल लेकर पलामू जिले का नाम रौशन किया है। यह चैम्पियनशिप का आयोजन निन्जा स्पोर्ट्स फेडरेशन एंव वल्ड ऑल स्पोर्ट्स गेम फेडरेशन के तत्वावधान में 20 और 21 अगस्त को यूथ स्पोर्ट्स केन्द्र भूटान ( राय- मटाँग)में किया गया था। यह टीम शिहान संतोष कुमार के नेतृत्व में भूटान गयी हुई थी।

## चोरी के सामान के साथ चार अभियुक्त गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर पथ्रा व किन्नी गांव में चोरी की घटना को अंजाम देनेवाले चार अभियुक्तों ने चैनपुर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में चैनपुर के ही ताली गांव निवासी चंदन कुमार चौरसिया पिता संतोष चौरसिया, कुंदन कुमार पिता मूरत प्रसाद, सत्यम तिवारी पिता संजय तिवारी व कन्हैया कुमार तिवारी पिता उमेन्द्र तिवारी शामिल हैं। इन लोगों की निशानदेही पर चंदन कुमार चौरसिया के घर से चोरी का 01 गैस सिलेंडर व 40 किलो चावल, कुंदन कुमार के घर के बगल से झाड़ी से 02 गैस सिलेंडर, कन्हैया कुमार तिवारी के घर से एक गैस सिलेंडर बरामद किया गया है। प्रेसवार्ता में पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि चोरी की घटना को लेकर नरसिंहपुर पथरा निवासी रामाश्रय प्रसाद पिता स्व. भगवान प्रसाद तथा किन्नी गांव निवासी लक्ष्मीकांत तिवारी पिता रामजीत तिवारी ने चोरी की घटना के संबंध में आवेदन दिया था जिसके आधार पर पुलिस ने चैनपुर थाना कांड संख्या 193/2022 व कांड संख्या 194/2022 दर्ज किया था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार चारों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं की हुई बैठक 5 अगस्त को धरना देने का निर्णय

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद शहर के दुगार्बाडी परिसर में मंगलवार को उरद्वार मंडल भाजपा कार्यकताओं की बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता ने किया। बैठक में हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी प्रखंड को भीषण सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए सुखाड राहत किसानों को उपलब्ध कराने, मनरेगा की योजना तत्काल प्रारंभ कराने, बिजली की व्यवस्था सुदृढ़ करने, सभी बांध जलाशयों में सोन नदी से लिफ्ट इरिगेशन के द्वारा पानी उपलब्ध कराने, ग्रामीण क्षेत्रों में पीने के पानी एवं मवेशियों की चारा व्यवस्था कराने, राशन वितरण की व्यवस्था को स समय करवाने को



लेकर आंदोलन करने का निर्णय लिया गया।मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि उपरोक्त मांगो को लेकर 5 सितंबर 2022 को हुसैनाबाद प्रखंड मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना कार्यक्रम करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है । यह कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी के द्वारा किया जाना है इस कार्यक्रम में गांव गांव से किसानों एवं ग्रामीणों को उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु सभी ने अपने अपने विचार दिए हैं। इस कार्यक्रम में हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल के मंडल अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा के नेताओं से विचार विमर्श एवं सहयोग लिया जाएगा । मौके पर मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ट नेता रामप्रवेश सिंह, जिला महामंत्री संतोष कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि रंजीत पासवान, किसान मोर्चा के अध्यक्ष उदय सिंह, पिछड़ा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रामलाल विश्वकर्मा, वीरेंद्र परेहिया, मंडल भाजयुमो अध्यक्ष रंजीत प्रसाद गुप्ता, मिथिलेश पासवान, लल्लन यादव, जयराम पासवान, दुखन यादव समेत कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## आधार कार्ड को वोटर आइडी से लिंक करने के लिए लगेगा विशेष कैंप

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे के निर्देश पर मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोड़ने को लेकर अगस्त के अंतिम सप्ताह में जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा।इस विशेष कैम्प में पलामू जिला अंतर्गत सभी सरकारी कार्यालयों में कार्यरत पदाधिकारियों/कर्मियों,उनके परिचितों समेत आमजनों से फॉर्म 6 बी प्राप्त कर मतदाता पहचान पत्र को आधार से लिंक करने का कार्य किया जाएगा।

**25 से 30 अगस्त तक पूर्वाहन 10 से अपराह्न 5 बजे तक लगेगा विशेष शिविर**

25 अगस्त 2022 को प्रमंडलीय कार्यालय मेदनीनगर परिसर वहीं 25 व 26 अगस्त को छतरपुर व हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय परिसर में शिविर लगाया जाएगा।इसी तरह 26 अगस्त को समाहरणालय भवन के ब्लॉक ए के प्रवेश द्वार के समीप,वहीं 27 अगस्त को समाहरणालय भवन के ब्लॉक बी के प्रवेश द्वार के समीप एवं 29 अगस्त को समाहरणालय भवन के ब्लॉक सी के समीप विशेष शिविर लगाया जाएगा।इसी क्रम में 30 अगस्त को सदर अनुमंडल कार्यालय में वहीं 25 व 26 अगस्त को जिले के सभी प्रखंड व अंचल कार्यालय,27 अगस्त को सभी बाल विकास परियोजना कार्यालय एवं 29 अगस्त को सभी नगर पंचायत एवं नगर परिषद कार्यालय में शिविर लगाया जाएगा।सभी शिविरों में पर्याप्त मात्रा में पर्यवेक्षक एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सरकारी सेवकों,उनके परिचितों व आम लोगों से वोटर कार्ड को आधार से लिंक कराने की अपील की जिला निर्वाचन पदाधिकारी ए दोड्डे ने लोगों से आधार कार्ड व मतदाता पहचान पत्र को लिंक कराने की अपील की है।उन्होंने सभी मतदाताओं से आधार व मतदाता पहचान पत्र,मोबाइल नंबर के साथ उनके सुविधा अनुसार अपने नजदीकी शिविर में जाकर दोनों कार्डों को लिंक कराने की अपील की है।उन्होंने कहा कि आधार कार्ड को मतदाता पहचान पत्र से लिंक हो जाने से निर्वाचन कार्य में पारदर्शिता आएगी।

## नगर निगम के वार्ड 31 एवं 32 में लाभुकों को मिला साड़ी-धोती



**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 31 एवं 32 में जनवितरण प्रणाली के द्वारा लाभुकों के बीच सोना सोबरन योजना के तहत साड़ी, धोती व लुंगी का वितरण किया गया। वितरण कार्य की शुरूआत सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे, वार्ड 31 की पार्षद सह जोन अध्यक्ष प्रमिला देवी व वार्ड 32 की पार्षद अनीशा खातून ने संयुक्त रूप से किया। सांसद प्रतिनिधि श्री पांडे ने केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी योजना पीएमजीकेवाई के तहत जुलाई महीने का राशन अपनी निगरानी में वितरित कराया। श्री पांडे ने कहा कि पिछले कोरोना महामारी में केंद्र सरकार द्वारा लोगों को नि:शुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योजना में लापरवाही कतई बर्दाशत नहीं की जाएगी। पार्षद प्रमिला देवी ने कहा कि चुनाव में किए वादे, दुख सुख में साथ रहना तथा आपकी समस्या को दूर करने का प्रयास कर रही हूं और आपका आशीर्वाद मिलता रहा तो सदा सेवा करती रहूंगी।

## पांच वर्षों में भी निगम मूलभूत सुविधा बहाल नहीं कर सका : दीपक

**उपायुक्त से मुलाकात कर दीपक ने बताया सकारात्मक, निगम में पांच सुविधा बहाल करने से संबंधित सौंपा ज्ञापन**

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** नगर निगम क्षेत्र में पेयजल, नये क्षेत्र में नागरिक सुविधा, जलस्रोत, पीएमसीएच, संचालित योजनाओं की निगरानी एवं सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने को लेकर निगम के विपक्षी बोल दीपक तिवारी ने पलामू उपायुक्त से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान निगम में व्याप्त पांच प्रबल समस्या पर पलामू के सेवादार दीपक तिवारी ने उपयुक्त से निगाहेकरम करने का अनुरोध किया है। झामुमो नेता दीपक तिवारी ने संतोष जताते हुए बताया कि संवेदनशील उपायुक्त ने कार्य करने पर बल देते हुए पूछा कि कौन-कौन से कार्य आवश्यक है। दीपक ने कहा कि मेदिनीनगर नगर निगम की




व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए संबंधित जिम्मेदार लोगों से मुलाकात एवं निगरानी के लिए प्रयासरत रहने की जरूरत है। शहर की मुख्य समस्या पेयजल पर जनमानस के बीच निराशा व्याप्त है। निगम ने संवेदनहीनता दिखाते हुए ना तो पेयजलापूर्ति योजना को सही तरीके से संचालित किया और ना ही जलस्त्रोतों के रख-रखाव पर ही ध्यान दिया। यहां तक कि अतिक्रमण करने के लिए भ्रष्टाचार को बढ़ावा देकर मेदिनीनगर की जनता के साथ छल किया गया। जिसका परिणाम है कि पीने का पानी के लिए शहर चिंतित है। इतना ही नहीं सेवादार दीपक तिवारी ने एकमात्र सदर अस्पताल मेडिकल कॉलेज बन जाने पर भी शहरवासियों के लिए स्वास्थ सुविधा सुलभ नहीं होने पर उपायुक्त ए. दोड्डे का ध्यान खींचा। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि समस्याओं का अंबार को खत्म करने के अलावा चौबीस घंटे चिकित्सक की तैनाती अनिवार्य किया जाए। साथ ही कतारबद्ध मरीजों को चिकित्सीय परामर्श एवं जांच की सुविधा सुलभता से उपलब्ध कराई जाए। झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता दीपक तिवारी ने कहा कि जिला प्रशासन सरकार की जनहित कार्यों को जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने में तत्पर है। उपायुक्त पलामू को संवेदनशील बताते हुए पलामू के विकास में तेजी आने का भरोसा जताया।

## हुसैनाबाद को अकाल क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर भाकपा ने दिया धरना

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के हुसैनाबाद अंचल कमेटी ने प्रखंड कार्यालय पर एक दिवसीय धरना दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कामरेड सचिदानंद पाठक ने की। संचालन कामरेड भोला सिंह ने किया।सभा को संबोधित करते हुए राज्य कार्यकारिणी सदस्य सूर्यपत सिंह ने कहा कि आज देश में मोदी जी के राज में कारपोरेट मालोमाल एवं जनता कंगाल हो रहे हैं। वहीं इस वर्ष पुरे पलामू जिला सहित हुसैनाबाद अंचल अकाल की चपेट में है ,लेकिन सरकार के द्वारा अभी तक इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। राज्य सरकार तत्काल हुसैनाबाद अंचल को सुखाड़ क्षेत्र घोषित कर राहत कार्य चालू करनी चाहिए। भाकपा के जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि पलामू जिला सहित हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय भीष्म अकाल की चपेट में है।भदई फसल के साथ धान की रोपाई भी नहीं हो सका।वही आम लोगों के इस्तेमाल करने वाला रोजमर्रा की खाद्य वस्तुओं में मोदी जी ने जीएसटी लगा दिया। मंगहाई दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है ऐसी परिस्थिति में केंद्र सरकार पलामू जिला को विशेष पैकेज दे। हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है लेकिन इस ओर किसी का कोई ध्यान नहीं है। नौजवान बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं लेकिन राज्य एवं केन्द्र सरकार नौकरी देने का केवल आश्वासन दे रहा है। धरना को वंशी ठाकुर,भीम प्रजापति, देवेन्द्र प्रसाद कश्यप, बलिराम सिंह,सरयु सिंह,आदी ने संबोधित किया।

## लायंस क्लब ने सरस्वती शिशु मंदिर में लगाया डेंटल चेकअप कैंप

**मेदिनीनगर।** विश्व की सबसे बड़ी सेवा संस्थान लायंस क्लब इंटरनेशनल की डालटनगंज महिला इकाई लायंस क्लब ऑफ डालटनगंज फेमिना ने मंगलवार को वन डिस्टिक वन एक्टिविटी के तहत स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में बच्चों के बीच डेंटल चेक अप कैंप का आयोजन किया। कैंप के बारे में विस्तार से बताते हुए लायंस क्लब ऑफ डाल्टनगंज फेमिना की सचिव रेखा शर्मा ने बताया कि जिला पाल विवेक चौधरी के निर्देश पर वन डिस्ट्रिक्ट वन एक्टिविटी के तहत बच्चों के बीच डेंटल चेक अप कैंप का आयोजन है। इसमें शहर के प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डां विनीत कुमार सिंह अपनी निशुल्क सेवाएं दे रहे हैं। बच्चों के दांत की जांच के उपरांत उनको जरूरत पड़ने पर कौन सी दवाई लेनी है, ब्रश कैसे करना है, किस प्रकार के ब्रश पेस्ट का उपयोग करना है और ब्रश करने के तरीके और समय के बारे पूरी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में लायंस क्लब ऑफ डालटनगंज के अध्यक्ष नवीन गुप्ता भी उपस्थित थे। सरस्वती शिशु मंदिर के क्लास 3 से ऊपर 107 बच्चों ने अपने दांतो की जांच कराई और निशुल्क परामर्श प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजलक्ष्मी वर्मा, निशा सोई,अंजू सांगा, आभा केजरीवाल, सविता शराफ, तनु आनंद सहित दर्जनों सदस्य उपस्थित थे।

# स्पोर्ट्स



बेगूसराय से आठ खिलाड़ियों का चयन इस सीनियर कोचिंग कैंप के लिए हुआ है। यह बेगूसराय के लिए गौरव की बात है कि एक साथ आठ खिलाड़ियों का स्टेट के लिए हुआ है।

## बीसीसीआइ के स्टेट कैंप के लिए चयनित हुए बेगूसराय के आठ क्रिकेट खिलाड़ी

**बेगूसराय ।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा पटना में होने वाले बिहार क्रिकेट संघ के सीनियर कोचिंग कैंप के लिए बेगूसराय के आठ खिलाड़ियों का चयन किया गया है। एक सितम्बर से शुरू इस कोचिंग कैंप में किए गए प्रदर्शन के आधार पर बीसीसीआई बिहार क्रिकेट टीम का गठन करेगी। जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष राज नयन ने बताया कि बीसीसीआई द्वारा आयोजित होने वाले टूनामेंट के लिए बिहार क्रिकेट संघ ने सीनियर कोचिंग कैंप के लिए आज खिलाड़ियों की सूची जारी



की। जिसमें बेगूसराय से आठ खिलाड़ियों का चयन इस सीनियर कोचिंग कैंप के लिए हुआ है। यह बेगूसराय के लिए गौरव की बात है कि एक साथ आठ खिलाड़ियों का चयन उनके परफॉर्मेंस के आधार पर स्टेट के लिए हुआ है। जिला क्रिकेट संघ के टूनामेंट कमेटी अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार वीरेश ने बताया कि श्रवण अर्क, मुरारी कुमार, इम्तियाज आलम, रोहन कुमार सिंह, आदित्य सोनी, सत्येंद्र कुमार, विक्रांत सिंह एवं अभिनव कुमार का चयन स्टेट कैंप के लिए हुआ है। बिहार क्रिकेट संघ का निर्णय स्वागत योग्य है, घरेलू टूनामेंट हेमन ट्रॉफी के प्रदर्शन के आधार पर बिहार सीनियर कोचिंग कैंप के लिए यह सूची जारी किया गया है। मीडिया प्रभारी विवेक कुमार ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए बताया कि सभी चयनित खिलाड़ी एक सितम्बर से पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में आयोजित होने वाले कोचिंग कैंप में शामिल होंगे। इस कोचिंग कैंप में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर अंतिम रूप से बिहार टीम का गठन किया जाएगा। जिला क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष पवन सिंह, सचिव कन्हैया सिंह, कोषाध्यक्ष अमित कुमार, संयुक्त सचिव रुपेश कुमार, क्लब प्रतिनिधि सुनील सिंह, खिलाड़ी प्रतिनिधि रणवीर कुमार, पूर्व कप्तान प्रेम रंजन पाठक एवं राजीव रंजन कक्कू चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की कामना किया है।

## वाको नेशनल किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में झारखंड के खिलाड़ियों को मिले तीन पदक

**रांची ।** चेन्नई में आयोजित वाको इंडिया नेशनल सीनियर्स और मास्टर्स किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाडियों ने भी जलवा बिखेरा है। इसमें राज्य के आठ खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इसमें तीन ने पदक हासिल किया। रामगढ के प्रवीण कुमार ने अंडर 86 किग्रा इवेंट में गोल्ड मेडल हासिल किया। अपूर्व मुखर्जी ने पॉइंट फाइट में अंडर 57 किग्रा भार वर्ग में कांस्य जबकि धनबाद के रणजीत रॉय ने अंडर 63.5 किग्रा भार वर्ग में कांस्य हासिल किया। इन तीनों के अलावा आरती कुमारी पांचवां प्लेस (पॉइंट फाइट), किक लाइट में चंद्र प्रकाश उपाध्याय छठा प्लेस, म्यूजिकल फॉर्म्स इवेंट में काजल कुमारी नवम प्लेस (पॉइंट फाइट) और किक लाइट इवेंट में सत्यम कुमार नवां प्लेस, सोनू कुमार साहू नवां प्लेस ( किक लाइट और सत्रहवां प्लेस पॉइंट फाइट इवेंट में) हासिल किया। टीम कोच के रूप में एमडी इबरार कुरैशी झारखंड के संग थे। झारखंड अमेच्योर स्पोर्ट्स किक बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष बीसी ठाकुर ने खिलाड़ियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। यह भी कहा कि संघ काफी सुचारू रूप से खिलाड़ियों के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए काम कर रहा है। झारखंड किक बॉक्सिंग संघ के महासचिव बिपुल मिश्र ने बताया कि इस बार सीनियर नेशनल में जीतने वाले खिलाड़ियों को रियाध में होने वाले वर्ल्ड कॉम्बैट गेम्स और एशियन इंडोर गेम्स, थाईलैंड में खेलने का मौका बनेगा। इन टूनामेंट के लिए खिलाड़ियों का चयन इस नेशनल में किया गया है। चुने हुए खिलाड़ियों का खर्च वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन द्वारा उठाया जाएगा। झारखंड अमेच्योर स्पोर्ट्स किक बॉक्सिंग संघ के कोषाध्यक्ष और रांची जिला के सचिव एमडी इबरार कुरैशी ने बताया कि चयनित खिलाडी प्रवीण कुमार को नेशनल किक बॉक्सिंग ट्रेनिंग कैंप जो एक सितम्बर से शुरू होना है, उसमें भाग लेने का मौका मिलेगा।

# जनता ने सपने में भी नहीं सोचा था कि केंद्र सरकार खाने-पीने के सामान पर जीएसटी लगायेगी: जलेश्वर

**कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो कार्यक्रम मुख्य रूप से उपस्थित थे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** बाघमारा इन्द्रा चौक पर कांग्रेस ने मंगलवार को कमर तोड़ मंहगाई और जीएसटी के खिलाफ में हल्ला बोल चौपाल लगाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता धनेश्वर ठाकुर तथा संचालन लगनदेव यादव ने किया। कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो कार्यक्रम मुख्य रूप से उपस्थित थे। जलेश्वर महतो ने केंद्र सरकार पर हल्ला बोलते हुए कहा कि कमर तोड़ मंहगाई खाद्य पदार्थों पर लगाया जीएसटी, डीजल ,पेट्रोल, रसोई गैस, रेल किराया में अत्यधिक वृद्धि एंव बढ़ती बेरोजगारी से काफी परेशान हैं।केंद्र सरकार को न तो किसानों और न ही मजदूरों की चिंता है। मजदूरों की थाली में दाल सब्जी है या नहीं देखने के बजाय तमाम वस्तुओं पर जीएसटी लगा कर मंहगाई को और बढ़ा दिया गया है। देश की जनता ने कभी सपने मे भी नही सोचा था की खाने पिने के सम्मान पर मोदी सरकार जीएसटी लगाएगी। देश में कांग्रेस ही एक मात्र पार्टी है जो मजदूरों किसानों और गरीबों के बारे में सोचती है। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में कहा था कि 2022 में सभी पक्के मकान होंगे, कितने लोगों को पक्का मकान मिला है यह सब लोग जानते हैं। झूठा प्रलोभन देकर सत्ता में आने वाली सरकार अच्छे दिन लाने का। काला धन ला कर पंद्रह पंद्रह लाख रुपये लोगों को देने के मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिखाई और सत्ता में आई मोदी सरकार ने भोली भाली जनता-जनार्दन को ठगने का काम किया। अपने चहेते पूंजीपतियो अडानी, अंबानी सहित कई अन्य व्यवसायी को फायदा पहुंचाने का काम किया है और कुछ भी नही।

केंद्र में भाजपा सरकार के गलत नीतियों के कारण महंगाई और बेरोजगारी चरम सीमा पार कर चुकी है। महंगाई के कारण देश त्राहिमाम कर रहा है। देश विचारों एंव संविधान से चलता है नाकि धार्मिक उन्माद या अराजकता से चलता है।

केंद्र सरकार देश के युवाओं और जनता से जो वादा किये थे वह सारा वादा जुमला हो गया। देश के युवा और जनता ठगा सा महसूस कर रहे है। देश के सरकारी उपक्रमों को जिस कांग्रेस ने देश को दिया था उसे मोदी सरकार बेचने का काम कर रहीं है सांसद भवन में एक मात्र हमारे नेता राहुल गांधी अकेला केंद्र के नीतियों का विरोध करते है तो उनके पीछे इड्डी लगा कर परेशान किया जा रहा है हम कांग्रेसी राहुल गांधी के साथ है और रहेंगे।




### ये थे मौके पर उपस्थित

कार्यक्रम में मिश्री लाल, भोला राम, अशोक लाल, टीपी पांडेय, कतरास नगर अध्यक्ष विकाश सिंह, जिआउल हक्क, महादेव महतो, रामचंद्र महतो, बलराम महतो, सुरेन्द्र यादव, अजय महतो, शंकर महतो, विक्रम महतो, विशाल महतो, रामजी ठाकुर, भोला ठाकुर, डेगलाल महतो, दिना साव, पोरस चौबे, आनंद सिंह, संतोष रजवार, सुदेश दास, अमित महतो, मनोज साव, इफ़्तेखार खान, उपेंद्र दास, वासु रवानी, ओमप्रकाश कुंवर, राजन रवानी, पिन्टू पांडेय, पिन्टू पाठक, विनोद बेलदार, अवधेश सिंह सहित कई अन्य लोग शामिल थे।

# एक गिरफ्तार, मुख्य सरगना गिरफ्त से बाहर



**मुख्य सरगना समेत दो चोर अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** सेक्टर 6 थाना क्षेत्र में अप्रैल माह में घर के गैरेज का ताला तोड़कर बाइक की चोरी हुई थी थाना प्रभारी ने अभी एक चोर को गिरफ्तार किया है। मुख्य सरगना समेत दो चोर अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। गिरफ्तार चोर रोहित कुमार चास थाना क्षेत्र के रामनगर कॉलोनी का रहने वाला है। जबकि दूसरा चोर बिट्टू जो अभी भी फरार है वो रामनगर कॉलोनी के हिजड़ा गली का रहने वाला है।

**अवैध कोयला तस्करी करने वाले को बेचते हैं बाइक :** गिरफ्तार चोर ने खुलासा कि बाइक चोरी करके वो अवैध कोयला तस्करी करने वाले लोगों को बेच देते है। सेक्टर 6 थाना प्रभारी उज्जवल साह ने बताया कि रोहित और उसके दोनों साथी गृहभेदन बाइक चोरी की घटना को लगातार अंजाम देने का काम कर रहे थे। दोनों फरार अपराधी की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ओम पांडेय चोरी का मास्टरमाइंड है। उस पर थाने में कई मामले दर्ज हैं। पुलिस उसकी गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।

## नौ दिवसीय श्री रामचरितमानस पाठ और श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ ब्यास दक्षता वर्ग का शुभारंभ



**बोकारो।** बोकारो जिला अंतर्गत बरनवाल सदन यदुवंश नगर चास में नौ दिवसीय श्री रामचरितमानस पाठ सह श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ ब्यास दक्षता वर्ग का शुभारंभ 23 अगस्त 2022 से 31 अगस्त 2022 तक चलेगी इस ज्ञान यज्ञ में उत्तर झारखंड संभाग के सभी ब्यासों का प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी कमलाकांत झा गौतम कुमार झा, सुभाष महतो, के धीरेंद्र गोप ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर ब्रह्मानंद श्री राम स्तुति विजय महामंत्र से कार्यक्रम का शुरूआत हुआ। ज्ञान यज्ञ में कथावाचक श्रीमान राधे श्याम शरण जी महाराज संभाग ब्यास मनोज महाराज जी मौके पर उपस्थित बोकारो जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष विनोद कुमार महतो,महिला मोर्चा उपाध्यक्ष लीला देवी, प्रवीण कुमार, बरजेश पांडे, मनीष चंद्र पाल, आरएसएस के बासुकीनाथ, धनबाद भाग ब्यास हेमंत लाल, एकल अभियान प्रमुख प्राणचंद महतो, बालेश्वर महतो, नंद किशोर महतो, टेकलाल महतो, नरेश महतो, राहुल कुमार, आदि उपस्थित थे

## फुटबाल टूर्नामेंट के फाइनल का खिताब बीएसएस क्लब लोदना ने जीता



**अलकडीहा।** आजाद क्लब कालीथान कि ओर से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जीनागोरा खेल मैदान में शुरू हुइ फुटबाल टुनामेंट मैच का मंगलवार को खेले गये सेमी फाइनल मैच के बाद फाइनल मैच में एमएसके क्लब दुखहरनी मंदिर झरिया और बीएसएस क्लब घमंडी पट्टी लोदना के बीच खेला गया। फाइनल मैच में बीएसएस क्लब लोदना ने अपने विरोधी टीम को दो गोल से पराजित कर टुनामेन्ट कि खिताब पर कब्जा जमाया। टुनामेंट में 48 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मैच का उदघाटन अलकडीहा ओपी प्रभारी महेंद्र कुमार ने कर दोंनो टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। में पुरी टुनामेंट में रेफरी कि भूमिका लोहा सिंह ने निभाया जबकि कमेंटेटर विजेंद्र सिंह थे। मैच में विजय हुए बीएसएस क्लब घमंडी पट्टी लोदना के खिलाड़ियों को मुख्यअतिथि ओपी प्रभारी महेंद्र कुमार एवं पराजित टीम के खिलाड़ियों को समाजसेवी विद्यार्थी सिंह ने पुरुस्कार से सम्मानित किया। टुनामेंट के मैन ऑफ द मैच का अर्पित सिंह एवं बेस्ट गोलकीपर का पुरुस्कार राहुल कुमार को दिया गया। मौके पर संतोष यादव, विद्यार्थी सिंह, ललन सिंह युवा समाजसेवी विजेंद्र सिंह, बिट्टू पासवान, सुरेश कुमार, कृष्णा कुमार, बिनोद कुमार सोनू कुमार, सागर कुमार, कन्हैया कुमार, निशान कुमार ,सुमित आदि थे।

## एक भारत श्रेष्ठ भारत को समायोजित कर समूह नृत्य की प्रस्तुति

**बेरमो।** केंद्र सरकार की नयी शिक्षा नीति पर आधारित गतिविधियों पर आधारित कार्यक्रम के तहत शिशु विकास विद्यालय में समूह नृत्य का आयोजन किया गया। एक भारत श्रेष्ठ भारत को समायोजित करते हुए छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत की। जिसमें विभिन्न राज्यों के लोक नृत्य को शामिल किया गया। झारखंड के क्षेत्रीय भाषा के गाने ' हाय रे हमर सोना झारखंड' की प्रस्तुति सराहनीय रहा। इसके अलावा 'मोहिनी हवा के जोड़े' एवं 'हाथ में शंखा चूडी'की प्रस्तुति को भी सराहना गया।

# डीवीसी के भेदभाव पूर्ण रवैया के खिलाफ सिक्यूरिटी गार्ड करेंगे आंदोलन

आलाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल के नुरीनगर समीप बने डीवीसी की ऐश पौंड में ठीकेदार केसी कंस्ट्रक्शन के आधीन सिक्युरिटी गार्ड के पद पर कार्यरत ठेका कामगार डीवीसी प्रबंधन के भेदभाव पूर्ण रवैया के खिलाफ आंदोलन करेंगे। जिसकी तैयारी को लेकर सभी सिक्युरिटी गार्डो की बैठक मंगलवार को ऐश पौंड में हुई। बैठक के दौरान डीवीसी प्रबंधन के दोहरी नीति के खिलाफ नारेबाजी भी किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंजूर अंसारी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुवे कैला तुरी एवं तुलसी महतो ने कहा कि एक सोची समझी साजिश के तहत डीवीसी प्रबंधन हम सभी सिक्युरिटी गार्डो को कार्य से हटाना चाह रही है। और अपने चहेते लोगो को यहा कार्य में रखवाना चाह रही है। जिसके तहत संबंधित ठीकेदार के ऊपर दबाव बनाया जा रहा है। जिसका हम सभी ठेका कामगार विरोध करते हैं और डीवीसी अध्यक्ष आरएन सिंह सहित बोकारो थर्मल प्लांट के मुख्य अभियंता सह परियोजना प्रधान सुशांत सनिग्रही एवं उप महाप्रबंधक नीरज कुमार सिन्हा से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग करते हुए कहे कि सिक्युरिटी गार्ड के रूप में कार्यरत हम विस्थापित ठेका कामगारों को कार्य से नहीं हटाया जाय। अन्यथा सहपरिवार हमलोग ऐश पौंड परिसर में अनिश्चित कालीन आमरण अनशन आंदोलन शुरू करेंगे। वही इस सम्बंध में केसी कंस्ट्रक्शन के साइड इंचार्ज सह गोविंदपुर ए पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मो.अख्तर अंसारी ने कहे कि पूर्व में इस ठेका कार्य को ठीकेदार आरएस कंस्ट्रक्शन के द्वारा करवाया जा रहा था। परन्तु अब इस कार्य को केसी कंस्ट्रक्शन करवा रही है। कार्य मे लापरवाही बरतने एवं रात्रि पाली ड्यूटी के दौरान सो जाने के कारण पांच कामगारों को कार्य से हटा दिया गया था। और अब सिक्युरिटी गार्ड के इस कार्य में नए विस्थापित एवं स्थानीय बेरोजगारों को रखा गया है। जो बेहतर ड्यूटी कर रहे हैं। जिन्हें हटाने की बात डीवीसी अधिकारी कह रहे हैं। बैठक में कैला तूरी, ओमप्रकाश करमाली, तुलसी महतो, मंजूर अंसारी, मुमताज अंसारी, इमरान अंसारी, यूसूफ अंसारी, मजीद अंसारी आदि सिक्युरिटी गार्ड व अन्य लोग उपस्थित थे।

## जमीन पर गैस पाइपलाइन बिछाने का काम करना बेइमानी: योगेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**ललपनिया।** गोमिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत झिरकी गांव स्थित जीएआइएल कंपनी के द्वारा गैस पाइपलाइन बिछाने में मुआवजा आदि का भुगतान नहीं होने से झिरके गांव के ग्रामीणों में भारी आक्रोश है, इस मुद्दे पर विचार व विमर्श करने हेतू बैठक में ग्रामीणों के अनुरोध पर मंगलवार को गोमिया विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद ने पहुंचे। बैठक के उपरांत ग्रामीणों ने पूर्व विधायक को बताया कि बिना मुआवजा का भुगतान किए जीएआइएल कंपनी पाइप बिछा रही है। जो न्यायसंगत नहीं है। बताया कि कंपनी कहती है कि गैर मजरूआ आदि जमीन पर पाइप बिछाया जा रहा है। जो कि सही नहीं है। जहां पूर्व विधायक ने ग्रामीणों से कहा कि आपके समस्या का निराकरण कराया जायेगा। जमीन के संदेहास्पद होने की बात कहकर पाइपलाइन बिछाने का काम करना बेमानी है। उन्होंने कहाकि जबतक एलपीसी निर्गत नहीं हो जाता और राज्य सरकार से एनओसी नहीं मिल जाता तब तक कंपनी को इंतजार करना चाहिए। इधर ग्रामीणों ने कहा है कि जमीनसे संबंधित स्पष्टता होने तक हमलोग काम नहीं होने देंगे।

## फांसी लगाकर युवक ने आत्महत्या की

**चतरोचट्टी।** गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के बड़की सीधाबारा गांव के 42 वर्षीय युवक रामचन्द्र महतो ने फांसी के फंदे से झुलकर आत्महत्या कर ली। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि सुबह जब उसके कमरे को खटखटाया तो कमरा नहीं खुलने पर दरबाजा को तोड़ा गया तो रामचंद्र महतो का शव उसके कमरे में फांसी के फंदे पर झूलता मिला। जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर सदलबल पहुंची और शव को अटने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए तेनुघाट भेज दिया। जब रामचंद्र महतो ने आवाज नहीं दिया तो कमरे का दरवाजा तोड़ा गया।दरवाजा खुला तो देखा कि शव फंदे पर झूल रहा है। आनन फानन में उसे नीचे उतारा गया।

झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग)
कार्यालय-प्राचार्य, सहकारिता प्रशिक्षण केन्द्र, राँची

अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा सूचना संख्या–02/2022–2023

प्राचार्य, सहकारिता प्रशिक्षण केन्द्र, राँची द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागियों हेतू प्रिंटिंग एवं स्टेशनरी से संबंधित सामग्री आपूर्ति हेतू प्रतिष्ठित आपूर्तिकर्ताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा दिनांक–02/09/2022(शुक्रवार) को अपराह्न 05 (पाँच) बजे तक कार्यालय, सहकारिता प्रशिक्षण केन्द्र, गुंगूटोली, राँची में आमंत्रित की जाती हैतथा इस आमंत्रित निविदा को दिनांक 03/09/2022(शनिवार)को 11:30 बजे पुर्वाह्न मे खोली जायेगी।

PR 274775 CO-OPERATIVE(22–23)D

नोटः– निविदा की शर्तें एवं सामग्री आपूर्ति की सूची www.prdjharkhand.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्राचार्य,
सहकारिता प्रशिक्षण केन्द्र, राँची।

PR.NO.276232 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(22-23):D

कार्यालय, जिला परिषद सिमडेगा

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 02/2022-23

जिला परिषद सिमडेगा में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदकों से दो लिफाफा पद्धति अंतर्गत मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। जो अंततः लोक निर्माण विभाग के प्रपत्र एफ–2 एकरानामा में वर्णित शर्तों के साथ अंकित की जायेगी।

1 विभाग का नाम :– जिला परिषद सिमडेगा
2 विज्ञापन दाता का नाम :– उप विकास आयुक्त –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, सिमडेगा।
3 परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– 07.09.2022 (कार्यालय अवधि में अपराह्न 2:00 बजे तक)
4 निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– 09.09.2022 (पूर्वाह्न 11.00 बजे से 1:30 बजे अपराह्न तक)
5 निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 09.09.2022 (अपराह्न 2:30 बजे)
6 परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– कार्यालय, जिला परिषद, सिमडेगा।
7 निविदा प्राप्ति एवं निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय, जिला परिषद, सिमडेगा।
8 कार्य विवरणी :–

| ग्रुप/क्र0सं0 | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | कुल प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रु0) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पाकरटांड | प्रखण्ड पाकरटांड के ग्राम सिकरियाटांड अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र (HSC) निर्माण कार्य । | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | 12 माह |
| 2 | बानो | प्रखण्ड बानो के ग्राम चौंदसाय अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र (HSC) निर्माण कार्य । | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | 12 माह |
| 3 | केरसई | प्रखण्ड केरसई के ग्राम ठेसुटोली अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र (HSC) निर्माण कार्य । | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | 12 माह |
| 4 | सिमडेगा | प्रखण्ड सिमडेगा के ग्राम काटुकोना अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र (HSC) निर्माण कार्य । | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | 12 माह |

निविदा शर्तें www.simdega.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, सिमडेगा के सूचना पट्ट में देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, सिमडेगा

PR 276227 Rural Development(22-23).D

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेन्टर, कोडरमा

"भर्त्ती कैम्प, दिनांक : 27.08.2022"

–: सूचना :–

जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, कोडरमा कार्यालय के द्वारा दिनांक : 27.08.2022 को जिला नियोजनालय, कोडरमा कार्यालय परिसर में पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक एक दिवसीय "भर्त्ती कैम्प" का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निम्नलिखित प्रतिश्ठानों ने अपनी उपस्थिति की सहमति जताई है, जिसका विवरण निम्न प्रकार है :–

| S. N | Name of the Establishment & Address | Name of the Post | No of Post | Qualification | | Age | Pay & Allow. | Experience | Work Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Essential | Desirable | | | | |
| 01 | HAND IN HAND INDIA, Dr. P.Kumar Clinic, Shivam Construction, JMT, Koderma | Asst. Project Manager | 01 | MSW | MA (Social Science) | No Bar | Rs. 20,000-25,000 | Three yrs. Exp. in NGO/TRUST | Koderma |
| | | Social Security co-ordinator | 03 | BSW | BA (Social Science) | No Bar | Rs. 13,000-15,000 | One yr. Exp. in NGO/TRUST | Koderma |
| | | MIS Documentation Officer | 01 | B.Sc Computer | BA (Social Science) | No Bar | Rs. 15,000-20,000 | One yr. Exp. in Data Management | Koderma |
| 02 | CreditAccess Grameen Ltd. H/O Laleswar Mahto, 2nd Floor, Ring Road, Ranchi | Trainee Kendra Manager | 30 | 12th | 12th, ITI, Graduation | 19 to 29 yrs. | Rs. 11,525/- (CTC) + other allowances | Only Fresher | Jharkhand |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से किसी भी नियोजनालय में निबंधित नहीं है, वे जिला नियोजनालय, कोडरमा में अथवा www.rojgar.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त "भर्त्ती कैम्प" में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षातकार हेतु उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप नहीं होगा। कोविड–19 हेतु निर्गत दिशा निर्देशों/SOPका दृढ़तापूर्वक अनुपालन किया जाना आवश्यक है। अतः सामाजिक दूरी का पालन, फेस मास्क, सेनिटाइजर एवं ग्लब्स इत्यादि का उपयोग करेंगे। इस निमित किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

ह0/
जिला नियोजन पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR.NO.276184 Labour Employment and Traning(22-23):D

# चास अनुमंडल क्षेत्र के सभी बीडीओ-सीओ एमओ, पंचायतों के मुखिया हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील सिटी के सिटी कॉलेज सभागार में झारखंड राज्य खाद्य आयोग के चेयरमैन हिमांशु शेखर चौधरी ने मंगलवार को चास अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के मुखियाओं के साथ संवाद किया। मौके पर हिमांशु शेखर चौधरी ने मुखियाओं के दायित्व/जिम्मेवारी से उन्हें क्रमवार अवगत कराया। समाज व राज्य के विकास में उनकी क्या भूमिका है इसके संबंध में उन्हें विस्तार से बताया। कहा कि कोई भी इमारत तभी मजबूत हो सकती है, जब उसका नीव मजबूत होगा। मुखिया भी समाज की नीव है, जब तक समाज मजबूत नहीं होगा,तब तक कोई राज्य मजबूत नहीं हो सकता। राज्य सरकार योजनाओं प्रावधानों को लागू कर सकता है, उसका अनुपालन, लाभुकों तक उसकी पहुंच को सुनिश्चित करना पदाधिकारियों एवं कर्मियों का दायित्व है। इसमें पंचायत प्रतिनिधियों मुखियाओं का भी अहम भूमिका है। नीचले स्तर पर इसकी निगरानी करना मुखिया की जिम्मेवारी है। चौधरी ने कहा कि आप सभी को समझना होगा कि आप अब केवल शिकायत करने वाले नहीं रहें, शिकायत का समाधान करने वाले बन गए हैं। इस सोच के साथ काम करना होगा। उन्होंने वन राशन वन कार्ड योजना के संबंध में भी बताया। कहा कि यह योजना पूरे भारत में लागू है। आप देश के किसी भी राज्य में जाकर किसी भी डिलर से राशन का उठाव कर सकते हैं। इन योजनाओं के बारे में आम लोगों को जागरूक करें। कई बार जानकारी नहीं होने के कारण योजनाओं का लाभ लोगों को नहीं मिल पाता है।



## डीआरडीओ और नौसेना को मिली सफलता

# चांदीपुर में गुप्त हथियार का सफल परीक्षण

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय नौसेना ने संयुक्त रूप से वर्टिकल लांच शॉट रेंज सरफेस-टू-एयर मिसाइल (वीएल-एसआरएसएएम) का मंगलवार को सफल परीक्षण किया। परीक्षण बालेश्वर चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज से आयोजित किया गया था। जैसी कि उम्मीद थी, मिसाइल ने सही निशाने पर निशाना साधा। मिसाइल अपनी गति और मारक क्षमता के लिये जानी जाती है। मिसाइल को स्वदेशी तकनीक का उपयोग कर-के बनाया गया है। इसकी रफ्तार इतनी तेज होती है कि दुश्मन का रडार भी इसका पता नहीं लगा पाता। मिसाइल एक स्वदेशी रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर से लैस है, जो इसकी लक्ष्यीकरण क्षमता को और बढ़ाता है। यह रडार से बचने वाले विमान, ड्रोन, मिसाइल या हेलीकॉप्टर जैसे कम उड़ान वाले लक्ष्यों को नष्ट करने में सक्षम है। यानी भारत को दुश्मन देश से इस तरह नहीं हराया जा सकता। भारतीय मिसाइलें पलक झपकते ही दुश्मन के ठिकानों को तबाह



कर देंगी। भारत का यह रहस्यमय हत्यारा बेहद घातक है। पुणे और हैदराबाद में डीआइएआरडीओ की प्रयोगशालाओं ने इस मिसाइल के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मिसाइल का परीक्षण किया जा रहा है ताकि बराक-1 मिसाइल को भारतीय युद्धपोतों से हटाया जा सके। बराक-1 मिसाइल को संयुक्त रूप से इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज और राफेल एडवांस्ड डिफेंस द्वारा विकसित किया गया था। वीएल-एसआरएसएएम मिसाइल का आज परीक्षण किया गया जिसकी मारक क्षमता 25 से 30 किलोमीटर है। यह अधिकतम 12 किमी की ऊंचाई तक पहुंच सकता है। इसकी गति बराक-1 से दोगुनी है। यह म्याक 4.5 यानी 5556.6 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उडाण भर सकता है। इसे किसी भी युद्धपोत से लांच किया जा सकता है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष ने सफल उड़ान परीक्षण में शामिल टीमों को बधाई दी और कहा कि परीक्षण ने हथियार प्रणाली की प्रभावशीलता को साबित कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह समुद्री-स्किमिंग लक्ष्यों सहित निकट सीमा पर विभिन्न हवाई खतरों को बेअसर करने के लिए भारतीय नौसेना को और मजबूत करेगा।

# कोयला ग्रेड अनुरूपता में सुधार के लिए एमसीएल प्रयासरत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**संबलपुर।** आरके राजु, महाप्रबंधक (गुणवत्ता) की अध्यक्षता में आयोजित गुणवत्ता नियंत्रण समंवय बैठक में उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त कोयला पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये बल दिया गया एवं कोयला ग्रेड अनुरूपता में सुधार, शत प्रतिशत साइज्ड कोयला प्रेषण तथा यथाशीघ्र क्रेडिट/डेबिट नोट जारी करने आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई। सभी क्षेत्रीय गुणवत्ता प्रबंधकों तथा गुणवत्ता नियंत्रण विभाग के सभी अधिकारियों उक्त बैठक में उपस्थित थे। उक्त बैठक में उपभोक्ताओं को गुणवत्ता युक्त कोयला प्रेषण सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। गुणवत्ता नियंत्रण में लगे कर्मचारियों को भी कोयले की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर उनके अहम योगदान के लिए महाप्रबंधक (गुणवत्ता नियंत्रण) द्वारा सम्मानित किया गया। उक्त बैठक में एनके पराशर, वरिष्ठ प्रबंधक, गुणवत्ता नियंत्रण विभाग, एमसीएल द्वारा आभार प्रकट करने के पश्चात कार्यक्रम संपन्न हुई। देश की अग्रणी कोयला उत्पादक कंपनी एमसीएल ने हाल ही में कोयला मंत्री पुरस्कार 2021-22 में गुणवत्ता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इससे पहले कोल इंडिया स्थापना दिवस के अवसर पर कोयला गुणवत्ता आश्वासन और गुणवत्ता जागरूकता में उत्कृष्टता के लिए प्रथम पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था।




























## पूर्व मध्य रेल

### ई–निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबन्धक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

**ई–निविदा सं: ईएल/16/खुली/2022–23**

**क्र.सं. 1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** (I) डीएफसीसीआईएल संरेखण के कारण बंधुआ से गोमो में उपयोगिता स्थानांतरण के संबंध में वारंटी के बाद 3 साल की एएमसी के साथ कोडरमा में लिफ्टों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमशीनिंग (II) स्टेशनों पर 10 लिफ्टों के प्रावधान @2 लिफ्ट प्रति स्टेशन (धनबाद, गोमो, पारसनाथ, डाल्टनगंज, सिंगरौली) का शेष कार्य। (कार्य समापन अवधिःछः माह)। **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू. 1,11,85,470.00 **3. बिड सिक्युरिटी:** रू. 2,05,900.00 **4. ई निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय :** ई–निविदा बंद होने की तिथि दिनांक 15.09.2022 को 11:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तिथि दिनांक 15.09.2022 को 11:00 बजे के बाद। **5. वेबसाईट का विवरण : www.ireps.gov.in.** ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/00893/डीएचएन/ईजेन/टी/22–23/32

## पूर्व मध्य रेल

### ई. निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्र.सं.1. ई–निविदा सं.: पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीईएन– 46–22–23 एकल पैकेट सिस्टम.**
**कार्य का नाम :** टोरी–चतरा कस्थ/परैया (गया के पास) नई लाइन तिउरा पिपराडीह रोहतासगढ़ किला देहरी ऑन–सॉन नई लाइन और नवीननगर पावन जेनरेशन प्लांट (एनटीपीसी) अंकोरा के लिए बल्ब लाईन पर अंतिम स्थान सर्वेक्षण (एफएलएस) और मिट्टी जाँच का कार्य। **अंकलित मूल्य (रू) :** 3,47,45,355.23। **अग्रधन राशि (रू) :** 3,23,700.00 **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 12 (बारह) महीने

**क्र.सं.2. ई–निविदा सं.: पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीईएन– 47–22–23 एकल पैकेट सिस्टम.**
**कार्य का नाम :** पूर्व मध्य रेलवे के दानापुर मंडल के अधीन तिलैया राजगीर बख्तियारपुर दोहरीकरण (96 किमी) के लिए पुल/अन्य संरचना के लिए अंतिम स्थान सर्वेक्षण (एफएलएस) तथा मिट्टी जाँच का कार्य। **अंकलित मूल्य (रू) :** 1,84,98,005.94। **अग्रधन राशि (रू) :** 2,42,500.00 **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 12 (बारह) महीने. **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 08.09.2022, 15:30 बजे। ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (firm's) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाईट : http://www. ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **द्रष्टव्य :** निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याषित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाईट http://www. ireps.gov.in का अवलोकन करें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण
पूर्व मध्य रेल, महेन्द्रूघाट, पटना

पीआर/00891/कॉन/ईम्जी./ टी/22–23/56

## शारदा महेश शमिष्ठा देव डिग्री महाविद्यालय
### अधौरा, नगर उटारी, गढ़वा (झारखंड)

### आवश्यकता

निम्नांकित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमांत्रित किये जाते है।
**व्याख्याता :-** अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, भूगोल, हिन्दी, इतिहास, गृह विज्ञान, दर्शनशास्त्र, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, संस्कृत, उर्दू, मनोविज्ञान, गणित में एक -एक पद

| | | | |
|---|---|---|---|
| **वाणिज्य** | - | **2 पदों पर** | **शैक्षणिक योग्याता** |
| लिपिक | - | 3 | व्याख्याताओं के लिए संबंधित |
| लेखापाल | - | 1 | विषयों के स्नातकोतर 55% |
| आदेशपाल | - | 2 | से एवं UGC के मापडंडों के अनुसार |
| | | | **लेखापाल-** वाणिज्य से स्नातक एवं कम्प्यूटर |
| | | | **लिपिक -** स्नातक, आदेशपाल मैट्रिक |

अभ्यर्थी आवेदन एवं सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की छाया प्रति के साथ 700 (सात सौ) का डिमांड ड्राफ्ट Secretary S.M.D. Degree College Payble at Nagar Utari के नाम से बना कर दिनांक -07/09/2022 तक महाविद्यालय में जमा करें साक्षातकार हेतु दिनांक - 15/09/2022 को महाविद्यालय में अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ प्रातः 09:00 बजे उपस्थित रहें।

शारदा महेश शमिष्ठ देव डिग्री महाविद्यालय
सचिव
शासी निकाय

पत्रांक, SEC/07/22, दिनांक 23/08/2022



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातु, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**